जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -04 ● अंक - 219 ● शनिवार 21 सितम्बर 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

## रूस और पाकिस्तान में दोस्ती, भारत के लिए टेंशन

● पुतिन का महाकॉरिडोर प्लान, हिंद महासागर तक होगी सीधी पहुंच

**मास्को (एजेंसी)।** पाकिस्तान और रूस तथा बेलारूस के बीच रिश्ते और ज्यादा मजबूत होने जा रहे हैं। पाकिस्तान अब सीधे रूस और बेलारूस से सड़क मार्ग से जुड़ने जा रहा है। यह मल्टी मॉडल कॉरीडोर बेलारूस, रूस, कजाखस्तान, उज्बेकिस्तान, अफगानिस्तान से होते हुए पाकिस्तान तक पहुंचेगा। इससे रूस आगे चलकर पाकिस्तान के रास्ते सीधे हिंद महासागर के बंदरगाहों से जुड़ जाएगा। पाकिस्तान इस मल्टीमॉडल कॉरिडोर से



जुड़ गया है। उज्बेकिस्तान के ट्रांसपोर्ट मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। उसने बताया कि इस समझौते के बाद व्यापार, आर्थिक रिश्ते मजबूत हो जाएंगे तथा सामान का इस इलाके में आना जाना आसान हो जाएगा। इस तरह से पाकिस्तान उस इंटरनेशन नार्थ साउथ ट्रांसपोर्ट गलियारे से भी जुड़ जाएगा जो रूस को भारत से जोड़ने जा रहा है। आईएनएसटीसी कुल 7200 किमी लंबा मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क होगा जो भारत को ईरान के रास्ते रूस से रेल, सड़क और जलमार्ग से जोड़ेगा।

## प्रधानमंत्री को बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए: प्रियंका गांधी

● खड़गे की बजाय खुद लेटर लिखते, शिष्टाचार से बढ़कर कोई नहीं होता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जेपी नड्डा के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे गए लेटर की प्रियंका गांधी ने आलोचना की। प्रियंका ने कहा– प्रधानमंत्री की अगर बुजुर्गों का सम्मान करने में आस्था होती तो वह खुद लेटर का जवाब देते। पीएम मोदी ने जेपी नड्डा से लेटर भिजवाकर उनका अपमान किया। आखिर 82 साल के एक सीनियर लीडर को नीचा दिखाने की क्या जरूरत थी। यह लेटर विवाद 17 सितंबर को शुरु हुआ था। जब



खड़गे ने पीएम मोदी को लेटर लिखकर कहा था कि भाजपा और सहयोगी दलों के नेता लगातार राहुल गांधी के लिए बेहद आपत्तिजनक और हिंसक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। आपसे आग्रह है कि ऐसे नेताओं पर लगाम लगाएं। एक दिन बाद जेपी नड्डा ने भी लेटर लिखकर जवाब दिया। उन्होंने लिखा– जिस व्यक्ति का इतिहास ही देश के प्रधानमंत्री समेत पूरे ओबीसी समुदाय को चोर कहकर गाली देने का रहा हो।

## भारत ने तरेरी आंखें तो गिड़गिड़ाने लगा पाकिस्तान

● सिंधु जल संधि का सम्मान करने का किया आग्रह

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** सिंधु जल संधि की समीक्षा लेकर भारत द्वारा भेजे गए औपचारिक नोटिस का जवाब पाकिस्तान से आ गया है। इस्लामाबाद की तरफ से कहा गया है कि वह इस समझौते को महत्वपूर्ण मानता है और उम्मीद करता है कि भारत भी इसके प्रावधानों का पालन करेगा। दरअसल, पाकिस्तान का यह जवाब भारत के उस नोटिस के बाद आया है जो 30 अगस्त को भेजा गया था। भारत की तरफ से भेजे गए इस नोटिस में 64 साल पुराने समझौते की समीक्षा की मांग की गई थी। इसका कारण भारत ने तब से लेकर अब तक परिस्थितियों में बदलाव और पाकिस्तान द्वारा लगातार फैलाए जा रहे



सीमा पार के आतंकवाद का हवाला दिया था। भारत के नोटिस का जवाब देते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान सिंधु जल संधि को महत्वपूर्ण मानता है और उम्मीद करता है कि भारत भी इसके प्रावधानों का पालन करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सिंधु जल धाराओं का एक तंत्र है और संधि से जुड़े सभी मुद्दों पर इसमें चर्चा की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि संधि से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए कोई भी कदम समझौते के प्रावधानों के तहत ही उठाया जाना चाहिए। पाकिस्तान उस समझौते में संशोधन में रुचि नहीं रखता है।

तिरुपति के लड्डू में एनिमल फैट का मामला गरमाया

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र सरकार से मांगी रिपोर्ट

### मंदिर ने जांच कमेटी बनाई, टीडीपी बोली- फिश ऑयल था



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पिछली सरकार के मुखिया जगन मोहन रेड्डी पर आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में तिरुपति मंदिर में प्रसाद के लिए बनाए जाने वाले लड्डुओं में इस्तेमाल होने वाले घी में जानवरों की चर्बी मिली। इसको लेकर पूरे देश में बवाल मच गया। टीडीपी ने इसे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया, तो वहीं बढ़ते विवाद के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि उन्होंने इस मुद्दे पर चंद्रबाबू नायडू से जानकारी मांगी है। दरअसल, तिरुपति प्रसादम विवाद पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, इस बारे में जानकारी मिलने के बाद मैंने आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू से बात की और उनसे विस्तृत जानकारी ली। मैंने उनसे उपलब्ध रिपोर्ट साझा करने को कहा है ताकि मैं इसकी जांच कर सकूं। मैं राज्य नियामकों से भी बात करूंगा और इसकी जांच करूंगा। खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मैंने रिपोर्ट



मांगी है और हम इसकी जांच करेंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि इस घी की कीमत 20,000 करोड़ रुपये है और इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। पिछली सरकार ने श्रीजा से घी नहीं खरीदा, जो दुनिया की सबसे बड़ी महिला स्वामित्व वाली संस्था है। सीबीआई को इसकी जांच करनी चाहिए कि घी किस कीमत पर खरीदा गया और चर्बी युक्त घी क्यों खरीदा गया। इसके अलावा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि हिंदू समुदाय के साथ घोर अन्याय है।

# 200 दिन में 30 लाख करोड़ की योजनाओं की प्लानिंग

### मोदी 3.0 के अगले 100 दिन होंगे और 'खास', बड़ी तैयारी

15 लाख करोड़ की योजनाएं फिर होंगी शुरू, बन गया प्लान

नई दिल्ली (एजेंसी)। मोदी 3.0 यानी मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में 15 लाख करोड़ की योजनाओं की शुरुआत हुई। अब अगले 100 दिन में फिर इतनी ही राशि की योजनाओं की शुरुआत होगी। यानी 200 दिन में 30 लाख करोड़ योजनाओं पर खर्च करने का खाका तैयार किया गया है। पीएमओ के सूत्रों का कहना है, हर मंत्रालय से बड़े पैमाने पर योजनाओं पर खर्च करने को कहा गया है। ज्यादा पैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर व किसानों-गरीबों पर खर्च होंगे। हॉस्पिटैलिटी, टूरिज्म, आदिवासी रेल कॉरिडोर, लखपति दीदी, साइबर और मरीन यूनिवर्सिटी की स्थापना, न्यू मेडिकल कॉलेज और तकनीकी एजुकेशन हब जैसी मदों पर भी अगले 100 दिन में बड़े पैमाने पर खर्च होंगे। दुबई का 'भारत मार्ट' गेमचेंजर, यहां उद्यमियों को टैक्स नहीं देना होगा एक सेक्रेटरी का कहना है



कि पोर्ट कनेक्टिविटी, नए एयरपोर्ट, ईवी, सेमीकंडक्टर, सड़क, वाटर एयरपोर्ट, एग्रीकल्चर एंड एग्री प्रोडक्ट्स, हेल्थ, एजुकेशन और हॉस्पिटेलिटी सेगमेंट के लिए अगले 100 दिनों में नई घोषणाएं होंगी। सूत्रों के मुताबिक, इसका उद्देश्य तेज आर्थिक विकास और विदेशी इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देना है। दुनियाभर के इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में इन्वेस्टर बड़े निवेश के लिए संभावित जगह तलाश रहे हैं। वे इन्वेस्टमेंट वहीं करना चाहते हैं, जहां विकास कार्य तेजी से चल रहा हो। इसीलिए 100 दिनों में जो 15 हजार करोड़ की योजनाएं शुरू हुई हैं, उसे अगले 100 दिन तक और जारी रखना जरूरी है। पीएमओ से जुड़े एक अधिकारी का कहना है कि सभी मंत्रालयों से कहा गया है कि वे न्यू आइडिया पर काम कर योजना तैयार करें और उसकी मंजूरी लें।

## हरियाणा में 'लाडली वोटर' पर भाजपा-कांग्रेस मेहरबान

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों का घोषणापत्र सामने आ चुका है। दोनों पार्टियों ने महिला वोटरों को लुभाने के लिए जमकर वादे किए हैं। इसमें महिलाओं को तमाम तरह के फायदे पहुंचाने की बात कही गई है।



अन्य वर्गों के लिए भी घोषणाओं की भरमार है, लेकिन महिला वोटरों पर फोकस ज्यादा है। इसमें महिलाओं को मासिक भत्ता देने का ऐलान सबसे खास है। जहां भाजपा ने लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपए देने की बात कही है। वहीं, कांग्रेस भी बहुत पीछे नहीं है। कांग्रेस ने महिलाओं के लिए दो हजार रुपए मासिक भत्ते का ऐलान किया है।

## सुप्रीम कोर्ट को पसंद नहीं आई 'एचसी' के जज साहब की बात

● पाकिस्तान वाली टिप्पणी पर जमकर भड़का, रिपोर्ट भी की तलब

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु को मुस्लिम बहुल इलाके को पाकिस्तान कहने वाले हाईकोर्ट के जज वी श्रीशानंद की टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट को पसंद नहीं आई है। खबर है कि शीर्ष न्यायालय ने इस संबंध में कर्नाटक हाईकोर्ट से रिपोर्ट भी तलब की है। एपेक्स कोर्ट का कहना है कि अदालत में न्यायाधीशों की तरफ से की जाने वाली टिप्पणियों के लिए दिशानिर्देशों की जरूरत है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच जजों की बेंच ने माना है कि टिप्पणियों के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देशों की जरूरत है। बेंच में जस्टिस एस खन्ना, जस्टिस बीआर गवाई, जस्टिस एस कांत, जस्टिस एच रॉय शामिल थे। शीर्ष न्यायालय का कहना है कि जब अदालत की कार्यवाही पर सोशल मीडिया की



नजर है, तो यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि न्यायिक टिप्पणियां डेकोरम के अनुरूप हों। शीर्ष न्यायालय ने कहा, कर्नाटक हाईकोर्ट के जज जस्टिस वी श्रीशानंद की तरफ से की गई कुछ टिप्पणियों को हमारी जानकारी में लाया गया है। हम एजी और एसजी से हमारा सहयोग करने के लिए कहते हैं।

# आज से बंगाल के सरकारी अस्पतालों में बहाल होंगी सेवाएं

● मान गए प्रदर्शनकारी डॉक्टर, इमरजेंसी ड्यूटी पर लौटने का ऐलान ● आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष का रजिस्ट्रेशन हुआ रद्द

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप और मर्डर मामले के बाद प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर्स ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया है। डॉक्टर्स कल शनिवार से काम पर वापस लौटेंगे। हालांकि, अभी इमरजेंसी सेवाएं ही खुलेंगी, जबकि ओपीडी सेवाएं चालू नहीं होंगी। जूनियर डॉक्टर्स 9 अगस्त की रेप की घटना के बाद से ही विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार से कोलकाता पुलिस कमिश्नर को हटाए जाने समेत पांच मांगें रखी थीं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद डॉक्टर्स की ज्यादातर मांगों को मान लिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने भी मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए डॉक्टर्स से काम पर वापस लौटने के लिए कहा था। आंदोलनकारी डॉक्टरों ने कहा, शनिवार से बंगाल के सरकारी अस्पतालों में आपातकालीन,



आवश्यक सेवाएं आंशिक रूप से बहाल होंगी। बंगाल में बाढ़ प्रभावित लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा, न्याय के लिए हमारी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों में से एक डॉ. अकीब ने कहा कि वे विरोध को अलग तरीके से लेंगे। विरोध के 41वें दिन, उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट यह कहना चाहता है कि हमने अपने आंदोलन के दौरान बहुत कुछ हासिल किया है, लेकिन कई चीजें अभी भी हासिल नहीं हुई हैं... हमने कोलकाता के पुलिस आयुक्त और डीएमई, डीएचएस को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आंदोलन खत्म हो गया है। हम इसे नए तरीके से आगे बढ़ाएंगे। अकीब ने कहा, हम अभी भी मांग करते हैं कि प्रमुख सचिव को हटाया जाए। गुरुवार को ही पश्चिम बंगाल सरकार ने डॉक्टरों की सुरक्षा और कुशल कामकाज पर निर्देशों की एक सूची जारी करते हुए कहा है कि इन्हें तुरंत लागू करने की जरूरत है। ये निर्देश सरकार द्वारा इन्हीं मुद्दों पर आंदोलनरत कनिष्ठ चिकित्सकों के साथ बैठक के एक दिन बाद जारी किए गए हैं। मुख्य सचिव मनोज पंत द्वारा प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य) एन एस निगम को भेजे गए दो पृष्ठों के पत्र में, स्वास्थ्य केंद्रों में ड्यूटी कक्ष, शौचालय सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता की आवश्यकता का उल्लेख है।

## पेजर, वॉकी-टॉकी के बाद अब की धमाकेदार एयरस्ट्राइक

● इजराइल ने लेबनान पर किए 70 से ज्यादा हमले, दहशत का माहौल ● हिजबुल्लाह के 1000 रॉकेट बैरल तबाह, हथियार डिपो भी बर्बाद हुआ

**बेरूत (एजेंसी)।** लेबनान में पिछले तीन दिन से पेजर, वॉकी-टॉकी और फिर सोलर एनर्जी सिस्टम में धमाकों के बाद इजराइल ने गुरुवार रात दक्षिणी लेबनान में 70 हवाई हमले किए। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक गाजा युद्ध शुरू होने के बाद इजराइल का लेबनान पर यह सबसे बड़ा हमला है। इजराइल डिफेंस फोर्स ने कहा कि उन्होंने लेबनान में हिजबुल्लाह के 100 से ज्यादा रॉकेट लॉन्चर्स पर हमला कर उन्हें बर्बाद कर दिया है। इनमें 1000 रॉकेट बैरल तबाह हो गए। आईडीएफ ने कहा कि हिजबुल्लाह इन हथियारों से इजराइल पर हमले की तैयारी में था। इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह की कई इमारतों और एक हथियार डिपो को भी तबाह करने का दावा किया। इससे पहले लेबनान में 17-18 सितंबर को पेजर और वॉकी-टॉकी में धमाके हुए थे। इनमें 37 लोगों की मौत हो गई थी और 2300 लोग घायल हुए थे। लेबनान और हिजबुल्लाह ने इन हमलों के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। आईडीएफ की सलाह- बम शेल्टरों के करीब रहें इजराइली नागरिक



हमले के बाद आईडीएफ ने नॉर्थ इजराइल में रह रहे नागरिकों के लिए गाइडलाइन भी जारी की है। इसमें उनसे बम शेल्टरों के करीब रहने के लिए कहा गया है। इसके अलावा इजराइली नागरिकों को बिना जरूरत सार्वजनिक जगहों पर इकट्ठा न होने की सलाह दी गई है।

## महाराष्ट्र के नंदुरबार में धार्मिक जुलूस पर पथराव

● उपद्रवियों ने घर-गाड़ियों में आग लगाई, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नंदुरबार में धार्मिक जुलूस के दौरान दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। नंदुरबार पुलिस ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 3 बजे मालीवाड़ा इलाके में एक धार्मिक जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने जुलूस निकालने वाले लोगों के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद दोनों गुटों में धक्का-मुक्की के बाद पथराव होने लगा। कुछ युवकों ने एक घर में आग लगा दी। उन्होंने एलपीजी सिलेंडरों को भी जलाने की कोशिश की। कुछ वाहनों में भी आग लगाई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर भी पथराव किया। पुलिस ने बताया कि पथराव में दो अधिकारी और पांच कांस्टेबल सहित 7 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। धुले से जवानों को बुलाया गया है। स्थिति देर रात तक नियंत्रण में आ गई है। संदिग्धों को हिरासत में लिया जा रहा है। केस दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। 18 सितंबर को कर्नाटक के दावणगेरे में 3 मिनट तक पथराव कर्नाटक के दावणगेरे में 18 सितंबर को गणेश विसर्जन जुलूस पर पथराव हुआ। पत्थरबाजी करीब 3 मिनट तक चली, जिसके बाद दोनों समुदायों के कुछ लोगों ने समझाइश देकर हालात संभाले। दवणगेरे पुलिस के मुताबिक वेंकटभावी गणेश विसर्जन जुलूस जब चामराज पेट सर्कल के पास पहुंचा तब सोशल मीडिया पर हुई आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर विवाद हुआ।

## विस चुनाव के बीच अचानक हरियाणा पहुंचे राहुल गांधी

● अमेरिका में घायल हुए युवक के परिजन से मिले, परिवार से वीडियो कॉल का वादा निभाया

**करनाल (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच शुक्रवार को अचानक तड़के राहुल गांधी करनाल पहुंचे। यहां उन्होंने एक



युवक के परिवार से मुलाकात की, जिससे वह अपने अमेरिका दौरे के दौरान मिले थे। इतना ही नहीं, राहुल ने युवक के घर पहुंचकर उसे अमेरिका में वीडियो कॉल कर सबूत भी दिया। राहुल गांधी करनाल जिले के घोघड़ीपुर गांव में सुबह करीब साढ़े 5 बजे अचानक पहुंचे। राहुल के इस दौरे के बारे में न तो स्थानीय कांग्रेस नेताओं को सूचना थी, और न ही पुलिस प्रशासन को। वह इतनी सुबह अचानक पहुंचे कि सभी दंग रह गए। बात दें कि अमेरिका दौरे के दौरान राहुल गांधी की मुलाकात अमित कुमार नाम के एक लड़के से हुई थी। वह घोघड़ीपुर गांव का ही रहने वाला है। अमित का कुछ समय पहले अमेरिका में एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद वह अस्पताल में ही भर्ती है। अमेरिका में मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने अमित से वादा किया था कि वह जब वापस भारत जाएंगे तो उसके घरवालों से जरूर मिलकर आएंगे और युवक से वहां पहुंचकर वीडियो कॉलिंग भी करेंगे। राहुल गांधी अपने वादे के अनुसार आज सुबह घोघड़ीपुर में अमित कुमार के घर पहुंच गए। वहां वह अमित की मां बीरमती और पिता बीर सिंह से मिले।

# रांची को कृषि शिक्षा एवं शोध का प्रमुख केंद्र और न्यूनत्तम उत्पादन मूल्य बढ़ाने का प्रयास करेंगे : शिवराज

संवाददाता

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह में शुक्रवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रांची को कृषि शिक्षा एवं शोध का प्रमुख केंद्र बनाएंगे। न्यूनत्तम मूल्य भी बढ़ाने का प्रयास करेंगे, जितनी लागत आता है, उसमें 50 प्रतिशत जोड़कर ही न्यूनत्तम प्रोडक्शन मूल्य दिया जाएगा। इस साल से 1500 से नहीं पांच हजार किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों की आय दुगुनी करना चाहते हैं। कृषि में उत्पादन बढ़ाना, घाटा कम करने, केवल धान, गेंहू से काम नहीं चलेगा। हमें दूसरे खेती में जाना होगा। आज भी हम लाह में 400 करोड़ का निर्यात करते हैं। आज ऐसी महिलाएं है जो लाख-लाख रुपये कमा रही हैं। हमारी आय बढ़ाने के लिए लाह अहम है। पलास्टिक से बचने के लिए भी इसका उत्पादन जरूरी है। उन्होंने कहा कि लाह के माध्यम से भी लखपति दीदी बनायी जा सकती है। हमारा लक्ष्य है कि लाह का उत्पादन दुगुनी हो जाए। यह वनोत्पाद है। इसलिए कृषि विभाग के अधीन में आता है। मेरा प्रयास होगा कि लाह का खेती कृषि विभाग के तहत आ जाए, ताकि कृषि विभाग का योजनाओं का लाभ इस खेती को मिल सके। कलस्टर आधारित प्रोसेसिंग का प्रयास करेंगे।




**40 लाख आदिवासी परिवार लाह की खेती से जुड़कर आर्थिक सबल बन रहे हैं : कृषि राज्य मंत्री**

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी ने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र में लाह की खेती भरण-पोषण करते हैं। करीब 40 लाख परिवार इस खेती से जुड़े हैं। हर क्षेत्र में अन्नदाता रात-दिन मेहनत करता है। जब अन्नदाता के घर में खुशहाली आता है तब हमें खुशी होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों में खुशी लाने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं। चाहे एमएसपी बढ़ाने का मसला हो या फिर आय दुगुनी करने का। यह गौरव की बात है कि यह संस्थान शताब्दी वर्ष मना रहा है। पहले यह लाह संस्थान ही था लेकिन प्रधानमंत्री इस संस्थान को और आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

**खादी बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए लाह खेती से बिचौलिए को खत्म किया : संजय सेठ**

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि किसी भी संस्था का सौ साल होना इस पावर अवसर पर भारत की राष्ट्रपति का शामिल होना, गौरव की बात है। यह किसानों को हौसला देना है। प्रकृति ने हमें हरा-भरा संपदा दिया। लाह पलास्टिक का विकल्प है। यह गौरव की बात है कि देश का 55 प्रतिशत लाह की खेती झारखंड में होता है। 400 करोड़ का एक्सपोर्ट होता है। लाह पहले 100 में बिकता था, वही लाह बड़े-बड़े व्यापरी उसे 700-800 रुपये में बेचता है। हमने खादी बोर्ड के अध्यक्ष रहते हुए बिचौलियों को खत्म किया। लाह से हम लखपतिया दीदी बना रहे हैं। पत्तल में लाह का कोटिक कर दिया जाए तो वह नुकसान देह नहीं होगा।

**देश में कुल उत्पादन का 55 प्रतिशत लाह का उत्पान झारखंड से होता है : हिमांशु पाठक**

संस्थान महानिदेशक हिमांशु पाठक ने कहा कि देश में कुल लाह उत्पादन का 55 प्रतिशत झारखंड से होता है। इसके बाद ही अन्य राज्य का योगदान है। इस संस्थान से 10 लाख से अधिक किसानों ने प्रशिक्षण लिया और अपना आय बढ़ाया। लाह के उत्पादन में हमारा देश नंबर वन है। हमारा संस्थान सेंकेडरी कृषि को बढ़ावा दे रहा है। अगले तीन वर्षों में यह देश न केवल विकाशील, बल्कि विकसित देश रहेगा। इसमें हमारे संस्थान को जो सहयोग रहेगा, जरूर करेगा। निदेशक डॉ. श्याम नारायण झा ने कहा कि इस संस्थान को चिरंजीवी बनाने में सभी के सहयोग की जरूरत है। समय-समय पर इस संस्थान का नाम बदला गया। कुल चार बार इस संस्थान का नाम बदला गया है, जिसका मुख्य कारण रहा इसके जरिए कृषि में उत्तोतर विकास।

## चैंबर चुनाव में 3909 वोटर लेंगे चुनाव में भाग, 35 उम्मीदवार मैदान में




संवाददाता

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के सत्र 2024-25 का चुनाव 22 सितंबर को गुरुनानक स्कूल के हॉल में होगा। चुनाव पदाधिकारियों ने बताया कि 21 सितंबर को चैंबर भवन में चैंबर की 60वीं वार्षिक आमसभा में बतौर मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी उपस्थिति रहेंगी। मतदान के उपरांत देर रात्रि तक मतगणना और रिजल्ट की घोषणा रविवार को ही की जाएगी। मतगणना के रिजल्ट से असंतुष्ट प्रत्याशी पुर्नमतगणना शुल्क के साथ 23 सितंबर को दोपहर दो बजे तक पुर्नमतगणना की अपील कर सकते हैं। मतदान सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक होगा। पांच बजे तक कतार में खडे होनेवाले मतदाता मतदान दे सकेंगे। इस बार कुल 3909 मतदाता चैंबर के चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे। मतदाता सूचि के अनुसार कुल 83 सम्बद्ध संस्थाएं हैं। सम्बद्ध संस्थाओं को दो वोट देने का अधिकार है। अन्य सभी मतदाताओं को एक वोट देने का अधिकार है। कार्यकारिणी समिति के लिए चुनाव में कुल 35 उम्मीदवार हैं। प्रत्येक मतदाता को 21 उम्मीदवार का चयन करना है। कार्यकारिणी समिति के साथ ही पलामू प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव भी रविवार को ही मतदान स्थल पर होगा।

# किसानों के बारे में केंद्र और राज्य दोनों को सोचने की आवश्यकता : मुख्यमंत्री






संवाददाता

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह में शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छह वर्षों तक इस राज्य का मार्गदर्शन किया और आज देश को नई दिशा दिखा रही हैं। सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन ने कहा कि किसानों को हमने सदियों से सिर आंखों पर रखा है। जय जवान जय किसान जैसे नारे देश में गूंजे हैं लेकिन किसान कितना मेहनत करता है, कितना जद्दोजहद करता है, ग्रामीण क्षेत्रों में किसान से पूछा जाए तो पता चलता है। आज जिस तरह से पर्यावरण में परिवर्तन है, जिस तरह से कभी कम बारिश, कभी ज्यादा बारिश, कभी सुखाड़ जैसी स्थिति है। सौ सालों में यदि हम किसानों की संख्या देखे तो बड़े पैमाने पर खेतिहर मजदूर बनने को मजबूर हैं। हमें इन्हें बचाने की आवश्यकता है। इसका हल और उपाय कैसे निकले इसके बारे में केंद्र और राज्य दोनों को सोचने की आवश्यकता है। वैकेल्पिक खेती के ओर किसान कैसे आगे बढ़े इसपर हमलोगों ने लगातार काम किया है। सोरेन ने कहा कि आज यहां कृषि से जुड़े विषय पर बातें रखी जा रही है। हम आज किसानों की बात कर रहे हैं। हम किसानों के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करते हैं। कागजों में भी आंकड़ें बड़े-बड़े दिखाते हैं। आज हम 50-55 प्रतिशत लाह उत्पादन की बात करते हैं। पहले हम 70 प्रतिशत लाह उत्पादन करते थे। किसानों की आज क्या हालत है वो किसी से छिपा नहीं है।

# झारखंड हाई कोर्ट में बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने वाली पीआईएल पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में शुक्रवार को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद हाई कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। राज्य सरकार की ओर से वर्चुअली रूप से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल जुड़े। सिब्बल ने कहा कि केंद्र सरकार ने बांग्लादेश की घुसपैठियों के झारखंड में प्रवेश के संबंध में कोई डाटा अपने शपथ पत्र में नहीं दिया है। उनकी ओर से यह भी कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट में इसी तरह का एक मामला पेंडिंग है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता इस जनहित याचिका को पॉलिटिकल एजेंडा के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। क्योंकि, झारखंड में बीते कुछ माह में विधानसभा चुनाव होने हैं। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने भी पक्ष रखा। सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार ने संथाल परगना में घुसपैठ को लेकर अंतिम जनगणना के आधार पर आदिवासियों की संख्या में कमी आने का डाटा दिया गया है। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। जमशेदपुर के रहने वाले दानयल दानिश ने इस मामले में हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। इससे पहले केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि 30 सितंबर तक केंद्र सरकार के गृह सचिव एवं झारखंड के मुख्य सचिव की बैठक प्रस्तावित है। इसमें झारखंड में घुसपैठियों से निपटने के लिए संयुक्त रूप से फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनने पर विचार होगा, जिसमें घुसपैठ के मसले पर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्यों के संबंध में विचार होगा। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का उद्देश्य झारखंड के सीमावर्ती जिलों यथा देवघर, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़, दुमका और जामताड़ा में अवैध घुसपैठियों की पहचान करना तथा ऐसे अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की व्यवस्था करना होगा। हाई कोर्ट की खंडपीठ झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के संथाल परगना में अवैध प्रवेश को लेकर दानियल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।

# देश की ग्रामीण और कृषि व्यवस्था में नए सुधार सराहनीय : राज्यपाल

संवाददाता

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार को राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपति का प्रेरणादायी व्यक्तित्व आज के इस समारोह की शोभा व गरिमा और भी बढ़ा रहा है। राष्ट्रपति ने छह वर्षों से अधिक राज्यपाल के रूप में झारखंड की सेवा की और राज्य के विकास के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनकी सादगी, मृदु स्वभाव और जनता के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें एक "पीपुल्स गवर्नर" के रूप में स्थापित किया। राज्यपाल ने कहा कि एक अत्यंत साधारण सी पृष्टभूमि से आने वाली हमारी राष्ट्रपति कॉलेज जाने वाली अपने गांव की पहली महिला बनीं। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा ग्रहण किया। वे बालिकाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। विशेष रूप से उन लड़कियों के लिए जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। राज्यपाल ने कहा कि राज्य की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर करती है। राज्य के किसानों को खुशहाल बनाना ही हमारी समृद्धि का आधार है। प्रधानमंत्री किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' और 'किसान क्रेडिट कार्ड' जैसी योजनाएं किसानों के लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध हो रही हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के नेतृत्व में ग्रामीण और कृषि व्यवस्था में नए सुधार हो रहे हैं, वह सराहनीय हैं। संतोष गंगवार ने कहा कि आज हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि हम राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के शताब्दी समारोह में भाग ले रहे हैं। यह संस्थान पूर्व से केवल लाह उत्पादन एवं अनुसंधान पर केन्द्रित था। इस संस्थान द्वारा पिछले 100 वर्षों में भारतीय कृषि को नई दिशा प्रदान की गई है। संस्थान ने लाख उत्पादन, प्रोसेसिंग और मूल्यवर्द्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, जिसने न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के किसानों को समृद्ध बनाने में योगदान दिया है।

# निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

संवाददाता

**रांची।** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई। ईडी और बचाव पक्ष दोनों की ओर से बहस पूरी हो गयी है। इसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पांच मई, 2022 को पूजा सिंघल सहित अन्य के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ नकदी बरामद किया गया था। छापेमारी के बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था। दोनो से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। मामले में ईडी की ओर से पूजा सिंघल सहित सात के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इनमें पूजा सिंघल के अलावा उनके पति अभिषेक झा, सीए सुमन सिंह, खूंटी जिला परिषद के तत्कालीन कनीय अभियंता राम विनोद सिन्हा, तत्कालीन सहायक अभियंता राजेंद्र जैन, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता जय किशोर चौधरी, खूंटी विशेष प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप पत्र में बताया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड अधिक थे। ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों और दूसरे निवेश की जानकारी जुटाई खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ। उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थी।



## सीआईडी ने पूर्वी सिंहभूम से साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

संवाददाता



**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के गोविंदपुर थाना क्षेत्र से एक साइबर अपराधी इंद्रजीत सिंह को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार साइबर अपराधी के पास से एक मोबाईल, एक सिम कार्ड, एक लैपटॉप, चार पासबुक, चार चेकबुक, एक आधार कार्ड और एक पेनकार्ड बरामद किया गया है। सीआईडी के डीएसपी एमपी गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि पीड़ित ने साईबर क्राईम थाना में एक अगस्त को आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया था। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया था कि टेलीग्राम पर विभिन्न मोबाईल के माध्यम से संपर्क किया गया, जिसमें उन्हें ऑनलाईन ट्रेडिंग से संबंधित जानकारी को साझा किया। इसके बाद उन्हें एक अन्य टेलीग्राम प्रोफाईल से संपर्क कर एक बेवसाईट का लिंक भेजा गया । इसमें अपना आईडी बनाने को बोला गया। ट्रेडिंग से संबंधित निवेश करने के लिए पीड़ित को विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया। शुरू में झांसा में लेने के लिए इनके एकाउंट में कुछ पैसे डाले गये। परंतु बाद में पैसे डालना बंद कर दिया गया और इस तरह से इनके साथ कुल 14 लाख 15 हजार 407 रुपये का साईबर ठगी कर लिया गया। मामले में प्रोप्रियतोरशिप फिल्म वलूमेड इडियू प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर बने संलिप्त इंडसइंड बैंक एकाउंट 256200158578 में एक दिन में 1.5 करोड रूपये क्रेडिट हुआ है।

# झारखंड से विशेष लगाव, यहां आना तीर्थ यात्रा जैसा : द्रौपदी मुर्मू

संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड के प्रति मेरा विशेष लगाव है। धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती पर आना मेरे लिए तीर्थ यात्रा के समान है। यहां के लोगों से बहुत स्नेह मिला है। राज्यपाल के तौर पर मैंने यहां कई वर्षों तक काम किया है। वे शुक्रवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह को संबोधित कर रही थीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2017 में इस संस्थान की तरफ से आयोजित किसान मेला का उद्घाटन किया था। मैं यहां पहले भी कई बार आ चुकी है। उस समय में मैंने लाह उत्पादन में अच्छा कार्य कर रहे किसानों को सम्मानित भी किया था। उस समय मुझे बताया गया कि किसान कैसे लाह द्वारा कैसे लाभान्वित होते थे। आज इस संस्थान के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर मुझे अत्यंत खुशी हो रही है।




मुर्मू ने कहा कि जानकारी मिली कि जो रॉ लाह होता है वह 100-200 में भेजा जाता था लेकिन बाद में जब विदेश भेजा जाता था तो उसकी कीमत 3000-4000 होता था। मैं जब दौरा करती थी राज्य के अलग-अलग जिला में तो मैं पलामू गई थी। पलामू जाने पर मुझे पता चला कि पलामू का नाम पलाश, लाह और महुआ के नाम पर रखा गया है। हमारे देश के कई राज्य में लाह की फार्मिंग की जाती है। भारत के कुल उत्पादन का 55 प्रतिशत से अधिक लाख उत्पादन झारखंड में किया जाता है। भारत में लाह का उत्पादन जनजातियों के द्वारा किया जाता है। अंत में उन्होंने कहा कि मैं सभी किसान भाई बहनों, संस्थान से जुडे सभी लोगों, यहां उपस्थित सभी लोगों के स्वर्णिम भविष्य की कामना करती हूं।

## बाबूलाल मरांडी ने बंगाल सीमा पर वाहनों को रोकने की कार्रवाई को असंवैधानिक बताया, हेमंत से भी पूछे सवाल

संवाददाता

**रांची।** पश्चिम बंगाल में आये बाढ़ को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डीवीसी को जिम्मेदार ठहराया है और झारखंड-बंगाल सीमा पर वाहनों की आवाजाही को अगले तीन दिनों तक रोक दिया है। इसकी वजह से धनबाद के निरसा और रांची से सटे पुरुलिया बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट करके इसे असंवैधानिक करार दिया है। साथ ही इस मुद्दे पर झारखंड सरकार पर भी सवाल उठाया है। एक्स पर बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड से बंगाल में प्रवेश करने वाले वाहनों को ममता बनर्जी की पुलिस ने पुरुलिया सीमा के पास रोक रखा है।




ममता बनर्जी सरकार ने बंगाल में आई बाढ़ के लिए डीवीसी को दोषी ठहराया है और झारखंड से आने वाले वाहनों को अगले तीन दिनों तक सीमा में प्रवेश करने से रोक दिया है। यदि बारिश बहुत ज्यादा होती है, तो झारखंड को पानी छोड़ना ही पड़ेगा, यह एक सामान्य प्रक्रिया है लेकिन दीदी के इस असंवैधानिक कदम पर हेमंत सोरेन की चुप्पी आश्चर्यजनक है। कांग्रेस सरकार ने आज तक झारखंड में जितने भी डैम बनाए हैं, उसमें जमीन झारखंड की डूबी है। विस्थापन का दर्द आदिवासियों मूलवासियों को उठाना पड़ा है और बिजली पानी का लाभ बंगाल को मिल रहा है। मरांडी ने कहा कि वाहन रोकने की इतनी बड़ी असंवैधानिक कार्रवाई कर ममता बनर्जी, हेमंत सोरेन और झारखंड को क्या संदेश देना चाहती हैं? नेशनल परमिट वाले वाहनों को बंगाल में घुसने के लिए क्या अलग से अनुमति लेनी होगी? हेमंत सोरेन जी, क्या हमारा झारखंड सिर्फ बंगाल के रास्ते आए बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने के लिए है? ऐसी कौन सी मजबूरी है कि आप दीदी के इस गैर-जिम्मेदाराना और असंवैधानिक कदम पर मौन साधे हुए हैं?

# दादा ने पोते की गला दबाकर की हत्या, आहर के पानी में फेंका शव




संवाददाता

**पलामू** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव के टोला होल्या से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां एक दादा ने अपने पोते शुभम कुमार (08) की बेरहमी से गला दबाकर हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपित दादा ने शव को आहर के पानी में मिट्टी के नीचे दबा दिया। घटना के बाद से आरोपी दादा कपिलदेव सिंह फरार है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है, जब शुभम दूध लेने घर से बाहर निकला था। उसकी मां, खुशबू देवी के अनुसार, शुभम घर से थोड़ी दूर जाने के बाद लापता हो गया था। जब काफी देर तक वह नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी खोज शुरू की। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिवार वालों ने शुभम का शव आहार के किनारे पानी के नीचे मिट्टी में दबा हुआ पाया। फिलहाल इस जघन्य हत्या के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव के नेतृत्व में मामले की जांच जारी है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की छानबीन कर रही है, ताकि हत्या के पीछे के कारणों का पता चल सके।

घटना के बाद से आरोपी दादा कपिलदेव सिंह फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए गांव और आसपास के इलाकों में लगातार छापेमारी कर रही है। मृतक शुभम कुमार के परिवार में इस घटना के बाद गहरा शोक है। शुभम के पिता अंकुश कुमार सिंह और माँ खुशबू देवी को अभी भी यकीन नहीं हो रहा कि उनके अपने परिवार के सदस्य ने ही उनके बेटे की जान ले ली। पूरे गांव में इस घटना से सनसनी फैल गई है और लोग सदमे में हैं। पुलिस ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि अगर आरोपी की कोई जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस पूरे क्षेत्र में सतर्कता बरत रही है।

# जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

संवाददाता



**हजारीबाग**। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा 21 एवं 22 सितंबर को आयोजित होने वाले जेएसएससी सीजीएल 2024 परीक्षा के सफ़ल व पारदर्शी संचालन के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से हर बिंदुओं पर कार्य कर रहा है। कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को लेकर निदेशित किया है। सीजीएल की परीक्षा के लिए हज़ारीबाग जिला में कुल 70 केंद्र बनाए गए हैं तथा हर केन्द्रों की निगरानी के लिए 29 गश्ती दल सह उड़न दस्ता दल को क्रियाशील किया गया है। उपायुक्त ने परीक्षा का संचालन बेहतर तरीके से करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी ना हो, इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक मेजिस्ट्रेट के रूप में एक-एक पुलिस अधिकारी को तैनात किया गया है। कुल 70 पुलिस पदाधिकारी एवं तीन-तीन पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है तथा कुल 140 लाठी बल,गृहरक्षक की तैनाती की गईं है। परीक्षा के संचालन के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा की गयी है। जिला प्रशासन के द्वारा हजारीबाग जिला में परीक्षा के एक दिन पूर्व ही शहर के अलावे बरही, पदमा एवं अन्य सभी होटल, रेस्टोरेंट, गेस्टहाउस, लॉज, हॉस्टल की गहनता से जांच की गई है साथ इनके मालिक, मैनेजर की नोटिस देकर हजारीबाग जिला में सभी 70 परीक्षा केंद्रों पर एचएचएमडी के द्वारा परीक्षार्थियों को चेकिंग कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया जाएगा।

# रांची में 21 और 22 सितंबर को 131 सेंटर पर होगी जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा




संवाददाता

**रांची**। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी)। द्वारा आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योगयताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 रांची में 131 सेंटर पर ली जा रही है। 21 और 22 सितंबर को तीन पालियों में परीक्षा आयोजित है। रांची जिला में लगभग 1 लाख 22 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 8:30 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे तक, द्वितीय पाली सुबह 11:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक तथा तृतीय पाली दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की गई है। जिला प्रशासन ने परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती की है। सदर एसडीओ ने सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में धारा-163 के अंतर्गत केन्द्रों पर निषेधाज्ञा जारी की गयी है। यह निषेधाज्ञा 21 और 22 सितंबर को सुबह पांच बजे से शाम 8:30 बजे तक प्रभावी रहेगा।

# एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर झारखंड से बाहर निकालेंगे : अमित शाह

संवाददाता



**साहिबगंज**। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने साहिबगंज के भोगनाडी से चुनाव झारखंड विधानसभा शंखानाद किया। शाह शुक्रवार को साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में भाजपा के परिवर्तन रथ को हरी झंडी दिखाने के बाद साहिबगंज पहुंचे। यहां पुलिस लाइन मैदान में विशाल परिवर्तन सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार से कई तीखे सवाल पूछे और लोगों से अपील की कि वे आगामी चुनाव में भाजपा की सरकार बनाएं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि झारखंड से एक-एक बांग्लादेशी घुसपैठिये के चुन-चुनकर निकालेंगे। उन्होंने कहा कि यह काम सिर्फ भाजपा की सरकार कर सकती है। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संथाल की भूमि पर आना मेरा सौभाग्य है। मां गंगा की धरती पर परिवर्तन यात्रा की शुरुआत हुई है। 2024 के विस चुनाव का आग़ाज़ करता हूं। अब भ्रष्टाचार करने वाली सरकार का परिवर्तन करना है। आदिवासी का हक़ छीनने वालों का परिवर्तन करना है। झारखंड की सरकार घुसपैठियों का कल्याण करना चाहती है। शाह ने कहा कि आपलोग पांच साल के लिए झारखंड में भाजपा की सरकार बनाएं। हमारी सरकार संताल परगना में घुसपैठ करने वाले बांग्लादेशियों को उल्टा लटकाकर सीधा कर देगी। शाह ने पूछा कि हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि हर साल पांच लाख युवाओं को रोजगार देंगे। लोगों को नौकरी मिली क्या। उन्होंने कहा कि नौकरी देने की बजाय हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं को दौड़ा रही है। ऐसा दौड़ा रहे हैं कि युवा दौड़ते-दौड़ते मर जाएं।

**झारखंड में एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे, पैसे लेकर नौकरियां बांटी जा रहीं**-अमित शाह ने कहा कि झारखंड में एक के बाद एक पेपर लीक हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पैसे लेकर नौकरियां बांटी जा रहीं हैं। गरीब, युवा आदिवासी को नौकरी नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि चुनावों में युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, महिलाओं को 2500 रुपये पेंशन का वादा किया, नवविवाहित बहनों को सोने का सिक्का देने का वादा किया, सरकार बनने के बाद सारे वादे भुला दिये। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले जनता से बड़े-बड़े वादे करने वाली इस सरकार ने झारखंड को सिर्फ भ्रष्टाचार दिया। एक हजार करोड़ का खनन घोटाल किया, सेना की जमीन खा गए। इस सरकार ने झारखंड को भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया।

**झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों की मदद करने वाली सरकार**-अमित शाह ने हेमंत सोरेन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों की मदद करने वाली सरकार है। दूसरी ओर भाजपा है, जो आदिवासियों की चिंता करने वाली पार्टी है। झारखंड में 37 आदिवासी बहनों का बलात्कार हुआ। साहिबगंज और दुमका की बेटी की हत्या कर दी गई, लेकिन यह सरकार कुछ नहीं बोलती। अमित शाह ने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस आदिवासी कल्याण की बात करती है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की केंद्र में सरकार थी, तो उसने आदिवासी कल्याण के लिए 20 हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया था। वर्ष 2013-14 में. केंद्र में मोदी की सरकार बनने के बाद अब उसी विभाग का बजट 1.20 लाख करोड़ रुपये हो गया है। मोदी की सरकार ने आदिवासियों के लिए डीएमएफटी फंड दिया। 63,000 गांवों के विकास के लिए 50 हजार करोड़ रुपए खर्च करने की व्यवस्था की है। अमित शाह ने कहा कि मैं कहकर जाता हूं कि हमारा घोषणा पत्र आएगा। हम 75 साल से ज्यादा आयु के गरीब परिवारों को 10 लाख रुपय़े तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था करेंगे। आपके धान को उचित दाम पर खरीदेंगे। गांवों को सड़क, एंबुलेंस, अस्पताल और डॉक्टर की सुविधा मिलेगी। शाह ने कहा कि झारखंड की रचना भाजपा के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने जन-कल्याण की जगह घुसपैठिया कल्याण अपनाया है। आज पाकुड़ जिले में 'हिंदुओं और आदिवासी झारखंड छोड़ो' जैसे नारे लगते हैं। आदिवासियों की इस भूमि को केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भाजपा बचा सकते हैं।

# नवयुवक दुर्गा पूजा समिति आदिम जनजाति और जीव-जंतुओं की कलाकृतियों की बना रही पंडाल

संवाददाता



**रांची**। लोअर चुटिया स्थित नवयुवक दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष पंडाल के रूप में आदिम जनजाति और जीव-जंतुओं की कलाकृतियां को बना रही है। पंडाल की ऊंचाई 50 फीट, चौड़ाई 60 फीट और लंबाई 100 फीट है। समिति के मुख्य संरक्षक राजकुमार महतो ने बताया कि पंडाल के निर्माण में गिरिडीह और बंगाल के कारीगर 20 कारीगर 20 दिन से दिन-रात लगे हैं। इस वर्ष माता की प्रतिमा भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। मूर्ति 12 ऊंची और 18 फीट चौड़ी है, जो बंगाल के कारीगर ही तैयार कर रहे हैं। मां दुर्गा महिषासुर का वध करतीं नजर आएंगी। लोकल विद्युत साज-सज्जा एवं साउंड भी आकर्षक होगा। समिति के अध्यक्ष मिथिलेश गोप ने शुक्रवार को बताया कि पूजा आयोजन का कुल खर्च लगभग 15 लाख रुपए अनुमानित है। सप्तमी से दशमी तक महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। प्रसाद में हलुआ, खीर, खिच्चड़ी व फल होंगे।

उन्होंने बताया कि पूजा परिसर में मिनी मेला भी लगाया जा रहा है। इसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए मिक्की माउस, नाव झूला, स्कॉर्पियो - मारुति और जंपिंग झूले आदि होंगे। साथ ही खाने-पीने के कई स्टॉल होंगे, जिनमें एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजन उपलब्ध कराए जाएंगे। पंडाल परिसर में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। समिति की तरफ से कई वॉलेंटियर तैनात रहेंगे। महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार होगा।

# नशे में युवक ने की हत्या

संवाददाता



**गिरिडीह**। डेंडराईट के नशे में करण सिंह राजपूत ने शुक्रवार की सुबह कांटी फैक्ट्री कर्मी बच्चू रजक (40 ) की मारपीट कर हत्या कर दी । इस दौरान स्थानीय लोगों ने आरोपित करण सिंह राजपूत को पकड़ा और मामले की जानकारी नगर थाना प्रभारी को दी।

पुलिस घटनास्थल पहुंच कर उसे पकड़ कर थाना ले गई और मामले की जांच में जुट गई है।

जानाकारी के अनुसार आरोपित करण सिंह राजपूत और मृतक के बीच कोई दुश्मनी नहीं थी , युवक करण सिंह राजपूत नशे का शिकार था। इसी नशे के कारण उसने बच्चू रजक पर जानलेवा हमला किया। बच्चू की मौत सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में हो गई । बताया गया कि मृतक बच्चू घटना के वक्त भी ड्यूटी के लिए जा रहा था की पीछे से डेंडराईट सूंघता आ रहा करण सिंह राजपूत ने उस पर किसी बड़े पत्थर से वार कर दिया। कुछ लोगों ने जब हल्ला करने पर मृतक का बेटा चंदन रजक भी घर से कुछ दूर हुए घटनास्थल पहुंचा, तो देखा की पिता लहुलहान सड़क पर गिरे पड़े हुए हैं। उसे सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के क्रम बच्चू रजक की मौत हो गई।

# वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का कैंसर से निधन, मुख्यमंत्री ने जताया दुख

संवाददाता



**रांची**। वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का शुक्रवार निधन हो गया है। वे करीब पौने चार साल से लंग्स कैंसर से पीड़ित है। रवि प्रकाश के करीबी अविनाश दास ने उनके निधन की पुष्टि की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि हमारे पुराने मित्र, सहकर्मी और साहस से भरे हुए पत्रकार रवि प्रकाश नहीं रहे। वह कैंसर से लड़ रहे थे। जिंदगी कैसे जी जाती है, हमने उनसे सीखा है। आप हमारी जिंदगी में हमेशा शामिल रहेंगे दोस्त... अलविदा मेरे प्यारे भाई!

रवि प्रकाश के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि जिंदादिल इंसान हमेशा अमर रहते हैं। आप बहुत याद आयेंगे रवि भाई..."। रवि प्रकाश को इसी महीने अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड लंग्स कैंसर कॉफ्रेंस (डब्ल्यूसीएलसी-2024) में पेशेंट एडवोकेट एजुकेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। रवि प्रकाश यह पुरस्कार पाने वाले भारत के इकलौते व्यक्ति थे। रवि प्रकाश करीब पौने चार साल से लंग्स कैंसर से पीड़ित थे और कैंसर का लास्ट स्टेज चल रहा था। पिछले डेढ़ महीने से मुंबई में उनकी कार-टी सेल थेरेपी चल रही थी। अमेरिका से लौटने के बाद उन्हें गामा-डेल्टा सेल का चौथा इन्फ्यूजन भी दिया गया था।

# चतरा के दो स्थानों पर भाकपा माओवादियों ने पोस्टरबाजी की

संवाददाता







**चतरा**। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकप्पा माओवादी के नाम पर चतरा जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में पोस्टर बाजी की गई है। काफी अरसे के बाद नक्सलियों के पोस्टर वार के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है। चतरा जिले के पूर्वी क्षेत्र में पत्थलगडा थाना क्षेत्र के बकुलिया रोड में पुराना अस्पताल भवन और गिद्धौर थाना क्षेत्र है द्वारी के रानी पोखर के समीप कब्रिस्तान की दीवार में हस्तलिखित पोस्टर चिपकाया गया है। यह क्षेत्र कभी नक्सली गतिविधियों के कारण चर्चित था। काफी अरसे से यहां नक्सली गतिविधियां बंद थी। पोस्टर चिपका कर नक्सलियों ने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। दोनों स्थानों में देर रात्रि या भोर में पोस्टर चिपकाए गये हैं। सूचना मिलते ही शुक्रवार की सुबह पत्थलगडा और गिद्धौर पुलिस दोनों स्थानों में चिपकाए गए पर्चे व पोस्टर को जब्त कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पत्थलगडा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। पुलिस इसे शरारती तत्वों की गतिविधियां बता रही है। पुलिस का मानना कि क्षेत्र में कोई भी नक्सली संगठन कार्यरत नहीं है। ऐसे में पर्चा या पोस्टर चिपका कर असामाजिक तत्व भय पैदा करना चाहते हैं।

चिपकाये पोस्टर में मार्क्सवाद, लेनिनवाद माओवाद जिंदाबाद, पेरू तुर्की के मुक्ति युद्ध जिंदाबाद, सामंतवाद साम्राज्यवाद मुर्दाबाद सहित कई नारे लिखे हुए थे। माओवादियों के 20वें वर्षगांठ 21 से 27 सितंबर 2024 तक को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। चिपकाये गए पोस्टर में पुलिस दलाल होश में आओ सहित अन्य धमकी लिखी गई है।

# जेएसएससी के परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा जारी

संवाददाता



**रांची**। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्ताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 21 और 22 सितंबर को होगी। परीक्षा प्रथम पाली में 08:30 बजे सुबह से 10:30 बजे और द्वितीय पाली 11:30 बजे से 01:30 बजे अपराह्न तक एवं तृतीय पाली 03:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक रांची के विभिन्न 131 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई है। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा एवं एसएसपी चंदन सिन्हा की ओर से पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में शामिल छात्र, उनके अभिभावक और असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आशंका के मद्देनजर अनुमंडल दंडाधिकारी सदर की ओर से बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गयी है। यह निषेधाज्ञा 21 और 22 सितंबर को सुबह पांच बजे से अपराह्न 08:30 बजे तक प्रभावी रहेगा। जारी निषेधाज्ञा के दौरान पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने पर राके रहेगी। साथ ही किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला, बंदूक लेकर चलने और किसी प्रकार की बैठक एवं आमसभा का आयोजन करना वर्जित रहेगा।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी जेएसएससी की परीक्षा : डीसी




**पाकुड़**: झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल क्रियान्वयन को ले पाकुड़ समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता की। उपायुक्त ने मीडिया को बताया कि जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा- 2023 के तहत जिला पाकुड़ में 5616 अभ्यर्थी प्रतिदिन यानी 21 व 22 सितंबर 2024 के लिए 15 परीक्षा केन्द्र पर लगभग 11232 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिसके लिए बकायदा प्रतियोगिता परीक्षा की प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए आदेशानुसार सभी अवयवों की अनुपालनार्थ सभी तैयारियां की गई है। साथ ही जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा- 20236 प्रतियोगिता परीक्षा की गाइडलाइन के मुताबिक सभी गतिविधियों पर जिला प्रशासन की ओर से पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि होटल/लॉज / गेस्ट हाउस/ हॉस्टल अन्य की भी निरीक्षण की गई है और आगे भी की जा रही है। साथी परीक्षार्थियों/ अभ्यर्थियों को कोई परेशानी ना हो, जिसके लिए बाकायदा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावे गाइडलाइन के मुताबिक प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केन्द्रों के आसपास सभी गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि उल्लेखनीय प्रतियोगिता परीक्षा के निमित्त 15 परीक्षा केन्द्र में कुल कमरों की संख्या -200 है, जबकि केन्द्राधीक्षकों की संख्या- 15 व वीक्षकों की संख्या - 421 है। साथ ही स्ट्रांग रूम में एजेंसी के माध्यम से पांच सीसीटीवी कैमरे तथा एक मॉनिटर का अधिष्ठापन किया गया है। इसके अलावे परीक्षा केन्द्र पर एजेंसी के माध्यम से ही जैमर का भी अधिष्ठापन किया गया है तथा परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के दरमियान होगी। वही पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मीडिया को बताया कि झारखण्ड प्रतियोगिता परीक्षा (भर्ती में अनुसूचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) विधेयक-2023 के मद्देनजर विधेयक के दायरे परीक्षार्थी से लेकर परीक्षा लेने वाली एजेंसी, कोचिंग सेंटर तक को शामिल किया गया है। पकड़े जाने पर 1 साल से लेकर 10 साल तक की सजा के साथ-साथ आजीवन कारावास का भी प्रावधान किया गया है। साथ ही सजा व जुर्माना भी लगाया जा सकता है। आपको बता दे पहली पाली में पूर्वाह्न 8:30 बजे से 10:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली 11: 30 बजे पूर्वाह्न से 01: 30 बजे अपराह्न तक, तीसरी पाली 03: 00 बजे 05:00 बजे अपराह्न तक परीक्षा का आयोजन होगा। साथ ही के०के०एम कॉलेज, पाकुड़, पाकुड़ पॉलिटेक्निक कॉलेज, डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, पाकुड़, हरिणडांगा उच्च विद्यालय, पाकुड़, रानी ज्योतिर्मय बालिका उच्च विद्यालय, पाकुड़, आदर्श बिल्टू मध्य विद्यालय, पाकुड़, मध्य विद्यालय, धनुषपूजा, डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस बालिका, पाकुड़, मध्य विद्यालय हरिणडांगा, पाकुड़ पश्चिमी, जिदातो बालिका उच्च विद्यालय, पाकुड़, डीएवी पब्लिक स्कूल, पाकुड़, दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाकुड़, संत जोसेफ स्कूल, पाकुड़, एलाईट पब्लिक स्कूल, पाकुड़ एवं संत डॉन बॉस्को स्कूल, पाकुड़ को परीक्षा केन्द्र के रूप में शामिल किया गया है। प्रेसवार्ता के दौरान अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूरती जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार अन्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की दवा






**पाकुड़**: "राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस" के अवसर पर ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल, पाकुड़ में बच्चों को कृमि नाशक दवा "एल्बेंडाजोल" शिक्षकों की निगरानी में चबाकर खिलायी गयी और बच्चों को कृमि के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। कृमि से होने नुकसान और कृमि मुक्ति के लाभों को बताया गया। निदेशक मनोज भगत ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को कृमि नाशक दवा जरूर खानी चाहिये तथा स्वच्छ्ता संबंधी कुछ महत्वपूर्ण बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए जैसे नाखून हमेशा छोटे एवं साफ रखें, हमेशा साफ पानी पीएँ, खाने को हमेशा ढक कर रखें, साफ पानी से फल एवं सब्जियाँ धोएँ, अपने आसपास सफाई रखें, नंगे पाँव ना रहें हमेशा जूते/चप्पल पहनें, खुले में शौच ना करें हमेशा शौचालय का प्रयोग करें ताकि कृमि संचरण चक्र की रोकथाम हो सके। कृमि मुक्ति से बच्चों का स्वस्थ अच्छा रहता है उनकी विद्यालय में उपस्थिति में सुधार होता है और पढाई में भी मन लगता है। पेट में कृमि रहने पर भूख नहीं लगती साथ ही जो भी भोजन करते हैं उसका पूरा लाभ हमारे शरीर को नहीं मिल पाता है, शरीर में खून की कमी (अनीमिया) हो सकता है, पेट में हमेशा दर्द, उल्टी एवं दस्त की समस्या बनी रहती है, वजन में कमी होती है एवं कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। कृमि नियंत्रण की दवा "एल्बेंडाजोल" बहुत सुरक्षित और असरदार है और डब्लू० एच० ओ० से मान्यता प्राप्त है। निदेशक मनोज भगत ने सहयोग के लिए अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि छुटे हुए बच्चों को 27 सितंबर 2024 को मॉप-अप दिवस के अवसर पर दवा खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में निहारिका देवी, प्राणु प्रधान , ज्योति बास्की , देवाशीष रॉय , कल्याणी देवी , संजय पासवान, विदया सिन्हा, नारायण रॉय, सारा बास्की, अब्दुल हलीम, सुष्मिता देवी, ज्योत्स्ना भौमिक, कुमार सानू, संगीता कुमारी, रेशमी बास्की, शुभांकर मित्रा, सेजल झा , वंदना कुमारी, प्रिया कुमारी,मीरु मरांडी, नेहा किस्कु आदि शिक्षकों ने सहयोग किया।

# अफवाह फैलाने वालों पर रखी जा रही है कड़ी नजर : उपायुक्त

## जेएसएससी की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न कराना प्राथमिकता....




**पाकुड़** : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 21-22 सितंबर को आयोजित होने वाले झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया प्रेस कान्फ्रेंस । उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि 21 व 22 सितम्बर 2024 को आयोजित होने वाले झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा कदाचार मुक्त सम्पन्न कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। सभी केंद्रों में विधि-व्यवस्था का बेहतर संधारण के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गई है।सीजीएल परीक्षा के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की एसओपी का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि गुरुवार रात से ही सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास होटल, लॉज में चेकिंग की गई है। साथ ही सभी होटल के मालिक को भी नोटिस किया गया है कि कोई भी संदिग्ध को होटल में रूकने न दें। गलत सूचना या अफवाह होटल में रुकने वाले लोगों द्वारा फैलाई जाती है तो अफवाह फैलाने वालों के साथ होटल मालिक पर भी कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल न हो इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर सतत निगरानी की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील किया कि परीक्षा से संबंधित कोई भी सूचना मिले तो हमें अवश्य बताएं। 21 सितम्बर एवं 22 सितम्बर को आयोजित होने वाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को लेकर शहर में 15 केन्द्र बनाए गये है जिसमें कुल 5616 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की जाएगी पहली पाली में 08:30 बजे से 10:30 बजे पूर्वाह्न एवं दूसरी पाली में 11:30 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे पूर्वाह्न तक, तीसरी पाली 03:00 बजे 05:00 बजे अपराह्न तक परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा को कदाचार मुक्त कराया जा सकें। इसके लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड के पास ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थी आने की संभावना है। इसको लेकर हेल्प डेस्क बनाए जा रहे हैं। साथ ही दोनों जगहों पर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जो भी अभ्यर्थी आएंगे उन्हें परीक्षा केंद्र की दूरी आदि से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एचएसएम पब्लिक स्कूल में बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की दवा





**पाकुड़**: "राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस" के अवसर पर सिंधीपाड़ा सेठ हिरदुमल पब्लिक स्कूल, पाकुड़ में बच्चों को कृमि नाशक दवा "एल्बेंडाजोल" शिक्षकों की निगरानी में चबाकर खिलायी गयी और बच्चों को कृमि के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। कृमि से होने नुकसान और कृमि मुक्ति के लाभों को बताया गया। प्राचार्य .अदिति कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को कृमि नाशक दवा जरूर खानी चाहिये तथा स्वच्छ्ता संबंधी कुछ महत्वपूर्ण बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए जैसे नाखून हमेशा छोटे एवं साफ रखें, हमेशा साफ पानी पीएँ, खाने को हमेशा ढक कर रखें, साफ पानी से फल एवं सब्जियाँ धोएँ, अपने आसपास सफाई रखें, नंगे पाँव ना रहें हमेशा जूते/चप्पल पहनें, खुले में शौच ना करें हमेशा शौचालय का प्रयोग करें ताकि कृमि संचरण चक्र की रोकथाम हो सके। कृमि मुक्ति से बच्चों का स्वस्थ अच्छा रहता है उनकी विद्यालय में उपस्थिति में सुधार होता है और पढाई में भी मन लगता है। पेट में कृमि रहने पर भूख नहीं लगती साथ ही जो भी भोजन करते हैं उसका पूरा लाभ हमारे शरीर को नहीं मिल पाता है, शरीर में खून की कमी (अनीमिया) हो सकता है, पेट में हमेशा दर्द, उल्टी एवं दस्त की समस्या बनी रहती है, वजन में कमी होती है एवं कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। कृमि नियंत्रण की दवा "एल्बेंडाजोल" बहुत सुरक्षित और असरदार है और डब्लू० एच० ओ० से मान्यता प्राप्त है। प्राचार्य अदिति कुमारी ने सहयोग के लिए अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि छुटे हुए बच्चों को 27 सितंबर 2024 को मॉप-अप दिवस के अवसर पर दवा खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में शीक्षिका स्नेहा कुमारी कौशिकी शाह , पल्लवी कुमारी, नसरीन परवीन , उपस्थित रहे।

# पाकुड़ में आंगनबाड़ी बच्चों को सोमवार से शनिवार तक मिलेगा अंडा, कुपोषण को कम करने का निर्देश, सीडीपीओ



**पाकुड़** : जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को सोमवार से शनिवार तक अंडा देने का निर्देश दिया गया है। यह निर्णय बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक में लिया गया। इस पहल से बच्चों को कुपोषण से बचाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, गर्भवती महिलाओं के लिए मातृ वंदना योजना और सावित्री बाई फुले किशोरी योजना की जानकारी भी दी गई है। बैठक में सीडीपीओ सविता कुमारी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना के तहत 18-19 वर्ष के अब तक मात्र 850 आवेदन कार्यालय को प्राप्त है। उन्होंने सेविकाओं से कहा कि कुपोषित बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती कराएं। इसके अलावा, पोषण वाटिका सभी केंद्र जहां जमीन उपलब्ध है, वहां शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पांच-पांच हजार रुपये दिए जाएंगे। सविता कुमारी ने आगे कहा कि सेविकाओं को मातृ वंदना योजना की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत गर्भवती महिलाओं को पांच-पांच हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने सभी सेविकाओं को पांच-पांच गर्भवती महिलाओं का आवेदन आनलाइन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी योजना में पाकुड़ प्रखंड लक्ष्य से काफी पीछे है। इस योजना का लक्ष्य 10,233 है। इसमें अबतक 7000 आवेदन जमा हुआ है। लक्ष्य को हासिल करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि छूटे लोगों का आवेदन भरवाकर उसका आनलाइन इंट्री कराए। ताकि भुगतान किया जा सके। इस निर्णय से आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को स्वस्थ और पोषणयुक्त आहार मिलेगा और उनका शारीरिक व मानसिक विकास होगा।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष में मारपीट , मुकदमा दर्ज,जांच में जुटी पुलिस




**महेशपुर** : थाना क्षेत्र के अमलागाछी गांव में जमीनी विवाद को लेकर बुजुर्ग दंपति को मारपीट कर जख्मी कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़ित मंगला पहाड़िया ने गुरुवार को थाना में गांव के ही नामजद आरोपित सीताराम पहाड़िया एवं सुरजी पहाड़िन के खिलाफ गाली-गलौज कर जान मारने की नीयत से मारपीट कर जख्मी कर दिए जाने का मामला दर्ज करवाया है। वादी ने आवेदन में उल्लेख किया है कि वह अपने घर पर काम कर रहा था। इसी दौरान जमीन विवाद को लेकर दोनों आरोपितों ने लाठी-डंडा, लोहे का रड से लैस होकर उसके घर पर आकर गली-गली करते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया। यह सब देखकर वादी की पत्नी लवी पहाड़िन बीच बचाव करने आई तो उसके सर पर लोहे का रॉड से मारकर जख्मी कर दिया। इस बीच गांव के लोग हल्ला सुनकर बीच बचाव करने के लिए आए तो ग्रामीणों को देखकर दोनों भाग गया। पुलिस वादी के आवेदन पर मामला दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

## जिला अन्तर्गत लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द करें समाधान- उपायुक्त....



**पाकुड़** : आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान अबुआ आवास, जमीन, कृषि विभाग, दीदी बाड़ी योजना से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

# झारखंड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के 15 परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू

**निषेधाज्ञा लागू**

**अनुमंडल दंडाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए निषेधाज्ञा लागू किया गया...**

**पाकुड़** : झारखण्ड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजन दिनांक-21.09.2024 एवं दिनांक-22.09.2024 को पूर्वाह्न- 08.30 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक तीन पालियों में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा का आयोजन हेतु पाकुड़ प्रखण्ड अंतर्गत कुल-15 परीक्षा केन्द्र बनाए गये है। उक्त परीक्षा को स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त वातावरण में आयोजन हेतु परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक दण्डाधिकारी/प्रेक्षक / पुलिस पदाधिकारी एवं गश्ती दल दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। अतः झारखण्ड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संचालन को ध्यान में रखते हुए प्रवीण केरकेटट्टा, अनुमंडल दण्डाधिकारी, पाकुड़ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक-21.09.2024 को परीक्षा प्रारंभ से 01 घंटा पूर्व से परीक्षा समाप्ति की तिथि दिनांक- 22.09.2024 के संध्या-06.00 बजे तक के पाकुड़ जिला अंतर्गत परीक्षा केंद्र के०के०एम कॉलेज, पाकुड़, पाकुड़ पॉलिटेक्निक कॉलेज,डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, पाकुड़, हरिणडांगा उच्च विद्यालय, पाकुड़, रानी ज्योतिर्मय बालिका उच्च विद्यालय, पाकुड़, आदर्श बिल्टू मध्य विद्यालय, पाकुड़, मध्य विद्यालय, धनुषपूजा, डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस बालिका, पाकुड़, मध्य विद्यालय हरिणडांगा, पाकुड़ पश्चिमी, जिदातो बालिका उच्च विद्यालय, पाकुड़, डीएवी पब्लिक स्कूल, पाकुड़, दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाकुड़, संत जोसेफ स्कूल, पाकुड़, एलाईट पब्लिक स्कूल, पाकुड़ एवं संत डॉन बॉस्को स्कूल, पाकुड़ के 200 मीटर की परिधि में सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए निषेधाज्ञा लागू करता हूं। यह निषेधाज्ञा के आलोक में कोई भी व्यक्ति/ ग्रामीण जनता 05 से अधिक व्यक्तियों को एक जगह पर एकत्रित होने, घातक हथियार लेकर चलने, मजमा लगाने आदि पर प्रतिबंध रहेगा।निषेधाज्ञा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# बोरिंग के नाम पर हो रहा लूट, विधायक बने तो एक-एक का कराएंगे जांच- अजहर इस्लाम



**पाकुड़** : आजसू नेता युवा समाजसेवी अजहर इस्लाम ने गुरुवार को देर शाम सदर प्रखंड अंतर्गत संग्रामपुर पंचायत के घेराबाड़ी में जनसभा में शिरकत किया। उन्होंने अपने शुरुआती संबोधन में सभा में घंटो देर से पहुंचने के बावजूद लंबा इंतजार करने के लिए ग्रामीणों का आभार जताया। अजहर इस्लाम ने कहा कि यहां शाम 4:30 बजे सभा में मुझे उपस्थित होना था। लेकिन बंगाल में मेरे अपने रिश्तेदार के निधन हो जाने से जनाजा में शामिल होने के लिए बंगाल जाना पड़ा। जिस वजह से आने में काफी देर हो गई। आप सभी ने मेरा इंतजार किया, इसके लिए सभी का धन्यवाद करता हूं। अजहर इस्लाम ने कहा कि जिंदगी भर आप और हम कांग्रेस को वोट देते आ रहे हैं। लेकिन आम लोगों को उसका कोई फायदा नहीं मिला। अजहर इस्लाम ने कहा कि आज भी पानी और बिजली के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा की स्थिति बदतर है। उन्होंने कहा कि मैं जब राजनीति में आया, तब शुरू में ही संग्रामपुर मदरसा आया था। मदरसा में मीटिंग के दौरान जानकारी मिली कि पानी की समस्या के चलते छात्रों को काफी ज्यादा परेशानी होती है। मैंने अपने प्रयास से बोरिंग के साथ पाइपलाइन बिछाने का काम किया। अगर मैं साधारण व्यक्ति होकर भी यह काम कर सकता हूं, तो कोई विधायक क्यों नहीं कर सकते हैं। जिनके पास सालाना करोड़ों रुपए फंड में आता है। अजहर इस्लाम ने विधायक फंड से बोरिंग में धांधली का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस इलाके में एक ही व्यक्ति है, जो विधायक फंड से पानी आपूर्ति के नाम पर बोरिंग का काम करवाते हैं। अजहर इस्लाम ने कहा कि बोरिंग के नाम पर लूट होती है। इसी वजह से इतनी बोरिंग किए गए, फिर भी पानी नहीं मिल रहा है। अगर एस्टीमेट में 600 फीट बोरिंग करना है, तो 300 फिट करके छोड़ देता है। अजहर इस्लाम ने कहा कि अगर मैं विधायक बना, तो जितने भी बोरिंग का काम हुआ है सबका जांच कराएंगे। अजहर इस्लाम ने बिजली बिल माफी को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिजली बिल माफी का लाभ अमीरों को मिला है। इस इलाके के गरीब लोगों को बिजली बिल माफी से कोई लाभ नहीं मिला। अजहर इस्लाम ने कहा कि इस इलाके के गरीब उपभोक्ता हर महीने बिल देने के लिए तैयार है। सरकार से बिल माफी नहीं चाहिए, बल्कि 24 घंटा बिजली चाहिए। अजहर इस्लाम ने यह भी कहा कि जनता को क्या चाहिए, उन्हें बस पानी, बिजली शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं चाहिए। लेकिन 20 साल में भी यहां के विधायक ने कोई काम नहीं किया। अजहर इस्लाम ने कहा कि मैं आप सबों से वादा करता हूं कि जो काम 20 साल में नहीं हुआ 5 साल में करके दिखाऊंगा। उन्होंने स्थानीय विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि विधायक कहते हैं हमने पुल बना दिया रास्ता बना दिया। यह कहने वाले विधायक ने अपने पैसे से नहीं किया, बल्कि जनता के पैसे से किया है। अजहर इस्लाम ने कहा कि सरकार जो भी योजना का लाभ आपको देती है, वह आप ही का पैसा का है। आप अगर नमक भी खरीदते हैं तो उसका टैक्स लगता है और वही टैक्स का पैसा सरकार के पास जमा होता है। जिससे योजना के नाम पर आपको देने की बात करता है। अजहर इस्लाम ने विधायक पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि इस इलाके में दलाल किस्म के लोग रखे हुए हैं। अगर आप में से किसी गरीब के लिए कोई योजना आती है तो दलाल आपसे कहता है कि हम करा देंगे और फिर आपसे पैसा ले लेता हैं। आपके नाम से आवास आता है तो 20,000, 40,000 रुपए दलाली ले लेता है। आप उन्हें पैसा क्यों दीजिएगा। अजहर इस्लाम ने कहा कि ऐसे दलालों को पैसा बिल्कुल भी नहीं देना है। मेरा सीधा सिद्धांत है ना खाऊंगा और ना किसी को खाने दूंगा। अजहर इस्लाम के जबरदस्त भाषण से लोग तालियां बजाने को मजबूर हो गए। जनसभा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



# बिहार में 1000 नए पुल बनाएगी केंद्र सरकार, 10 हजार किलोमीटर रोड की मरम्मत भी करेगी

**पटना, एजेंसी।** बिहार के ग्रामीण इलाकों के 1000 क्षतिग्रस्त पुलों की जगह नए ब्रिज के निर्माण में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार मदद करेगी। यही नहीं, केंद्र ने 10 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की मरम्मत का भी भरोसा नीतीश सरकार को दिया है। साथ ही बिहार के संपर्कता से छूटी 7209 बसावटों को पीएमजीएसवाई-4 में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गुरुवार को दिल्ली में बिहार के ग्रामीण सड़कों और पुलों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव अमित शुक्ला, निदेशक केएम सिंह, बिहार ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, अभियंता प्रमुख भगवत राम, पीएमजीएसवाई के नोडल पदाधिकारी कुमार राजीव रंजन मौजूद रहे।

इस बैठक में बिहार सराकर की ओर से ग्रामीण सड़कों पर लगभग 1000 क्षतिग्रस्त पुलों के स्थान पर नए पुल, नवसृजित कटाव के कारण प्रस्तावित पुल के साथ छूटे पुलों के निर्माण कराने का आग्रह किया गया।

इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जिलावार संख्या, लंबाई एवं अनुमानित राशि की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश राज्य के पदाधिकारियों को दिया। बैठक में संपर्कता से छूटे 7209 बसावट और टोलों को सम्पर्कता प्रदान करने के लिए इन्हें पीएमजीएसवाई-4 में शामिल करने का अनुरोध किया गया। केंद्र सरकार ने इनके लिए 8283 किलोमीटर प्रस्तावित सड़क में से निर्धारित मापदंड के तहत आने वाली बसावटों-टोलों को संपर्कता प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में बिहार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित एवं अपना निर्धारित समय पूर्ण कर चुके लगभग 10 हजार किलोमीटर सड़क के उन्नयन, मजबूतीकरण व चौड़ीकरण करने का आग्रह किया।

इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राज्य के पदाधिकारियों को ऐसी सभी महत्वपूर्ण सड़कों के लिए विस्तृत विवरणी लंबाई के साथ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### निष्काम भाव से करें अपना कर्म : डॉ. अशोक

**दरभंगा, एजेंसी।** महारानी कल्याणी कॉलेज में एनएसएस इकाई तथा स्वामी विवेकानंद कैंसर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर जागरूकता शिविर सह सेवा ही धर्म विषय पर गुरुवार को विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैंसर अस्पताल के संस्थापक डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हृदय रोग के बाद कैंसर रोग मानव मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। हृदय रोग की तुलना में कैंसर रोगी को अत्यधिक कष्ट झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमें अहंकार भाव से नहीं, बल्कि निष्काम भाव से कर्म करना चाहिए। पीड़ित मानवता की सेवा ही मानव का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कर्म होना चाहिए। डॉ. बीबी शाही ने कहा कि पान मसाला, गुटखा एवं खैनी आदि के अधिक सेवन के कारण दरभंगा में मुंह के कैंसर के मामले लगातार तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रारंभिक अवस्था में पता लगने से कैंसर का शत-प्रतिशत इलाज संभव है। डॉ. सुधाकर सिंह ने कहा कि एक सिगरेट पीने से मानव की औसतन आठ मिनट आयु कम हो जाती है। एनएसएस समन्वयक डॉ. आरएन चौरसिया ने कहा कि नियमित खेलकूद, व्यायाम, योग-प्राणायाम को अपनाने तथा मसाला, जंक एवं फास्ट फूड को त्याग कर अच्छी जीवनशैली जीने से कैंसर रोग को कम किया जा सकता है। लनामिवि के भूसंपदा पदाधिकारी डॉ. कामेश्वर पासवान ने छात्र- छात्राओं से खुद को कैंसर से बचाते हुए समाज को भी बचाने का आह्वान किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. मो. रहमतुल्लाह ने कैंसर से बचाव के विभिन्न तरीकों को अपने जीवन में अपनाने की छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि मन में करुणा का भाव लेकर समाजसेवा करना ही वास्तविक सेवाधर्म है। मौके पर परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

### जलालगढ़ में पंचायत समिति की बैठक शांतिपूर्ण संपन्न

**पूर्णिया, एजेंसी।** जलालगढ़ प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख निखिल किशोर उर्फ भिखारी यादव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ममता कुमारी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभाग के अधिकारियों के भाग नहीं लेने उन पर स्पष्टीकरण पूछे जाने का निर्णय लिया गया। दनसार पंचायत में मोटेशन में हो रहे धांधली पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया। दर्जियाबाड़ी में गरीबों को सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध हो जाने के बाद भी लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिए जाने पर भी चर्चा हुई तथा उसे खाली करने के लिए प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया। कई पंचायत में खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध कराने का ध्यान आकृष्ट कराया गया। कई उप स्वास्थ्य केंद्र जब तक डॉक्टर उपलब्ध नहीं होता तब तक नर्स उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री आवास प्रतीक्षा सूची उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप रजक के द्वारा बिहार सरकार कृषि एप का संपूर्ण जानकारी दी गई। सहकारिता के जितने भी वोटर उनको सूची मांगी गई ताकि नया वोटर बनाया जा सके। सोलर लाइट को लेकर काफी गमहा गहमी हुई। उपस्थित सदस्यों ने बताया कि जहां-जहां सोलर लाइट लगी है उनमें 60 से 70प्रतिशत खराब है। बैठक में शिक्षा ,मनरेगा ,स्वास्थ्य ,पशुपालन आदि पर भी चर्चा हुई।

### विषाक्त भोजन खाने से पांच लोग हुए बीमार, भर्ती

**सहरसा, एजेंसी।** पुरीख गांव में बुधवार को विषाक्त भोजन खाने के कारण एक ही परिवार के पांच लोगों की तबीयत बिगड़ गई।सभी लोगों को पंचगछिया अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी लोगों को बेहतर उपचार के लिये सहरसा भेजा गया। बताया जाता है कि पुरीख गांव निवासी मनीष पंडित के यहां बुधवार को दोपहर में खाना खाने के लिये चावल,दाल और सब्जी बनाया गया था। शाम में पहले एक सदस्य को उल्टी हुई । फिर घर के दूसरे सदस्य को भी उल्टी हुई और उसकी भी तबीयत बिगड़ गई। उल्टी के बाद मनीष पंडित, देवकी देवी, गीता कुमारी, अखिलेश कुमार एवं छोटी कुमारी की तबीयत बिगड़ने लगी। सहरसा में ईलाज होने के बाद देर रात से सबों की तबीयत ठीक होने लगी। बताया जाता है कि खाने में कोई जहरीले चीज के गिरने के बाद खाने से इस तरह की समस्या हुई थी।

### एक करोड़ नये मेंबर बनाएगा राजद

# दिल्ली में लालू तो पटना में तेजस्वी के हाथ अभियान की कमान



**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल( आरजेडी ) ने इस बार एक करोड़ नए लोगों को पार्टी से बतौर सदस्य जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। गुरुवार को दिल्ली और पटना से पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। इसके साथ देश के बीस राज्यों में पार्टी का सदस्यता कार्यक्रम शुरू हो गया है। पटना में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने प्रदेश राजद कार्यालय के कर्पूरी सभागार में पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की तो दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने। बिहार में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। इसके मद्देनजर पार्टी ने सदस्यता अभियान में पूरी ताकत झोंक दिया है।

लालू प्रसाद ने नई दिल्ली में पार्टी सांसद डॉ. मीसा भारती के आवास पर अभियान की शुरुआत की। तेजस्वी को प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने तो लालू को राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी आदि ने सदस्यता रसीद दी। इसके साथ ही बिहार सहित देश के 20 राज्यों में सदस्यता अभियान शुरू हो गया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोगों का प्रयास सभी जाति-धर्म एवं वर्ग के लोगों को पार्टी से जोड़ना है। कार्यकर्ताओं को एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया।

तेजस्वी यादव ने इस मौके पर कहा कि भाजपा के दिल्ली और बिहार में जितने सदस्य हैं, उतने वोट भी उन्हें नहीं मिलते। राजद कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी का सदस्य बनाएं। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि नवादा की घटना के दोषी को सजा मिलनी चाहिए। पार्टी की जांच कमेटी शुक्रवार को घटनास्थल पर जाएगी। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के बयान पर कहा कि उन्हें कुछ पता नहीं रहता है। इसमें शामिल लोगों की पुलिस ने लिस्ट जारी की है। वे केंद्र सरकार में हैं, राज्य सरकार पर दवाब बनाकर दोषी को सजा दिलाएं। पटना के कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह और संचालन प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने किया। मौके पर राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सांसद संजय यादव, झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार यादव आदि मौजूद थे।

इधर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने एक बार फिर कहा है कि तेजस्वी नौवीं कक्षा में फेल हो गए और जब वे क्रिकेट खेलने गए तो वहां पानी ढोते थे। तेजस्वी यादव की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की असली पहचान सिर्फ लालू यादव के पुत्र के रूप में हैं। उनका किसी महत्वपूर्ण मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है। उनकी राजनीति सिर्फ जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटकर चुनाव जीतना है। उन्हें चुनौती है कि वह जीडीपी को परिभाषित कर दें।

# बाढ़ के पानी में डूबकर बुजुर्ग की मौत



### भोजपुर में मवेशियों को लेकर आ रहे थे, मछुआरों ने परिजनों को दी जानकारी

**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के कारनामेपुर थाना क्षेत्र के रामदत्तही गांव में गुरुवार को बाढ़ के पानी में डूबने से बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक कारनामेपुर थाना क्षेत्र के रामदत्तही गांव वार्ड नंबर-14 निवासी स्व.राम आश्रय मलाह के 60 वर्षीय पुत्र बुटाई मलाह हैं। वह मछली मारने का काम करते थे। मृतक के बेटे फागु मलाह ने बताया कि उनके घर से कुछ दूरी पर दरवाजा है, जहां मवेशी रहते हैं। वे वहीं पर रहा करते थे और सिर्फ खाना खाने के लिए घर पर आते थे। गांव सहित सभी आसपास के इलाके में बाढ़ का पानी बहुत ज्यादा भर गया है। वह मवेशी को लेकर बाढ़ के पानी में प्रवेश कर घर आ रहे थे। इसी बीच वह बाढ़ के पानी में डूब गए। उनके डूबने के घंटों बाद एक मछुआरों ने सूचना दी कि पिता बाढ़ के पानी में डूब गए हैं।

### मछुआरों के सहयोग से लाश निकाली गई

सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और स्थानीय मछुआरों के सहयोग से उनके शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद परिजन उनके शव को थाना लाया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम आरा सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी मीरा देवी, चार पुत्र अजय मलाह, त्रिलोकी मलाह, फागु मलाह, मंटू चौधरी और दो पुत्री फूलकुमारी देवी व शिवकुमारी देवी है। घटना के बाद मृतक की पत्नी मीरा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# किराए के कमरे में मिला महिला का शव, 15 दिन पहले रेंट पर आई थी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में गुरुवार देर रात एक महिला का शव किराए के घर में मिला। 15 दिन पहले रेंट पर महिला पति और भैंसुर के साथ आई थी। महिला को छोड़कर वे लोग चले गए। वो अकेले कमरे में रह रही थी। कमरे से जब बदबू आने लगी तो आसपास के किराएदारों ने मकान मालिक को जानकारी दी। मकान मालिक ने ताला तोड़कर देखा तो पता चला लाश पड़ी है। पुलिस को बुलाया गया। पुलिस के अनुसार लाश करीब 4 दिन पुरानी है। मृतका पूर्वी चंपारण के हुसेनी गांव की रहने वाली थी। मामला अहियापुर थाना क्षेत्र के कोल्हूआ पैगंबरपुर मिडिल स्कूल के पास की है।

**आधार कार्ड से महिला के बारे में पता लगाया जा रहा :** अहियापुर पुलिस ने मकान मालिक दिवाकर कुमार से पूछताछ की। दिवाकर महिला का नाम नहीं बता पाए। मकान मालिक ने पुलिस को पूर्वी चंपारण के पुरैना निवासी रवि कुमार के आधार कार्ड की छाया प्रति दी है। जिस युवक के आधार कार्ड की छाया प्रति दी गई उसे महिला ने अपना भाई बताया था। अहियापुर थानेदार ने बताया कि बाहर से बंद कमरे में महिला का शव मिला है। एफएसएल से छानबीन कराई जा रही है। मकान मालिक ने एक आधार कार्ड दिया है। उससे महिला का सुराग लगाया जा रहा है।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चलेगा :** एसडीपीओ-2 विनिता सिन्हा ने बताया कि शव चार दिन पुराना लग रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। द्व्ह्यद्य की टीम घटना स्थल की जांच कर रही है। बाकी किराएदार से बात हुई तो पता चला कि कुछ दिन पहले महिला डॉक्टर से मिलने गई हुई थी।

# समस्तीपुर में गंगा ने धारण किया रौद्र रूप: 25 से अधिक गांवों में घुसा पानी

### मोहनपुर में खतरे के निशान से 2.05 मीटर ऊपर बह रही

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर से गुजरने वाली गंगा नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। गुरुवार शाम खतरे के निशान से 2.05 सेमी ऊपर बह रही थी। गंगा नदी के जलस्तर में हो रही लगातार वृद्धि के कारण मोहनपुर मोहिउद्दीन नगर और विद्यापति नगर प्रखंड के 25 से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। कई जगहों पर सड़क संपर्क भंग हो गया है। खासकर मोहनपुर प्रखंड के गांव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। यहां धरनी पट्टी पंचायत के अधिकतर गांव से जिला और प्रखंड मुख्यालय का संपर्क खत्म हो गया है। लोग नाव के सहारे ही आवाजाही कर रहे हैं। दोबारा आई गंगा नदी में बाढ़ के कारण दियारा इलाकों में स्थिति गंभीर हो गई है। इन इलाकों के कुल 39 प्राइमरी और मध्य विद्यालय को तत्काल बंद कर दिया गया है। मोहनपुर प्रखंड के धरनी पट्टी पश्चिम पंचायत के हरदासपुर, सरसावा, जहैंगरा, बघरा के अलावा डुमरी दक्षिणी पंचायत डुमरी उत्तरी पंचायत, जलालपुर बिशनपुर बेरी, मटियोर, राजपुरा गांव में गंगा नदी का पानी प्रवेश कर गया है। इस कारण बिंदगामा से जौनपुर जाने वाली सड़क पर करीब एक से डेढ़ फीट पानी बह रहा है। इसी तरह डुमरी से दियारा मोड जाने वाली सड़क पर भी पानी है। सड़क पर पानी चढ़ जाने के कारण इस इलाके के लोगों का प्रखंड मुख्यालय से सड़क संपर्क भंग हो गया है। लोग नाव के सहारे आवाजाही को मजबूर हैं। मोहिउद्दीन नगर प्रखंड में गंगा नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण मोहिउद्दीन नगर प्रखंड के 8 पंचायत में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। इन पंचायत में राजपुर पतासिया पूर्वी, राजपुर पतासिया पश्चिम, बोचहा, मोहम्मदीपुर, कुरसाहा, तेतारपुर और हरैल पंचायत के गांव शामिल है। इन गांव की कई सड़कों पर बाढ़ का पानी बहने से सड़क यातायात बंद हो गया है। उधर, विद्यापति नगर प्रखंड के भी आधा दर्जन दियारा इलाके के पंचायत में गंगा नदी का पानी भर गया है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### डीएम ने किया बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा

इस बीच डीएम रोशन कुशवाहा द्वारा अंचल मोहनपुर मोहिद्दीननगर और विद्यापति नगर के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया गया किया है । भ्रमण के दौरान महत्वपूर्ण कटाव क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया । सभी संबंधित पदाधिकारियों और संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया गया ।

# अचानक सड़क पर दिखा मगरमच्छ, 30 सेकेंड तक रुका था, फिर जंगल में भागा



**बगहा ( वाल्मिकीनगर), एजेंसी।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व स्थित धोबहा पुल के निकट एक दृश्य देखने को मिला जिसने वहां मौजूद लोगों को हैरान कर दिया। रात के समय वाल्मीकि नगर मुख्य पथ पर एक विशाल मगरमच्छ सड़क पार करता नजर आया। इस अद्भुत पल को वाल्मीकि नगर के निवासी राहुल देव ने न सिर्फ देखा बल्कि इसका वीडियो भी बना लिया। राहुल ने बताया कि वह अपनी गाड़ी से जा रहे थे जब अचानक उनकी नजर इस भारी-भरकम मगरमच्छ पर पड़ी। चौंकते हुए उन्होंने तुरंत गाड़ी के ब्रेक लगाए और मगरमच्छ को सड़क पार करते हुए देखने लगे। लगभग 30 सेकेंड तक चले इस रोमांचक नजारे में मगरमच्छ ने धीरे-धीरे सड़क पार की और जंगल की ओर चला गया। यह घटना उस वक्त और भी दिलचस्प हो गई जब राहुल ने इस पूरे दृश्य को अपने मोबाइल में कैद कर लिया। वीटीआर के आसपास के इलाके में अक्सर वन्य जीवों को सड़क पार करते हुए देखा जाता है, लेकिन टाइगर रिजर्व के इस क्षेत्र में मगरमच्छ का देखा जाना आश्चर्य की बात है ।

दरअसल, वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के अंदर जो भी नदियां हैं वे नदियां पहाड़ी नदी है, इन नदियों में मगरमच्छ नहीं पाया जाता है। हालांकि अंदाजा लगाया जा रहा है कि गंडक नदी से निकलकर जंगल के रास्ते होते हुए मगरमच्छ यहां आ गया होगा। स्थानीय लोग और पर्यटक अब इस वीडियो को देखकर हैरान हैं और इसे वन्यजीवन के साथ मानव जीवन के सीधे संपर्क का अद्भुत उदाहरण मान रहे हैं। मगरमच्छ करीब 20 करोड़ साल से धरती पर हैं, जो उन्हें डायनासोर के समकालीन बनाता है। यह उन्हें हमारे ग्रह के सबसे पुराने जीवों में से एक बनाता है। मगरमच्छ अपने जीवनकाल में 50 बार तक अपने दांतों को बदल सकते हैं। एक मगरमच्छ के मुंह में लगभग 80 दांत होते हैं और जब भी दांत टूटते हैं, नए दांत अपने आप उग आते हैं। मगरमच्छ पानी में बेहद तेज तैराक होते हैं। वे अपनी पूंछ के बल पर तैरते हैं और पानी में 32 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तैर सकते हैं। मगरमच्छ पानी के अंदर 1 से 2 घंटे तक सांस रोक सकते हैं। यह उन्हें शिकार करने में मदद करता है, क्योंकि वे बिना हिले-डुले लंबे समय तक शिकार का इंतजार कर सकते हैं। मगरमच्छ का जबड़ा पृथ्वी पर सबसे शक्तिशाली काटने वाली मांसपेशियों में से एक है। एक मगरमच्छ का काटने का दबाव 3,700 पाउंड प्रति वर्ग इंच होता है, जो किसी भी अन्य जानवर से अधिक है। मगरमच्छ ठंडे खून वाले होते हैं, इसलिए उनका शरीर का तापमान बाहर के वातावरण पर निर्भर करता है। वे धूप में बैठकर अपने शरीर को गर्म रखते हैं और ठंडे पानी में ठंडा करते हैं। मगरमच्छ रात में शिकार करने में माहिर होते हैं, क्योंकि उनकी आंखें कम रोशनी में भी बेहतरीन तरीके से देख सकती हैं। उनकी गंध और सुनने की क्षमता भी बेहद तेज होती है, जिससे वे शिकार को दूर से भी महसूस कर सकते हैं। मादा मगरमच्छ अपने अंडों की बहुत सुरक्षा करती हैं। अंडे देने के बाद वह घोंसले की चौकसी करती हैं और बच्चों के पैदा होते ही उन्हें अपने मुंह में उठाकर पानी में ले जाती हैं। मगरमच्छ की विभिन्न प्रजातियां होती हैं, जिनमें से कुछ प्रजातियां 6-7 मीटर लंबी और 1,000 किलोग्राम तक वजनी हो सकती हैं। सबसे बड़े मगरमच्छ को सॉल्टवॉटर मगरमच्छ माना जाता है। मगरमच्छ के दिल में चार कक्ष होते हैं, जो अन्य सरीसृपों से अलग है। यह उन्हें बहुत प्रभावी ढंग से अपने शरीर के तापमान और ऊर्जा का प्रबंधन करने में मदद करता है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### आतिशी के सिर ताज

दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे और आतिशी को विधायक दल की नई नेता चुने जाने से दिल्ली सरकार में महीनों से जारी एक संकट दूर हो गया है। जेल से केजरीवाल के सरकार चलाने के पीछे चाहे जो भी राजनीतिक निहितार्थ रहे हों, सांविधानिक गरिमा के अनुकूल तो वह स्थिति खैर नहीं ही थी और जमानत पर रिहा होने के बाद भी उन पर जिस तरह की अदालती शर्तें आयद हैं, एक मुख्यमंत्री की स्वतंत्र कार्य-प्रणाली में उनसे अड़चनें ही आतीं। लिहाजा, नए मुख्यमंत्री का चुनाव न सिर्फ दिल्ली की जनता के हित में था, बल्कि खुद केजरीवाल के राजनीतिक भविष्य के मुफीद भी था। निस्संदेह, आम आदमी पार्टी की धुरी आज भी अरविंद केजरीवाल ही हैं। विधायक दल की नेता चुने जाने के बाद आतिशी का सार्वजनिक रूप से यह कहना कि वह सिर्फ अगले चुनाव तक पदभार संभाल रही हैं, पार्टी के भीतर किसी नए केंद्र की आशंका को तिरोहित करना तो है ही, कहीं न कहीं यह वरिष्ठ नेताओं की आहत महत्वाकांक्षाओं पर मरहम रखना भी है। निस्संदेह, विधायक के रूप में आतिशी का यह पहला कार्यकाल है, और किसी गैर-राजनीतिक पारिवारिक पृष्ठभूमि की महिला का पांच साल के भीतर यूं मुख्यमंत्री की कुरसी तक पहुंचने का यह विरल उदाहरण भी है। जाहिर है, इस ताजपोशी के पीछे पार्टी के प्रति आतिशी की अटूट निष्ठा की अहम भूमिका है। पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के साथ मिलकर राजधानी के सरकारी स्कूलों के कायाकल्प में उन्होंने जैसा काम किया है, वह किसी से छिपा नहीं है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व- अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के जेल जाने के बाद जिस तरह से उन्होंने सौरभ भारद्वाज और अन्य साथियों के साथ मिलकर सड़क से लेकर मीडिया तक आम आदमी पार्टी की जंग लड़ी, उससे कार्यकर्ताओं में उनकी एक जुझारू छवि बनी है। ऐसे में, उनसे उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। अरविंद केजरीवाल ने महाराष्ट्र और झारखंड के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव कराने की मांग की है, उनकी यह मांग नहीं मानी गई, तब भी अगले साल फरवरी के पहले पखवाड़े तक चुनाव कराने होंगे। ऐसे में, आतिशी के पास अपनी शासकीय छाप छोड़ने के लिए बहुत अधिक समय नहीं है। फिर जिस सूबे की वह मुखिया बनी हैं, वह सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसी दिग्गज महिला नेताओं का शासन देख चुका है। खासकर शीला दीक्षित के लंबे कार्यकाल में दिल्ली ने विकास के न सिर्फ ऊंचे मापदंड देखे, बल्कि शालीन राजनीति का पाठ भी देश को पढ़ाया।

### आप सरकार के दावे खोखले

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार का यह दावा रहा है कि उसने यहां स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं और आम जनता को इसका बहुत ज्यादा लाभ मिला है। मगर अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिनसे पता चलता है कि सरकार के दावों के बरक्स जमीन पर हकीकत बहुत अलग है। खासतौर पर दिल्ली के अस्पतालों की हालत यह है कि किसी मरीज को समय पर इलाज नहीं मिल पाया, उसे अलग-अलग अस्पतालों में भटकना पड़ा और आखिर इसी वजह से उसकी जान चली गई। गौरतलब है कि दिल्ली के हरिदास नगर इलाके में एक क्लस्टर बस की टक्कर से बुरी तरह घायल एक युवक को लेकर उसके परिजन एम्स के स्वास्थ्य केंद्र, दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल में भटकते रहे, मगर इलाज नहीं मिल पाया। हार कर उन्होंने युवक को जब एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, तब तक तीन घंटे से ज्यादा वक्त गुजर गया था। इस बीच युवक की हालत इतनी बिगड़ गई कि आखिर उसने दम तोड़ दिया। युवक इतनी देर तक बचा रहा तो इससे साफ है कि अगर उसे समय पर उचित इलाज मिल जाता तो वह जिंदा बच जाता। मगर बढ़-चढ़ कर किए जाने वाले दावों की हकीकत यह है कि आपात स्थिति में होने के बावजूद सही वक्त पर इलाज नहीं मिल सका और युवक की जान चली गई। ऐसा नहीं है कि यह इस तरह का कोई अकेला मामला है। इससे पहले जनवरी और अप्रैल में भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जब आपात अवस्था में अलग-अलग मरीजों को अस्पतालों में भटकने पर मजबूर होना पड़ा और इसी क्रम में हुई देरी की वजह से आखिर उसकी मौत हो गई। कहने को देश की राजधानी दिल्ली में बड़े और बहुत अच्छे अस्पताल हैं, लेकिन आपात अवस्था में जान बचाने की भूख में पहुंचे किसी व्यक्ति के इलाज के लिए कहीं चिकित्सक उपलब्ध नहीं हो पाती, तो कहीं बिस्तर या फिर चिकित्सीय उपकरणों की कमी के दुश्चक्र में फंस कर उसकी जान चली जाती है। इस अफसोसनाक तस्वीर के रहते दिल्ली के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के दावों को कैसे देखा जाएगा?

## मोदी सरकार की सौ दिन की उपलब्धियां भी कम नहीं

(उमेश चतुर्वेदी)

मोदी सरकार का दावा है कि उसने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों में मध्यम वर्ग को भी बहुत राहत दी है। अब सात लाख तक की आय पर टैक्स नहीं लेने का फैसला किया गया है। वहीं मानक कर कटौती की सीमा 75 हजार कर दी गई है। संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी सरकार के लिए सौ दिनों का समय बहुत ज्यादा नहीं होता। हां, अगर शपथ ग्रहण से पहले भी उसी दल और नेतृत्व की सरकार हो तो सौ दिन के कार्यकाल में बहुत कुछ किया जा सकता है। इन अर्थों में देखें तो मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के खाते में कई उपलब्धियों का बोलबाला है। मोदी सरकार ने अपनी उपलब्धियों का खुद भी एक लेखा-जोखा पेश किया है। जिसमें सामाजिक, आर्थिक और कूटनीतिक तीनों तरह की कामयाबी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल के नवंबर महीने में विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए चार जातियों का उल्लेख किया था। उनकी नजर में अब चार जातियां हैं, गरीब, युवा, महिला और किसान हैं, जिन पर उनका पूरा ध्यान है। कहना न होगा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में इन चारों जातियों को लेकर तमाम योजनाएं बनाई और शुरू की गई हैं। वहीं बुनियादी ढांचा के विकास, पिछड़ी जातियों, दलितों, आदिवासियों को लेकर भी कई योजनाएं मंजूर की गई हैं। मोदी सरकार ने अपने पहले सौ दिन के कार्यकाल में कानून व्यवस्था को सुधारने, भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति को आगे बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के मोर्चे पर कई कदम उठाए हैं। जहां तक बुनियादी ढांचे के विकास की बात है तो मोदी सरकार ने अपने पहले सौ दिन के कार्यकाल में सड़क विकास, रेल मार्ग, हवाई सेवा और बंदरगाह के विकास को लेकर तीन लाख करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति दी है। इस दौरान आठ हाई स्पीड कारीडोर बनाने की मंजूरी दी गई है। जाहिर है कि अगर ये योजनाएं जमीनी हकीकत बनीं तो जहां लाखों नए रोजगार का सृजन होगा, वहीं कारोबार को नई गति

*मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में उत्तर पूर्व के आतंकी संगठनों एनएलएफटी और एटीटीएफ के साथ शांति समझौता किया है। साइबर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पांच साल में पांच हजार साइबर सुरक्षा कमांडो तैनात करने का भी फैसला लिया गया है। हालांकि सुरक्षा के मोर्चे पर मोदी सरकार के लिए मणिपुर अब भी चिंता की वजह बना हुआ है, कानून व्यवस्था को सुधारने की दिशा में अंग्रेजों के जमाने के कानूनों को बदलकर भारतीय न्याय संहिता समेत तीन कानून देशभर में एक साथ एक जुलाई से लागू किए जा चुके हैं।*

मिलेगी और किसानों को उनकी उपज के बाजार तक सीधी और तीव्र पहुंच मिलने का योग बनेगा। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में ही देशभर के पात्र किसानों को किसान सम्मान निधि की उन्नीसवी किश्त जारी की गई, जिसके तहत नौ लाख तीस हजार किसानों के खाते में बीस हजार करोड़ की रकम सीधे पहुंचाई गई है। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों में पर्यावरण केंद्रित ऊर्जा संरक्षण और उत्पादन की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत देश के पूर्वोत्तर इलाके में 41 सौ करोड़ की लागत से पनबिजली, सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा की योजनाएं मंजूर की हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन भी चालू किया गया है। मोदी सरकार का दावा है कि उसने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों में मध्यम वर्ग को भी बहुत राहत दी है। अब सात लाख तक की आय पर टैक्स नहीं लेने का फैसला किया गया है। वहीं मानक कर कटौती की सीमा 75 हजार कर दी गई है। जबकि पारिवारिक पेंशन की छूट का दायरा 25 हजार किया गया है। हालांकि इसका फायदा अगले वित्त वर्ष से ही मिल सकेगा। वैसे यहां एक बात और ध्यान रखने की है कि मध्य वर्ग ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में कर छूट में और वृद्धि की उम्मीद लगाए बैठा था। मानसून के दौरान भारी बारिश के चलते खाद्यान्न और सब्जियों की महंगाई ने मध्यम वर्ग पर नया बोझ भी बढ़ाया है। जिसकी तरफ अभी सरकारी तंत्र का ध्यान नजर नहीं आ रहा। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' यानी कारोबार को सहज एवं आसान बनाने की दिशा में भी बड़ी पहल की है। देश में विदेशी निवेश बढ़ सके, इस दिशा में सरकार ने विदेशी कंपनियों के लिए कारपोरेट टैक्स को चालीस प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही अंतरिक्ष क्षेत्र में स्टार्टअप के लिए एक हजार करोड़ के वेंचर कैपिटल फंड का प्रावधान भी किया गया है। मोदी सरकार ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास की ओर भी ध्यान दिया है। इसके तहत 23 अगस्त को पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाना शुरू किया गया है। इसी दिन पिछले साल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का मिशन सफल हुआ था। इसके साथ ही गुजरात के साणंद में सेमीकंडक्टर इकाई लगाई गई है। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन में महिलाओं के लिए जहां दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत दस करोड़ महिलाओं को संगठित करके 90 लाख स्वयंसहायता समूह बनाने का लक्ष्य पूरा किया है, वहीं 11 लाख नई लखपति दीदियों प्रमाण पत्र दिया है। मोदी सरकार ने इस अवधि में आदिवासियों की सामाजिक स्थिति में सुधार को लेकर भी कदम उठाए हैं। आदिवासी समुदाय के लिए जारी नमस्ते योजना का विस्तार किया गया है। वहीं साठ साल से अधिक उम्र वाले दिव्यांग लोगों को एक लाख 17 हजार नए दिव्यांग कार्ड दिए गए हैं। भारत युवाओं का देश है। उनमें बेरोजगारी भी है। इसे ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने अपने इस कार्यकाल में दो लाख करोड़ के प्रधानमंत्री पैकेज का ऐलान किया है, जिसका इस्तेमाल रोजगार को बढ़ावा देने के साथ ही कौशल विकास में किया जा रहा है। इसके साथ ही एक करोड़ युवाओं को देश की प्रमुख कंपनियों में एक साल के लिए इंटर्नशिप का अवसर भी दिया जा रहा है। युवाओं और खिलाड़ियों को ध्यान में रखते हुए 'खेलो इंडिया' के तहत नई योजना शुरू की गई है। इसके साथ ही कर्मचारी प्रोविडेंड फंड संगठन की व्यवस्था में भी सुधार किया गया है। भारत इतना विशाल है कि कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ तो कहीं भूस्खलन तो कहीं भूकंप तो कहीं तूफान आदि आपदाएं आती रहती हैं। इस दिशा में काम करते हुए मोदी सरकार ने 2005 के आपदा प्रबंधन संशोधन अधिनियम में सुधार का प्रस्ताव रखा है। इसी तरह वक्फ संशोधन विधेयक संसद में पेश किया जा चुका है, जिस पर संसद की संयुक्त समिति विचार कर रही है। मोदी सरकार ने स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और सहज बनाने की दिशा में भी इस अवधि में काम किया है। जिसके तहत साढ़े चार करोड़ परिवारों को छह करोड़ उन नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया गया है, जिनकी आयु सत्तर वर्ष से ज्यादा हो चुकी है। इसके साथ ही मेडिकल की पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए 75 हजार सीटें बढ़ाई गई हैं।

## मणिपुर में असम रायफल्स को लेकर जारी आंदोलन का सच

(प्रवेश लामा, एसोशिएट एडीटर, एचटी)

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में 22 असम रायफल्स के बटालियन मुख्यालय में सैनिकों ने रवानगी की तैयारी शुरू कर दी है। 20 सितंबर से उनकी जगह सीआरपीएफ के जवान ले लेंगे। जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के मद्देनजर केंद्र ने मणिपुर से 22 और 9 असम रायफल्स बटालियनों को वहां भेजने का आदेश दिया है। इन दोनों बटालियनों में लगभग 2,500 जवान हैं, जो अभी कांगपोकपी और चुराचांदपुर में तैनात हैं। ये दोनों पहाड़ी जिले हैं, जहां कुकी समुदाय की बहुसंख्या है। इन जवानों में से कई अपने नए मिशन को लेकर उत्साहित हैं, क्योंकि ऐसी चुनौतियों के लिए ही उनको प्रशिक्षित किया गया है। मगर एक समस्या भी है। 22 असम रायफल्स बटालियन के मुख्यालय के बाहर करीब 80 कुकी महिलाएं केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ धरने पर बैठ गई हैं। 20 सितंबर तक यह संख्या बढ़ भी सकती है, क्योंकि हर घर ने अपनी महिला को यहां भेजने का फैसला किया है। 'कम्युनिटी ऑन ट्राइबल यूनिटी' के बैनर तले महिलाओं ने एलान किया है कि वे गेट को बंद कर देंगी और सैनिकों को जाने नहीं देंगी। उनका मानना है कि असम रायफल्स के जवान ही मैतेई उग्रवादियों से उनकी रक्षा कर सकते हैं। मगर वहां से करीब 45 किलोमीटर दूर मैतेई महिलाओं की मदद से सैकड़ों छात्रों ने इंफाल के काकवा बाजार में भारत-म्यांमार मार्ग को जाम कर दिया है। वे भी धरने पर बैठे हैं, हालांकि उनकी छह मांगों में एक मांग यह है कि असम रायफल्स को मणिपुर से हटाया जाए। उनका कहना है, हिंसा अब भी इसीलिए जारी है, क्योंकि सुरक्षा बल कुकी उग्रवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा। इन प्रदर्शनकारियों के मुताबिक, मणिपुर का इतिहास इसका गवाह है कि असम रायफल्स ने हमेशा मैतेई लोगों पर अत्याचार किया है। मणिपुर पिछली मई से जातीय हिंसा में जल रहा है। मैतेई को आदिवासी का दर्जा देने के अदालती फैसले (जिस पर रोक लगा दी गई) के खिलाफ आदिवासियों का विरोध-प्रदर्शन (कुकी के नेतृत्व में) जल्द ही दोनों समूहों के बीच जातीय संघर्ष में बदल गया। एन बीरेन सिंह सरकार के मैतेई समर्थक रुख से कोई मदद नहीं मिली और पुलिस बल व नौकरशाही में जातीय विभाजन के बाद माना यही गया कि असम रायफल्स की मौजूदगी ने ही यहां के हालात संभाले हैं। हालांकि, गुरुवार दोपहर असम रायफल्स के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेड़ा ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को समझाया कि एक सैनिक के लिए आदेश-पालन अनिवार्य है और सीआरपीएफ भी उतनी ही सक्षम फोर्स है। मगर महिलाओं ने रोड खाली करने से इनकार कर दिया है। इस आशंका में कि कहीं सैनिक तय समय से पहले न चले जाएं, महिलाओं ने रात भी यहीं बिताने का फैसला किया है। वहां चाय बनाने की व्यवस्था के साथ-साथ बारिश से बचने के लिए टेंट भी लगा दिए गए हैं। इस बीच, इंफाल में भी मैतेई छात्रों ने अपनी मांगें पूरी होने तक कक्षा में न जाने की कसम खाई है, जिसके कारण सरकार को कक्षाएं व परीक्षाएं निलंबित करनी पड़ी हैं। छात्रों ने इस बाबत एक ज्ञापन भी राज्यपाल को सौंपा है और अपनी मांगें माने जाने तक प्रदर्शन जारी रखने का एलान किया है। पिछले 16 महीनों में पहली बार असम रायफल्स को यहां से हटाया जा रहा है। कई नौकरशाह मानते हैं कि विरोध और जवाबी-विरोध की यह पटकथा महीनों पहले लिखी गई थी। उनके मुताबिक, बेशक मणिपुर में असम रायफल्स को लेकर विवाद रहे हैं, लेकिन उसको लेकर इससे पहले इतनी राजनीति कभी नहीं हुई थी। यह सच है कि जम्मू-कश्मीर में सैनिकों की जरूरत है, लेकिन अभी इसको वहां से भेजने का फैसला गलत साबित हो सकता है। हालांकि, असम रायफल्स के एक जवान ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि यही एकमात्र सुरक्षा बल है, जिसके साये तले कुकी और मैतेई मिलकर शांति बहाली के लिए काम कर रहे हैं।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5498

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 6 | 9 | | | 4 |
| | | 9 | | | | | 5 | |
| | 2 | | | | 4 | 7 | 1 | |
| 4 | 9 | 8 | | | | | | 7 |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 1 | | | | | | 4 | 3 | 5 |
| | 8 | 1 | 6 | | | | 4 | |
| | 5 | | | | | 3 | | |
| 9 | | | 2 | 7 | 1 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र.5497

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपको कहीं से रुका पैसा मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपके लिए दिन में कहीं से अधिक व्यस्तता का संकेत मिल रहा है। व्यापार व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आज दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें, वरना आपको आगे चलकर समस्याएं हो सकती हैं।

### वृष

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और आपकी आमदनी में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा। दिन कोई विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा और दिन भर भागदौड़ होती रहेगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। सावधानीपूर्वक हर काम करें, वरना बात बिगड़ सकती है।

### मिथुन

आज आपको दिन भर भागदौड़ करनी पड़ सकती है। पत्नी की सेहत को लेकर सावधान रहें, वरना कोई बात आपको परेशान कर सकती है। आपके घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है और इस वजह से आपका काफी खर्च और काम दोनों बढ़ सकते हैं।

### तुला

आज आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपको उत्तम प्रकार की धन संपत्ति प्राप्त होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपको कारोबार के क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे और आपके धन में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। किसी जरूरी काम से आपको घर के बाहर जाना पड़ सकता है।

### वृश्चिक

आज करियर में लाभ होगा और आपके भाग्य में वृद्धि के योग बन रहे हैं। कार्यस्थल में स्थान परिवर्तन की चर्चा हो सकती है और इससे आपको लाभ होगा। व्यापार में निकटवर्ती सहयोगी के प्रति सच्ची निष्ठा और सुमधुर वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### धनु

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के शुभ योग बन रहे हैं। आपका कुछ खर्च भी संभव है। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार व परिवार में आमोद प्रमोद का वातावरण रहेगा। बहुत समय से रुके कार्य के बनने से आपको लाभ होगा और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपको भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा।

### कर्क

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। धन और कीर्ति में वृद्धि होगी। शत्रु चिन्ता का दमन होगा और आपके सभी विरोधियों का अंत होगा। आपकी योजनाएं सफल होने से आपको हर्ष होगा। आपका दिन आनंद में बीतेगा और कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### सिंह

आज कार्ययोजनाएं पूर्ण होंगी और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। घरेलू स्तर पर मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और परिवार के लोगों के साथ कहीं आउटिंग पर जाने का मन बन सकता है। रात का कुछ समय परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा होगा और आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी।

### कन्या

आज का दिन आनन्द में बीतेगा। ग्रहों के शुभ योग से आपके सौंदर्य में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। किसी निकट मित्र की सलाह व सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक से कर सकते हैं, समय का लाभ उठाएं। आपके घर में खुशियां आएंगी।

### मकर

आज लाभ और सफलता के योग बन रहे हैं और आपके लिए नौकरी या कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में चुप रहकर ही काम करना लाभकारी होगा। किसी भी मामले में बहस और टकराव से बचें। आपको कोई काम करने से पहले अच्छे से फायदे और नुकसान के बारे में सोचने की जरूरत है। पैसों के मामले में किसी से लेनदेन न करें।

### कुंभ

आज योजनाएं पूर्ण होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आपके लिए किसी विशेषज्ञ की सलाह आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी। आपके मौज मस्ती के दिन आएंगे और आपने पहले जो भी निवेश्श किए थे उनमें आपको लाभ होगा। आपके परिवार के लोगों के साथ संबंध बेहतर होंगे और साथ में कहीं जाने की योजना बन सकती है।

### मीन

आज आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपको लाभ होगा। आपके अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। इससे कोई स्थायी सफलता मिल जाएगी। आपको परिवार के लोगों के साथ कहीं जाने का मौका मिलेगा और आपके भाग्य में वृद्धि होगी।

### वर्ग पहेली 5498

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2006 को इराके के इस राष्ट्रपति को फांसी की सजा सुनाई गई (6)
6. घायल किया हुआ (2)
7. लकड़ी या डंडे के सिरे पर कपड़ा बांधकर जलाने से उत्पन्न की गई रोशनी (3)
9. लवण (3)
11. कुटिलता, छल, पाखंड (3)
12. ठंडा, शीतल, जाड़ा, ठंड (2)
13. अपराध, कसूर (3)
14. तीव्र उत्कंठित होना, प्रबल अभिलाषित होना (4)
15. महीप, सम्राट, किंग, बादशाह (2)
17. हिंदू धर्म मानने वालों का यह तीसरा वेद है जिसमें कुल 1810 ऋचाऐं है, भारतीय संगीतशास्त्र का आरंभ भी इसी वेद से होता है (4)
18. दिन का दूसरा पहर (2)
20. हाथ, कर (2)
21. किसी रूठे हुए को प्रसन्न करना, फुसलाना, मन्नत मानना (3)
22. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)

**(ऊपर से नीचे**

1. बर्दाश्त करने वाला, सहिष्णु (5)
2. खुशबू, सुगंध गमक (3)
3. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
4. वापस आना, एकदम बदल जाना, लौटना, अदल-बदल करना (4)
8. अहित कामना सूचक शब्द (2)
10. सस्वार्थ मित्र, दिखावटी मित्र, स्वार्थी दोस्त (6)
13. मध्यप्रदेश का यह शहर मालवा का प्रवेश द्वार कहलाता है, यहां से 35 किमी राजस्थान की सीमा है (2)
16. फिल्मों की पटकथा लेखक जोड़ी में से एक जिन्होनें फिल्म शोले की पटकथा लिखी थी (3)
17. निवारण करना, परस्पर निर्वाह करना (3)
19. उत्तम पुरूष बहुवचन सर्वनाम शब्द (2)

### वर्ग पहेली 5497 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| औ | रं | ग | जे | ब | | बां | स |
| स | ग | र | | ह | ज | | र |
| त | त | | म | री | ज | | प |
| | | म | हा | न | | दौ | र |
| सा | दा | | दे | | न | | स्त |
| म | न | | वी | र | भ | द्र | |
| वे | | स | व | न | | व | सा |
| द | | ब | र्मा | | न | ज | फ |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

# सीएम बोले- फ्लोट से मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा, बोले, थूक लगी रोटियां और हापुड़ वाला जूस तो नहीं मिलेगा

**गोरखपुर , एजेंसी।** सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर में आज से 15- 20 वर्ष पहले नौका विहार और रामगढ़ ताल नाम से लोगों के मन मे भय होता था। लेकिन ,इन सात वर्षों में यहां का नजारा बदल गया है। साल वर्ष पहले ये क्षेत्र विकास से कोसों दूर था। अब, ये पर्यटन का स्थल हो गया है।

सात साल पहले जहां लोग दिन के उजाले में यहां आने में भयभीत होते थे, वो अब रात में इत्मीमान से यहां का लुत्फ उठाते हैं। वो भी अकेले नहीं, परिवार के साथ। पहले, रामगढ़ गंदगी व अपराध का गढ़ बना हुए था। आज पर्यटन का एक केंद्र हो गया है। फर्टिलाइजर बंद था, मेडिकल कालेज बीमार था।

दिनभर जाम से जूझते थे। आज शहर को सड़कें, फोर लेन व सिक्स लेन सड़कें मिल चुकी हैं।। आज एयरपोर्ट सबसे व्यस्त एयरपोर्ट है। खाद कारखाना फिर से चालू हो गया है। मेडकिल कालेज बेहतर हुआ। एम्स भी सेवा दे रहा है। रामगढ़ ताल 1700 एकड़ क्षेत्र में विकसित होकर पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। पहले क्रूज आया। अब फ्लोटिंग रेस्टोरेंट सुविधा देंगे। इससे पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं और रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का उद्घाटन करते हुए कहा कि कम से कम हापुड़ वाला जूस नहीं मिलेगा, थूक लगाकर रोटियां



तो नहीं मिलेंगी। यहां जो मिलेगा शुद्ध मिलेगा। जो फाइव स्टार होटल में सुविधा मिलती है, अब यहां मिलेगी। लेक के चारों ओर सड़क बन रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस गोरखपुर के नाम से 15-20 साल पहले भय होता था, सात वर्ष पूर्व जहां सुविधाओं की कल्पना ही बेमानी थी, वही गोरखपुर अब आधुनिक सोच के साथ विकास और रोजगार का संगम और नया पर्यटन हब बन रहा है। सीएम योगी गुरुवार को रामगढ़ताल में बने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट 'फ्लोट' का बटन दबाकर उद्घाटन करने के बाद ताल की जेटी पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की आवासीय परियोजना ग्रीनवुड अपार्टमेंट के सात आवंटियों को आवंटन प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग आज से डेढ़ दशक पहले गोरखपुर के नाम से डरते थे। सात वर्ष पूर्व तक भी गोरखपुर विकास से कोसों दूर था। आज जिस स्थान (रामगढ़ताल क्षेत्र) पर यह आयोजन हो रहा है, वहां तो आना ही सपना था। मुख्यमंत्री ने कहा रामगढ़ताल गोरखपुर की गंदगी और अपराध का गढ़ बन चुका था। सर्किट हाउस में रुकने वाले अतिथियों और मंत्रियों के लिए अलग से फोर्स लगानी पड़ती थी। गोरखपुर का खाद कारखाना बंद हो चुका था। यहां का बीआरडी मेडिकल कॉलेज स्वयं बीमार हो गया था। गोरखपुर के लोगों को दिनभर जाम में फंसना पड़ता था।

**मृतप्राय थी रामगढ़ झील, अब नई आभा से आकर्षित कर रही पर्यटकों को:** मुख्यमंत्री ने कहा कि रामगढ़ताल कभी मृतप्राय हो चला था। जबकि आज 1800 एकड़ में फैली यह प्राकृतिक झील पर्यटकों को नई आभा के साथ आकर्षित कर रही है। यहां नए-नए होटल खुल रहे हैं। रामगढ़ताल में क्रूज की सुविधा पहले ही शुरू हो गई थी।

आज फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का भी शुभारंभ हो गया है। अब प्राकृतिक झील के किनारे जलपान और भोजन करने का मन हुआ तो यह सुविधा गोरखपुर में ही उपलब्ध हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा आधुनिक सोच के साथ विकास भी हो रहा है और यह विकास रोजगार का भी माध्यम बन रहा है।

**गोरखपुर में गेस्ट और पर्यटकों को मिलेगी फाइव स्टार सुविधा:** सीएम योगी ने कहा कि अब गोरखपुर आने वाले अतिथियों और पर्यटकों को फाइव स्टार सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि रामगढ़ताल के चारों तरफ रिंग रोड बन रहा है। इससे लोगों को परिवार के साथ निकलने, गेस्ट और पर्यटकों के लिए दिनभर का कार्यक्रम बन जाएगा।

चारों तरफ झील की खूबसूरती को देखने के बाद क्रूज और फ्लोटिंग रेस्टोरेंट चले गए और फिर चिड़ियाघर जाकर प्रकृति के साथ आनंद उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शानदार लाइटिंग से गोरखपुर में रात्रि का नजारा बेहद आकर्षक लगता है। सीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि फ्लोटिंग रेस्टोरेंट स्थानीय लोगों और देश-दुनिया के पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं देगा।

**क्वालिटी के साथ समय से पहले पूरा करें ग्रीनवुड अपार्टमेंट का निर्माण:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रीनवुड अपार्टमेंट के आवंटियों को शुभकामनाएं देते हुए जीडीए के अफसरों को निर्देशित किया कि अपार्टमेंट का निर्माण क्वालिटी को ध्यान में रखते हुए समय से छह माह पूरा करें। उन्होंने कहा कि जीडीए ने इसे जुलाई 2027 में पूरा करने का लक्ष्य तय किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेम विवाह करने वाले युवक को जिंदा जलाने की कोशिश, पत्नी के घरवालों पर रिपोर्ट दर्ज

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के भमोरा थाना क्षेत्र में एक गांव निवासी युवती से प्रेम विवाह करने वाले युवक को जिंदा जलाने की कोशिश की गई। स्थानीय पुलिस ने पीड़ित की नहीं सुनी तो वह एसएसपी से मिला। एसएसपी के आदेश पर अब रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पडरी निवासी सोनू सिंह ने गांव की शिवानी सिंह से प्रेम-विवाह किया था। इससे शिवानी के घरवाले उससे नाराज हो गए। आरोप है कि 14 सितंबर को सुरेश सिंह, अवधेश सिंह आदि सुबह के समय उसके घर में घुस गए। सोनू के शोर पर पड़ोसी पहुंच गए।

लोगों के जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उसी दिन सोनू कार से अपनी पत्नी को दवा दिलाने जा रहे थे। तभी सुरेश, अवधेश, गौरव, रविंद्र, यशपाल और देवेंद्र ने गांव से बाहर निकलते ही बाइक आगे लगाकर उन्हें रोक लिया।

**पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश :** आरोपियों ने शिवानी को अपहरण की नीयत से बाइक पर बैठा लिया। जब सोनू ने विरोध किया तो बाइक से पेट्रोल निकालकर उसके ऊपर डाल दिया और जिंदा जलाने की कोशिश की। शिवानी के शोर मचाने पर सोनू के मामा विजेंद्र और नरेंद्र आ गए।

इन लोगों देखकर आरोपी फिर धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित सोनू ने थाने में पूरे मामले की शिकायत की। आरोप है कि पुलिस ने सुनवाई नहीं की। इस पर उसने एसएसपी से गुहार लगाई। इसके बाद भमोरा थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तिरुपति बालाजी के प्रसाद में चर्बी वाले विवाद पर काशी में नाराजगी, संत बोले- ये धार्मिक अपराध

**वाराणसी , एजेंसी।** आंध्र प्रदेश में भगवान तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद लड्डू में जानवरों की चर्बी मिलने के मामले में वाराणसी के संत व जानकारों की प्रतिक्रिया सामने आई है। उनका कहना है कि यह धार्मिक अपराध है। इस मामले में निष्पक्ष रूप से जांच के बाद कार्रवाई होनी चाहिए। काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रोफेसर राम नारायण द्विवेदी ने इस मामले पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तिरुपति मंदिर में लड्डुओं का प्रसाद बनाने की सामग्री में गो-वंश की चर्बी और मांस मिलाने की सूचना आधिकारिक रूप से आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्र बाबु नायडू द्वारा दिए जाने पर हिंदू समाज के श्रद्धालुओं को ठेस पहुंचा है।

**30 करोड़ भक्तों की आस्था से जुड़ा है मामला:** प्रोफेसर राम नारायण ने कहा कि नायडू ने बताया था कि यह तथ्य पूर्ववर्ति सरकार के कार्यकाल में हुआ था, जिसका खुलासा सरकार की प्रयोगशाला रिपोर्ट में हुआ। प्रोफेसर ने कहा कि हम इसकी कटु निंदा करते हैं। हमारी केंद्र सरकार व आंध्र प्रदेश सरकार से मांग है कि इस तथ्य की गंभीरता से और जांच होनी चाहिए। विद्वत परिषद शीघ्र ही बैठक कर इस बारे में उचित निर्णय लेगी। क्योंकि इस तथ्य से तिरुपति जाने वाले लगभग 30 करोड़ हिंदू भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है।

वहीं प्रसाद में चर्बी मिलने के मामले में वाराणसी अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि ये धार्मिक अपराध है। कहा कि आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्र बाबु नायडू ने प्रसाद में चर्बी मिलाए जाने का जो मुद्दा उठाया है यह बहुत ही गंभीर है। धार्मिक दृष्टि से यह अक्षम्य अपराध है।

### लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में डाक्टर बनकर दवा लिख रहा था दलाल, सीएमएस ने रंगे हाथ पकड़ा

**वाराणसी , एजेंसी।** रामनगर के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में दलाल खुद ही डॉक्टर बनकर मरीज की पर्ची पर दवा लिख रहे हैं। ऐसा करते हुए बृहस्पतिवार शाम अस्पताल के सीएमएस डॉ. गिरीश द्विवेदी ने सुसुवाही निवासी एक व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस की कार्रवाई की चेतावनी दी तो संबंधित व्यक्ति ने दोबारा ऐसा न करने की बात कर माफी मांगी। इस पर सीएमएस ने उसे छोड़ दिया। अस्पताल में ओपीडी से लेकर वार्ड तक दलालों की सक्रियता और बाहर की दवा लिखने की शिकायत कई दिनों से सीएमएस को मिल रही थी।

अस्पताल में दलालों पर सीसीटीवी से निगरानी के साथ ही कर्मचारियों को भी अलर्ट किया गया है। पकड़े जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




# यूपी के मंत्री बोले- मुजफ्फरनगर के दंगाइयों को सीएम आवास में बुलाकर सम्मानित करते थे अखिलेश

**बहराइच, एजेंसी।** बहराइच जिले के प्रभारी मंत्री बनाए गए सूर्य प्रताप शाही शुक्रवार को महसी तहसील क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित इलाके में पहुंचे। वहां पर मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ डीएम और एसपी भी मौजूद रहीं।

मंत्री ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि अखिलेश के सारे बयान तथ्यहीन होते हैं। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं थी। इस समय भाजपा सरकार में कानून का राज है।

मंत्री ने कहा की अखिलेश सरकार में मुजफ्फरनगर के दंगाइयों को बुलाकर सीएम आवास में सम्मानित किया जाता था और अब अपराधियों पर कार्रवाई हो रही है। इसी का नतीजा है कि जनता ने उनको 2017 में रिजेक्ट किया, 2022 में रिजेक्ट किया और अब 2027 में भी उनको जनता रिजेक्ट करने जा रही है।

## हत्यारे प्रिंस के चेहरे पर नहीं शिकन: जान-बूझकर कार चढ़ाई

**गोरखपुर , एजेंसी।** अंकिता यादव की कार से रौंदकर हत्या करने के आरोपी कुशीनगर के सुकरौली क्षेत्र के गणेशपुर निवासी प्रिंस यादव को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रिंस ने पुलिस के सभी सवालों के जवाब दिए। उसने स्वीकार किया कि जानबूझकर अंकिता पर कार चढ़ाई थी। वह उसकी शादी नहीं होने देना चाहता था, लेकिन इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने के बाद भी प्रिंस को कोई पछतावा नहीं है। वह अंकिता की मौत से बिल्कुल भी दुखी नजर नहीं आया।

आरोपी प्रिंस ने पूछताछ में बताया कि वह कार से टक्कर मारकर अंकिता के हाथ-पैर तोड़ना चाहता था, ताकि उसकी शादी न हो सके। कार बेकाबू होने की वजह से उसकी जान चली गई। पुलिस ने प्रिंस को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं देर रात पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने गुरुवार को भोर में ही अंकिता का अंतिम संस्कार कर दिया। पोस्टमार्टम स्थल से लेकर अंतिम संस्कार तक पुलिस फोर्स तैनात रही। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि आरोपी प्रिंस यादव पुत्र विरेंद्र वर्ष 2020 से ही अंकिता के पीछे लगा था। वह मोबाइल फोन से बातचीत भी करता था। मई में अंकिता की शादी तय हो गई, इसके बाद वह प्रिंस से बातचीत बंद कर दी थी। फिर भी आरोपी उसके पीछे पड़ा था और शादी का दबाव बना रहा था। अंकिता की मां ने दोनों की शादी का प्रयास भी किया, लेकिन प्रिंस की खराब आदतों की वजह से वे पीछे हट गईं। अंकिता गंगोत्री देवी पीजी कॉलेज में स्नातक तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। वहीं प्रिंस यादव हाटा के एक कॉलेज से बीए तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। वह किसी भी हाल में अंकिता की शादी नहीं होने देना चाहता था। उसने दस दिन पहले कुशीनगर के राजीव प्रजापति से पांच सौ रुपये प्रतिदिन के किराए पर कार ली थी। मंगलवार को प्रिंस अयोध्या से कार चलाते हुए सुबह नौ बजे बरहुआ गांव में आया। गांव में कार इधर-उधर घुमाई।

## लापरवाही पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की बड़ी कार्रवाई, सीएचसी अधीक्षक का किया तबादला

**लखनऊ, एजेंसी।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सीतापुर में स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी पर कार्रवाई की है। उन्होंने कार्रवाई करने के बाद सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट भी किया है। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक सिधौली को तत्काल प्रभाव से हटाकर तंबौर स्थानांतरित किया है।



उन्होंने एक्स पर लिखा कि विभागीय संवेदनशील मामलों को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में न लाने तथा चिकित्सकीय कार्यों व पदीय दायित्वों में लगातार लापरवाही बरतने संबंधी प्रकरण का संज्ञान होने पर मेरे द्वारा दिए गये आदेश के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीतापुर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली के अधीक्षक को तत्काल हटाकरर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर में स्थानांतरित कर दिया गया है। गंभीर व अक्षम्य कृत्य हेतु इनके विरुद्ध शासन स्तर पर कठोर विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी।

**जिलेवार की समीक्षा:** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जिलावार मलेरिया मरीजों की समीक्षा व रोकथाम के उपायों व उसके असर की समीक्षा की थी। सीतापुर की समीक्षा के दौरान पता चला कि अधीक्षक रहे डॉ. राकेश वर्मा ने संक्रामक रोगों के पोर्टल यूनीफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल (यूडीएसपी) पर अपने क्षेत्र के मलेरिया मरीजो का आंकड़ा नहीं भरा था। उन्हें अपने क्षेत्र में मलेरिया मरीजों कि वास्तविक संख्या छिपाने का दोषी पाया गया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने कार्रवाई कर दी।

## पूरी रात आधे कपड़ों में छत पर खड़ा रखते हैं सीनियर...नए परिसर में रैगिंग से आहत छात्र ने छोड़ा छात्रावास

**लखनऊ, एजेंसी।** सीनियर्स हमें रात में हॉस्टल की छत पर बुलाते हैं। डांस करने के लिए कहते हैं। इन्कार करने पर पीटते हैं। अभद्रता करते हैं। पूरी रात आधे कपड़ों में खड़ा रखते हैं। दिन में सिर झुकाकर चलने के लिए कहते हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय के जानकीपुरम स्थित नवीन परिसर के लॉ हॉस्टल में नव प्रवेशी छात्र ने रैगिंग होने के आरोप लगाते हुए छात्रावास छोड़ दिया है। एक अन्य छात्र घर से हॉस्टल लौटने के लिए तैयार नहीं है। रैगिंग करने वालों में तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के छात्र हैं। मामले ने प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सख्त अनुशासन के दावों की पोल खोल दी है। एक छात्र ने बताया कि रातभर जागने से वे सुबह कक्षाओं में जा नहीं पा रहे। उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। रोज की रैगिंग से आजिज कई छात्र परिसर के बाहर कमरा खोज रहे हैं। रैगिंग की घटना से परिजन भी




चिंतित हैं। एक अभिभावक ने यहां तक कहा कि माहौल नहीं सुधरा तो वह बच्चे का लविवि से निकालकर निजी कॉलेज में दाखिला करवा देंगे।

**विवि की शाख पर बट्टा:** एलयू हर साल 12 से 17 अगस्त तक एंटी रैगिंग वीक मनाता है। इसके बावजूद रैगिंग हो रही है। इससे विवि की शाख पर बट्टा लग रहा है।

**प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने बिताए ढाई घंटे:** रैगिंग की सूचना पर विवि के मुख्य कुलानुशासक ने प्रॉक्टोरियल बोर्ड के साथ बुधवार को एचजेबी और कौटिल्य लॉ हॉस्टल में ढाई घंटे बिताए। छात्रों के कमरे में कूलर व अन्य सामान मिलने पर जुर्माना लगाया। प्रॉक्टर ने नए विद्यार्थियों से बात की और किसी तरह की समस्या होने पर उनसे संपर्क करने की सलाह दी। शिकायत करने वाले छात्र की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

**आरोप : प्रोवोस्ट नहीं करतीं सुनवाई:** एक अभिभावक ने आरोप लगाया कि उन्होंने बच्चों के साथ हो रहे व्यवहार के लिए प्रोवोस्ट डॉ. अनुपमा सिंह से बात की तो उनका व्यवहार बेहद असंवेदनशील रहा। गौरतलब है कि कुलपति ने कुछ महीने पहले डॉ. अनुपमा को ब्वायज हॉस्टल की पहली महिला प्रोवोस्ट बनाया था। इस पर उनकी वाहवाही हुई थी।

**न्यू कैंपस में आए दिन होता है बवाल:** लखनऊ विवि के न्यू कैंपस में अनुशासन व्यवस्था तार-तार है। यहां आए दिन मारपीट होती रहती है। कुछ दिन पहले ही सीनियर और जूनियर के बीच झगड़ा हुआ था। इसमें कई छात्रों को चोटें आई थीं। पुलिस में भी शिकायत हुई थी।

**करेंगे सख्त कार्रवाई:** लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी का कहना है कि अगर विवि में रैगिंग के चलते कोई छात्र छात्रावास छोड़ने के लिए मजबूर है तो यह हमारे लिए गंभीर विषय है। रैगिंग अपराध है। इस पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड सख्त है। दोषी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता की मौत के बाद ऐसी बेकदरी...अस्पताल में है लाश, ससुराल वाले भागे; मायके के लोग भी नहीं आए

**आगरा , एजेंसी।** एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र में एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद महिला के परिजन फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम गृह भिजवाया। देर शाम तक मायके पक्ष के लोग भी नहीं पहुंचे थे। थाना क्षेत्र के मैनपुरी रोड स्थित डेरा बंजारन निवासी रिहान की 30 वर्षीय पत्नी नवीना की बृहस्पतिवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिवारिजनों ने उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। नवीना को मेडिकल कॉलेज के लिए ले जाते समय उसकी मृत्यु हो गई। महिला की मौत के बाद परिवारीजन घबरा गए और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही शव को छोड़कर फरार हो गए। चिकित्सकों ने महिला के परिजन की तलाश कराई, लेकिन कोई नहीं मिला।

# गंगा और यमुना का जलस्तर स्थिर होने के बाद अब सहायक नदियां उफान पर, बाढ़ का खतरा बरकरार

**प्रयागराज, एजेंसी।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत भरी खबर है। गंगा का जलस्तर फिलहाल स्थिर है। सिंचाई विभाग बाढ़ खंड की बुलेटिन के अनुसार बृहस्पतिवार को भी गंगा के जलस्तर में कमी दर्ज की गई है। अब यहां पर फाफामऊ में गंगा 83.64 मीटर पर बह रही हैं। छतनाग में जलस्तर 82.32 मीटर पर बह रही हैं। इसी तरह यमुना का जलस्तर भी घट रहा है। नैनी में फिलहाल जलस्तर 82.96 मीटर पर है। जनपद से गुजरने वाली ससुर खदेरी, मनसैता, टोंस, बेलन, गोरमा, लापरी, टुडियारी आदि नदियां भी उफान पर हैं। जिससे इनके किनारे के रिहायशी इलाकों में खलबली मची है। घरों में पानी भर गया है और खेतों में फसलों के ऊपर से पानी बह रहा है। सर्वाधिक नुकसान सब्जियों की खेती को हुई है। तराई इलाकों में बोई गई नेनुआ, भिंडी,



तरोई, लौकी, कद्दू, खीरा, करैला आदि सब्जियों के साथ मकई, ज्वार, तिल्ली आदि फसलें बाढ़ से बर्बाद हो गई हैं।

जिले में मंगलवार को 11 घंटे में 42.31 मिलीमीटर बारिश हुई। इनमें से करछना और कोरांव के बाद शहर में सबसे अधिक सदर तहसील में 60 मिमी बारिश हुई। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह आठ से शाम सात बजे के बीच करछना में 72 मिमी बारिश हुई। कोरांव में 62 मिमी और सदर तहसील में 60 मिमी बारिश हुई। बारा में 33, हंडिया में 23.5, फूलपुर में 10 तथा सोरांव में 15 मिमी बारिश हुई।

गंगा और यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद सहायक नदियां चंबल, केन और बेतवा भी उफान पर थी। कई जिलों से होते हुए प्रयागराज में पानी पहुंचा तो वह बाढ़ का रूप ले लिया था। यमुना के सापेक्ष शुक्रवार को गंगा का पानी धीमी गति से बढ़ा था। यमुना का वेग इतना तेज था कि रात तक लेटे हनुमानजी डूब गए। सुबह तक मंदिर परिसर में कमर तक पानी भर गया था।

बाढ़ का खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है। नदियां उफान पर हैं तो करीब एक मीटर की गिरावट के बाद जलस्तर फिर स्थिर हो गया है। यानी, गिरावट थम गई है। इससे बाढ़ में फंसे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। प्रशासन ने भी घर जाने के लिए तैयार लोगों को राहत शिविरों में रोक लिया है।

गंगा और यमुना का जलस्तर चेतावनी बिंदु को पार करने के बाद खतरे के निशान के करीब पहुंच गया था। इससे बड़ा इलाका बाढ़ की चपेट में आ गया है। बघाड़ा, सलोरी, बेली कछार, राजापुर, गंगानगर, नेवादा समेत अनेक मोहल्लों के हजारों मकान डूब गए हैं। इस वजह से बड़ी संख्या में लोगों को घर छोड़कर अपने रिश्तेदारों के यहां जाना पड़ा था। 395 परिवार के 1696 लोग तो प्रशासन की ओर से बनाए राहत शिविरों में पहुंचे हैं। बाढ़ का खतरा तो बना हुआ है लेकिन सोमवार दोपहर से जलस्तर में मामूली गिरावट दर्ज की जाने लगी थी। लेकिन बुधवार शाम को जलस्तर में गिरावट फिर थम गई। हालांकि, बढ़ोतरी भी दर्ज नहीं की गई। बताया जा रहा है कि गंगा और यमुना की सहायक नदियों में पानी तेजी से आ रहा है। इसके अलावा पहाड़ों तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तेज बारिश का क्रम जारी है। इससे नदियों के जलस्तर में गिरावट रुक गई है। इसी के साथ इसमें एक बार फिर बढ़ोतरी की आशंका बन गई है। इसके अलावा नदियों में बहाव भी काफी तेज है।



## इस दिन से शुरू होगी बॉर्डर 2 की शूटिंग! शेड्यूल में सनी देओल के साथ दिखेंगे वरुण धवन-दिलजीत दोसांझ

बहुप्रतीक्षित वॉर फिल्म बॉर्डर 2 जेपी दत्ता की 1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर की अगली कड़ी है। फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और वरुण धवन मुख्य भूमिकाओं में हैं। घोषणा के बाद से ही यह फिल्म सुर्खियों में है और प्रशंसक इसके बारे में हर अपडेट के लिए उत्सुक हैं। वहीं, अब हाल ही में फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है, जो इसकी शूटिंग से जुड़ी हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की शूटिंग नवंबर में शुरू हो जाएगी। बॉर्डर 2 उत्तर भारत में 25 नवंबर को फ्लोर पर आने वाली है। यह फिल्म निर्माता भूषण कुमार और जेपी दत्ता के बीच पहली बार सहयोग करने वाली फिल्म भी है। इसे अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ फिल्म में भारतीय सशस्त्र बल अधिकारियों की भूमिका निभाएंगे। दावा किया गया है कि बॉर्डर 2 के लिए प्री-प्रोडक्शन का काम एक साल से चल रहा है और टीम 25 नवंबर से शूटिंग शुरू करने वाली है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अनुराग सिंह और उनकी टीम एक हफ्ते के भीतर फिल्म के लिए रेकी शुरू करने के लिए तैयार हैं और उन्होंने पहले दो स्थानों जम्मू और श्रीनगर को चुना है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि बॉर्डर 2 की टीम फिल्म के ज्यादातर हिस्सों को भारत के सीमावर्ती इलाकों के नजदीक वास्तविक स्थानों पर शूट करने की योजना बना रही है। वे फिल्म को विशेष सशस्त्र बलों के क्षेत्रों के आसपास शूट करेंगे, ताकि दर्शकों को फिल्म से प्रामाणिक, वास्तविक और देहाती एहसास मिले। बॉर्डर 2 की शूटिंग नवंबर से मई तक छह महीने की अवधि में की जाएगी और इसे 2026 के गणतंत्र दिवस पर रिलीज किया जाएगा।



# करीना ने साइन की बिग बजट पैन इंडिया फिल्म!

साल 2000 में फिल्म रिफ्यूजी से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के बाद अभिनेत्री करीना कपूर खान ने कई फिल्मों में काम किया और दर्शकों का मनोरंजन किया। अभिनेत्री ने अब इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं और इस बड़ी उपलब्धि का जश्न उन्होंने खास अंदाज में मनाया है। इंडस्ट्री में 25 साल पूरे होने के खास मौके पर करीना अब भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फीचर फिल्मों में से एक में अभिनय करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, करीना कपूर खान अपने करियर की सबसे बड़ी पैन-इंडिया फिल्म में काम करने के लिए तैयार हैं, जिसमें वह पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पिछले नौ महीनों में अभिनेत्री को बड़ी पैन इंडिया फिल्मों के ऑफर मिल रहे हैं और अब उन्होंने आखिरकार एक बड़ा प्रोजेक्ट साइन कर लिया है। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि फिल्म की निर्देशक इस समय इंडस्ट्री के सबसे मशहूर नामों में से एक हैं। दावा किया गया कि यह एक ऐसा किरदार है, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं किया है। फिल्म के निर्देशक इस इंडस्ट्री का जाना माना नाम है। करीना कपूर ने कहानी सुनने के बाद तुरंत इस फिल्म के लिए हां कर दी और बतौर अभिनेत्री वे अपनी 25वें साल में यह नई चुनौती लेने के लिए उत्साहित हैं। बताया जा रहा है कि करीना कभी भी किसी प्रोजेक्ट को इतनी जल्दी स्वीकार नहीं करती हैं और नए प्रोजेक्ट साइन करने में बहुत सावधानी बरतती हैं। हालांकि, इस प्रोजेक्ट ने उन्हें चौंका दिया और वह अपनी सीमाओं को पार करके इस भूमिका को निभाने के लिए पहले से ही उत्साहित हैं। फिल्म की शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू होगी और 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है। वहीं, बात करें करीना कपूर की आगामी फिल्मों के बारे में तो वर्तमान में अभिनेत्री क्राइम थ्रिलर फिल्म द बकिंघम मर्डर्स में नजर आ रही हैं। फिल्म में उन्होंने प्राइवेट जासूस की भूमिका निभाई है। हंसल मेहता द्वारा निर्देशित यह फिल्म 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वहीं, अब करीना कपूर के पास रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म सिंघम अगेन है, जिसमें अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## इस तमिल निर्देशक के साथ काम करना चाहते हैं जूनियर एनटीआर

जूनियर एनटीआर जल्द ही फिल्म देवरा में नजर आने वाले हैं। आरआरआर के बाद से ही उनके फैंस अभिनेता को बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार रहे हैं। फिलहाल, वह अपनी इस फिल्म का जोर शोर से प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म के तमिल संस्करण के लिए चेन्नई में एक प्रचार कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इस फिल्म के लंबे समय तक इंतजार करने के लिए प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही, जूनियर एनटीआर ने फिल्म की कोर टीम का हिस्सा होने पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए कलाकारों और क्रू की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने दर्शकों से 27 सितंबर को सिनेमाघरों में पहुंकर फिल्म देखने की अपील की। कार्यक्रम को समापन से पहले जूनियर एनटीआर ने भारतीय सिनेमा के विभिन्न भाषाओं में एकीकरण पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत में भाषाएं भले ही अलग-अलग हों, लेकिन बाहुबली के बाद सिनेमा एकीकृत हो गया है। जब उनसे तमिल फिल्म में अभिनय करने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने आत्मविश्वास से कहा कि अगर निर्देशक वेत्रिमारन उन्हें बुलाते हैं तो वे जरूर तमिल फिल्मों में काम करेंगे। जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर के अलावा, कलैयारासन, संगीत निर्देशक अनिरुद्ध रविचंदर, छायाकार रत्नवेलु, कला निर्देशक साबू सिरिल और निर्देशक कोरतल्ला शिवा भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। जूनियर एनटीआर जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। ऋतिक रोशन के साथ वह वॉर 2 की में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं।





## दे दे प्यार दे 2 के लिए रकुल कर रहीं खास तैयारी, पंजाब में शूट होगा का दूसरा शेड्यूल

रकुल प्रीत सिंह जल्द ही फिल्म दे दे प्यार दे 2 में नजर आने वाली हैं। इस रॉम-कॉम फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। दे दे प्यार दे के सीक्वल का पहला शेड्यूल मुंबई में पूरा हो चुका है। रिपोर्ट्स की मानें तो कलाकार इसके दूसरे शेड्यूल की शूटिंग पंजाब में करेंगे। रकुल ने हाल ही में साझा किया कि वह फिल्म के लिए अपने डायलॉग्स सीखने में व्यस्त हैं। दे दे प्यार दे 2 में रकुल के अलावा अजय देवगन और आर माधवन भी मुख्य भूमिका मे नजर आएंगे।



## इटली में वॉर 2 की शूटिंग कर रहे ऋतिक

ऋतिक रोशन जल्द ही वॉर 2 में नजर आने वाले हैं। वह इन दिनों अपनी इस फिल्म की शूटिंग इटली में कर रहे हैं। इस फिल्म में कियारा आडवाणी और तेलुगु सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। कहा जा रहा है कि वॉर 2 का दूसरा शेड्यूल एक्शन से भरपूर होने वाला है। हाल ही में इटली में चल रही शूटिंग के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगे। इस लीक हुए वीडियो में अभिनेता एक गाने की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में उन्हें स्टाइलिश अंदाज में घूमते हुए देखा जा सकता है। जानकारी के मुताबिक कियारा भी इस फिल्म की शूटिंग के लिए इटली पहुंच चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के दावों की मानें तो ऋतिक और कियारा का इटली शेड्यूल 19 सितंबर से शुरू हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह शेड्यूल 15 दिनों तक चलेगा। पहले छह दिनों में कथित तौर पर लेक कोमो, टस्कनी, वेनिस, नेपल्स, अमाल्फी कोस्ट और सोरेंटो प्रायद्वीप जैसी खूबसूरत जगहों पर एक रोमांटिक गाने की शूटिंग होगी। इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि गाने के सीक्वेंस की शूटिंग के बाद, टीम अक्टूबर की शुरुआत में भारत लौटने से पहले एक एक्शन से भरपूर सीक्वेंस और कुछ नाटकीय दृश्यों की शूटिंग करेगी।



## इस कारण काजोल ने छोड़ दी थीं शाहरुख की फिल्में, 3 इडियट्स में माधवन का किरदार चाहती थीं अभिनेत्री

अभिनेत्री काजोल अपनी मस्ती भरी बातों के लिए जानी जाती हैं। काजोल अपने सह कलाकार शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के साथ बहुत ही अच्छा बॉन्ड शेयर करती हैं। काजोल ने आमिर खान की फिल्म 3 इडियट्स को लेकर खुलासा किया। उन्होंने फिल्म को इसलिए ठुकरा दिया था क्योंकि उनको हिरोइन की भूमिका के लिए ऑफर किया गया था, जबकि वह आर माधवन की जगह कास्ट होना चाहती थीं।

### आर माधवन की जगह कास्ट होना चाह रही थीं काजोल

अभिनेत्री काजोल ने एक बातचीत के दौरान खुलासा किया वह 3 इडियट्स फिल्म में आर माधवन का किरदार निभाना चाह रही थीं, जबकि उनको हिरोइन के लिए रोल ऑफर हुआ था। काजोल ने कहा, मैंने वास्तव में उन्हें बोला था कि मुझे माधवन 3 इडियट्स में से एक लड़की होनी चाहिए काजोल ने मेकर्स से कहा था, मैंने बोला देखो, 3 इडियट्स में से एक लड़की होनी चाहिए। तब उन्होंने मना कर दिया। उन्होंने मजाक में कहा कि आप तो पूरी स्टोरी ही बदलना चाह रही हैं। हालांकि बाद में फिल्म में करीना कपूर ने हीरोइन का किरदार निभाया। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ कमाए थे।

इन फिल्मों को छोड़ने का भी बताया कारण
काजोल ने शाहरुख खान की कुछ फिल्मों को ठुकराने और छोड़ने का भी कारण बताया। काजोल ने बताया कि शाहरुख की फिल्म दिल से को उन्होंने तारीखें न होने के कारण छोड़ दिया था। वहीं, दिल तो पागल है फिल्म छोड़ने के लिए काजोल ने बताया कि वह बहुत छोटा किरदार था। वर्क फ्रंट की बात करें तो काजोल को आखिरी बार रेवती द्वारा निर्देशित सलाम वेंकी में देखा गया था। वह जल्द ही महाराग्नि नामक एक बड़े पैमाने पर एक्शन फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं।



# संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर पर आया बड़ा अपडेट

संजय लीला भंसाली की हालिया रिलीज वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार ने इस साल की शुरुआत में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था, और अब उनकी अगली फिल्म लव एंड वॉर को लेकर प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल जैसे सितारे मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसी बीच इसकी शूटिंग को लेकर अब बड़ा अपडेट सामने आया है।

इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, फिल्म का निर्माण जल्द ही शुरू होने वाला है। एक सूत्र ने बॉलीवुड हंगामा को बताया, हीरामंडी के बाद संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म लव एंड वॉर का काफी इंतजार है। आउट-ऑफ-द-बॉक्स शीर्षक के अलावा, रणबीर, आलिया और विक्की की कास्टिंग ने फिल्म को लगातार खबरों में बनाए रखा है। फिल्म आखिरकार 24 अक्टूबर को फ्लोर पर जाएगी और इसके साथ ही पहला शेड्यूल शुरू हो जाएगा।

### पहली बार भंसाली के साथ काम करेंगे विक्की कौशल

हालांकि, पहला शेड्यूल कितना लंबा होगा इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है, लेकिन माना जा रहा है कि संजय लीला भंसाली की फिल्म की भव्यता को ध्यान में रखते हुए यह एक बड़ा शेड्यूल होगा। लव एंड वॉर विक्की कौशल का भंसाली के साथ पहला सहयोग होगा, जबकि रणबीर कपूर और आलिया भट्ट निर्देशक के साथ पहले भी काम कर चुके हैं। रणबीर ने अपने अभिनय की शुरुआत भंसाली की सांवरिया (2007) से की और आलिया ने 2022 की हिट गंगूबाई काठियावाड़ी में अभिनय किया।

### लव एंड वॉर की रिलीज

लव एंड वॉर 20 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की रिलीज की तारीख रमजान, राम नवमी और गुड़ी पड़वा जैसे प्रमुख त्योहारों के साथ मेल खाएगी, जिससे इसे छुट्टियों का लाभ मिलेगा। वहीं, रिपोर्ट की मानें तो निर्देशक संजय लीला भंसाली ने नेटफ्लिक्स के साथ एक महत्वपूर्ण पोस्ट-थिएट्रिकल सौदा और सारेगामा के साथ एक उल्लेखनीय संगीत समझौता हासिल किया है। नेटफ्लिक्स ने लव एंड वॉर के लिए एक बड़े बेस डील पर सहमति जताई है, जिसमें फिल्म की बॉक्स ऑफिस सफलता के आधार पर रकम के बढ़ने की संभावना है। फिल्म के नॉन थिएट्रिकल रेवेन्यू के लगभग 215 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

## अनुराग बसु की फिल्म में तृप्ति से इश्क लड़ाएंगे कार्तिक

हाल ही में कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी के एक साथ काम करने की खबरें सामने आईं। कार्तिक आर्यन जल्द ही अपनी आगामी फिल्म 'भूल भुलैया 3' के बाद एक नई फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी अनुराग बसु की नई फिल्म के लिए शूटिंग शुरू करने वाले हैं। 'भूल भुलैया 3' के बाद दोनों एक बार फिर एक साथ काम करेंगे। यह एक म्यूजिकल लव स्टोरी फिल्म होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म की शूटिंग 24 सितंबर से शुरू होने वाली है।





बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper



# जागरूकता से ग्लूकोमा को हराया जा सकता है

**परिवार के किसी सदस्य को ग्लूकोमा यानी काला मोतिया बीमारी हो तो सावधानी जरूरी है। इस स्थिति में परिवार के सभी सदस्यों को नियमित रूप से आंखों की जांच कराना चाहिए। 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को वर्ष में एक बार अनिवार्य रूप से आंखों की जांच कराते हुए आई प्रेशर का पता लगाना चाहिए। जागरूकता से ग्लूकोमा को हराया जा सकता है।**

### अंधत्व के खतरे को टाला जा सकता है

यदि समय रहते बीमारी का पता चल जाए तो अंधत्व के खतरे को टाला जा सकता है। उदाहरण के लिए यदि पिता को काला मोतिया है तो बच्चों की आंखों की जांच जरूर नियमित रूप से कराते रहें। आई प्रेशर से ग्लूकोमा के खतरे का पता चल जाता है। काला मोतिया ऐसी स्थिति है जो आंख के पिछले हिस्से में आप्टिव नर्व को प्रभावित करती है। इससे आंखों को गंभीर नुकसान हो सकता है। आप्टिक नर्व आंख से मस्तिष्क को जानकारी भेजने का काम करती है।

### आंखों की बनावट गुब्बारे की तरह होती है

आंखों की बनावट गुब्बारे की तरह होती है। जिसके भीतर तरल पदार्थ भरा होता है। आंखों के भीतर यह तरल पदार्थ बनता रहता है, जो आंखों को नमी प्रदान करती है। परंतु जब आंखों में तरल पदार्थ बनने व बाहर निकलने की प्रक्रिया बाधित होने लगती है तो आंखों पर दबाव बढ़ता है और आप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचता है। इस दशा में आंखों की रोशनी कम होने लगती है तथा ग्लूकोमा की स्थिति बनती है। ग्लूकोमा में मरीज को ज्यादा तकलीफ नहीं होती है इसलिए इस बीमारी को नजरअंदाज किया जाता है।

# शरीर में इस विटामिन की कमी के कारण होता है पीलिया



जॉन्डिस एक मेडिकल कंडीशन है जिसे हम पीलिया के नाम से जानते हैं। इसमें व्यक्ति की आंखें और त्वचा का रंग पीला पड़ने लगता है। ये एक गंभीर समस्या है जो नवजात से लेकर किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। पीलिया के कारण आपकी आंखों का सफेद भाग, झिल्ली,चेहरे और शरीर की त्वचा धीरे-धीरे पीली पड़ने लगती है।

एक्सपर्ट की माने तो पीलिया तब होता है जब शरीर में बिलीरुबिन नाम का पदार्थ बहुत अधिक हो जाता है जिससे लिवर पर प्रभाव पड़ता है इससे लिवर के काम करने की क्षमता कमजोर हो जाती है। बिलीरुबिन शरीर में फैल जाता है जिससे व्यक्ति पीलिया रोग का शिकार हो जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट की माने तो बिलीरुबिन बढ़ने और पीलिया की समस्या के लिए कुछ विटामिन जिम्मेदार होते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक शरीर में विटामिन के की कमी के कारण भी यह समस्या हो सकती है। विटामिन के की कमी से बाइल डक्ट ब्लॉक हो जाता है जिससे बिलीरुबिन को लिवर से बाहर निकलने में रुकावट होती है। वहीं विटामिन के की कमी से रक्तस्राव भी अधिक होता है जिससे खून की कमी होती है। विटामिन बी 12 की कमी के कारण भी पीलिया हो सकता है। दरअसल जब विटामिन बी 12 की कमी होती है तब लाल रक्त कोशिकाओं की कमी भी हो जाती है। और बिलीरुबिन तब बनता है जब लाल रक्त कोशिकाएं नष्ट होने लगती हैं।



# रखें अपनी ओरल हेल्थ का ख्याल

अगर डेंटिस्ट के पास नहीं जा पा रहे हैं तो खुद ही अपनी ओरल हेल्थ का ध्यान रखना बहुत ही जरूरी होता है और अगर हमारी ओरल हेल्थ सही न रहे तो ये आगे चलकर कई बीमारियों का कारण बन सकती है। यहां सिर्फ दांतों की सफाई नहीं बल्कि मसूढ़ों की सेहत, जीभ की सफाई और हमारे मुंह में मौजूद ग्लैंड्स की सफाई और उनके स्वास्थ्य का ध्यान भी रखना जरूरी है। ओरल हेल्थ का ख्याल रखना हर उम्र के इंसान के लिए जरूरी है। स्टडी कहती है कि दुनिया भर में 3.5 बिलियन लोग ओरल समस्याओं से जूझ रहे हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की तरफ से ओरल हेल्थ को मैनेज करने के लिए कुछ खास टिप्स भी दी गई हैं। आज हम ऐसी ही कुछ टिप्स के बारे में बात करेंगे जो हमारी ओरल हेल्थ को सुधारने के लिए जरूरी है।

### कम शक्कर वाले फूड्स, जूस आदि खाएं

गाइडलाइन्स कहती हैं कि आपको अपनी डाइट में जितना हो सके उतना कम शक्कर युक्त खाना खाएं। ये दवाओं के लिए भी लागू होता है। अगर हो सके तो ऐसे कफ सिरप आदि का चुनाव करें जिनमें शक्कर का इस्तेमाल कम हो रहा हो। शक्कर चाहें किसी भी फॉर्म में अंदर जाए वो हमारे मुंह की हेल्थ को खराब कर सकती है। इससे कैविटीज आदि भी हो सकती हैं। इसलिए ये जरूरी है कि हम कम शक्कर वाला खाना खाएं और जितना हो सके नेचुरल फ्रूट्स और ड्रिंक्स का सेवन करें।

### दिन में 2-3 बार गरारा करें

ये जरूरी है कि आप अपने मुंह को साफ रखें इसके लिए आप दिन में 2-3 बार गरारा कर सकते हैं। आप अपने पास एक अच्छा माउथवॉश रखें और अगर माउथवॉश नहीं है तो आप गुनगुने पानी में नमक मिलाकर उससे गरारा कर सकती हैं। आप चाहें तो ष्ठद्भड्ड माउथवॉश भी बना लें जिसमें काली मिर्च, अदरक, हल्दी और तुलसी की पत्तियां शामिल हों। ये आपकी ओरल कैविटी को दूर करने में मदद करेगा।

### पानी की कमी न होने दें

ओरल हेल्थ ही नहीं बल्कि शरीर की कई समस्याओं को दूर करने के लिए ये जरूरी है कि आप अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखें। ये अच्छा होगा कि आप पानी पीते रहें ताकि मुंह सूखे नहीं और मुंह के अंदर सलाइवा, मसूढ़े आदि साफ होते रहें। पानी पीने से दांतों के अंदर फंसे खाने के कण भी निकल जाते हैं और साथ ही साथ ये कैविटीज को खत्म करने और मुंह की दुर्गंध से लड़ने में भी सहायक होगा। आप नींबू पानी या सब्जियों और फलों का जूस भी पी सकते हैं।

### एल्कोहॉल और स्मोकिंग से रहें दूर

अगर आप इसका सेवन नहीं करते तो ठीक, लेकिन अगर आप करते हैं तो इसे थोड़ा कम कर दीजिए। ये ओरल हेल्थ को खराब करने के सबसे अहम कारणों में से एक होते हैं। अकेले इस एक स्टेप को लेने से ही आपकी ओरल हेल्थ में कमाल का सुधार दिख सकता है।

### डाइट का रखें ध्यान

हमारी ओरल हेल्थ को निर्धारित करने में हमारी डाइट का बहुत बड़ा योगदान होता है। ये बहुत जरूरी है कि हम सही विटामिन और मिनरल अपनी डाइट में शामिल करें ताकि शरीर को पोषण मिले। अगर हम बहुत ज्यादा चिपचिपा और स्टार्च वाला खाना खाएंगे तो ये हमारी ओरल हेल्थ पर असर डालेगा।

# बढ़ती उम्र के साथ जरूरी है दांतों की सही देखभाल

हेल्दी रहने के लिए शरीर के बाकी अंगों की तरह दांतों की देखभाल भी बहुत जरूरी है। लेकिन अक्सर हम ओरल हाइजीन पर ध्यान नहीं देते हैं। जिसकी वजह से बढ़ती उम्र के साथ दांतों की दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। कई बार कम उम्र में ही आपको दांतों की परेशानियां हो सकती हैं। इसलिए, दांतों की सही तरह से देखभाल करना बहुत जरूरी है। एक्सपर्ट के मुताबिक, उम्र बढ़ने के साथ कई कारणों से ओरल हेल्थ से जुड़ी कई दिक्कतें आपको परेशान कर सकती हैं। कई लोग इस बात को नहीं जानते हैं कि अगर आपकी ओरल हेल्थ ठीक नहीं है, तो इसका असर आपके पूरे स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर के बाकी अंगों की तरह दांतों पर भी अधिक ध्यान देना जरूरी हो जाता है। बढ़ती उम्र में एक्सपर्ट के बताए इन टिप्स को फॉलो कर आप दांतों को हेल्दी और मजबूत बनाए रख सकते हैं।

- उम्र बढ़ने के साथ-साथ हमारे मुंह में कुछ नेचुरल बदलाव आते हैं। जैसे कि सलाइवा का प्रोडक्शन कम हो जाता है। उम्र के साथ दांतों की मजबूती पर भी असर होता है।
- कई अन्य बीमारियों और दवाईयों के कारण भी डेंटल हेल्थ पर असर होता है। बढ़ती उम्र में मसूड़ों से जुड़ी परेशानियां भी हो सकती हैं।
- डायबिटीज, दिल की बीमारियों और अर्थराइटिस से भी ओरल हेल्थ प्रभावित हो सकती है। इसलिए, उम्र बढ़ने के साथ दांतों का अधिक ख्याल रखना जरूरी हो जाता है।
- घर पर दांतों की सही तरह की सफाई का ध्यान रखें।
- इसके अलावा, समय-समय पर डेंटिस्ट के पास जाकर रूटीन चेकअप करवाएं।
- दिन में दो बार फ्लोरॉइड टूथपेस्ट से दांतों का साफ करें और डेंटल फ्लॉस से दांतों के बीच का हिस्सा भी साफ करें। इससे कैविटीज और मसूड़ों की सड़न के बचाव हो सकता है।
- मुंह के बैक्टीरिया को दूर करने के लिए एंटीसेप्टिक माउथवॉश से कुल्ला करें।
- अगर आप डेंचर यूज करते हैं, तो इसकी भी सही देखभाल जरूरी है।
- डेंचल को सोते समय निकाल दें। इसे सही से साफ करें और इसे बैक्टीरियल ग्रोथ से बचाने के लिए डेंटल सल्यूशन पर डुबोकर रखें।
- बड़े-बुजुर्गों की ओरल हेल्थ को दुरुस्त रखने के लिए सही हाइड्रेशन भी जरूरी है। क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ लार बनना कम हो जाती है। ऐसे में सही मात्रा में पानी पीना जरूरी है।
- लार एसिड को न्यूट्रिलाइज करने और फूड पार्टिकल्स को धोने के लिए जरूरी है।
- पानी पीने से ड्राई माउथ की प्रॉब्लम नहीं होती है। ड्राई माउथ की वजह से दांत का घिसना और ओरल हेल्थ से जुड़ी परेशानी हो सकती हैं।
- इसके अलावा विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर बैलेंस डाइट जरूर लें।
- दांतों की मजबूती के लिए कैल्शियम, विटामिन डी और फॉस्फोरस बहुत जरूरी हैं।



**उम्र बढ़ने के साथ शरीर के बाकी अंगों की तरह दांतों पर भी अधिक ध्यान देना जरूरी हो जाता है। बढ़ती उम्र में एक्सपर्ट के बताए इन टिप्स को फॉलो कर आप दांतों को हेल्दी और मजबूत बनाए रख सकते हैं।**



# काली गाजर के सेवन से दूर होती है ये बीमारियां

**काली गाजर में फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है। काली गाजर में बीटा कैरोटीन और ल्यूटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो आंखों के काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। ये एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से आंखों को सुरक्षित रखते हैं। काली गाजर का सेवन मोतियाबिंद, ग्लूकोमा जैसी समस्या नहीं होती है। काली गाजर में फाइबर अधिक होने के कारण यह वजन घटाने में मददगार हो सकती हैं।**

गाजर खाने के कई फायदे होते हैं। गाजर विटामिन-ए से भरपूर होती है। लेकिन बहुत कम लोगों ने काली गाजर के बारे में सुना होगा। डायटिशियन मीना कोरी यहां हमें काली गाजर के फायदों के बारे में बता रही है।

### आंखों के लिए फायदेमंद

काली गाजर में बीटा कैरोटीन और ल्यूटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो आंखों के काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। ये एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से आंखों को सुरक्षित रखते हैं। काली गाजर का सेवन मोतियाबिंद, ग्लूकोमा जैसी समस्या नहीं होती है।

कैंसर से बचाव करती है काली गाजर

काली गाजर में एंथोसायनिन नामक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कैंसर से भी शरीर को सुरक्षित रखती है। मीना कोरी का कहना है कि एंथोसायनिन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन स्तन कैंसर, फेफड़ों के कैंसर, और कोलोरेक्टल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां नहीं होती है।

### डायबिटीज में फायदेमंद

जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है, उन्हें काली गाजर का सेवन जरूर करना चाहिए। काली गाजर में फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है। यह टाइप 2 मधुमेह के जोखिम को कम करती है।

### वजन घटाती है काली गाजर

काली गाजर में फाइबर अधिक होने के कारण यह वजन घटाने में मददगार हो सकती हैं। फाइबर लंबे समय तक पेट को भरा हुआ रखता है। ज्यादा भूख नहीं लगती है। आप कम कैलोरी खाते हैं तो इससे शरीर का मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है। इससे शरीर मोटापा नहीं बढ़ता है। शरीर का वजन भी नहीं बढ़ता है। काली गाजर के सेवन से कोलेस्ट्रॉल का लेवल नहीं बढ़ता रहता है और इससे हार्ट अटैक का खतरा नहीं होता है।





# थायराइड को कंट्रोल कर सकते हैं ये मसाले

**थायराइड जीवनशैली से जुड़ी परेशानी है जिससे आजकल हर व्यक्ति ग्रस्त है। इस कारण शरीर में काफी बदलाव आने लगता है। कुछ लोगों का वजन काफी ज्यादा बढ़ जाता है। कुछ लोगों को हेयर फॉल की शिकायत हो जाती है। अगर आप भी थायराइड की समस्या से परेशान हैं तो मम्मी के किचन में रखे कुछ मसाले थायराइड कंट्रोल करने में उपयोगी साबित हो सकते हैं। आइए जानते हैं वो कौन से मसाले हैं जो थायराइड लेवल को फिक्स करने में आपके काम आ सकते हैं।**

### हल्दी

थायराइड में हल्दी का सेवन आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। हल्दी एक औषधि के रूप में जानी जाती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं जो शरीर की सूजन को कम करने में मदद करते हैं। इसमें करक्यूमिन नाम का यौगिक पाया जाता है जो थायराइड ग्लैंड की सूजन कम करने में मदद करता है। आपको बता दें कि हल्दी में बहुत ही शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो शरीर में होने वाले ऑक्सीडेशन की प्रक्रिया को न्यूट्रल कर देते हैं।

### जीरा

जीरा हमेशा से ही खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए जाना जाता है। वहीं इसमें मौजूद फाइटोकेमिकल्स थायराइड फंक्शन को बैलेंस रखने में मदद करते हैं। जीरा आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है जिससे थायराइड लेवल को फिक्स करने में मदद मिलती है।

### दालचीनी

दालचीनी का नियमित इस्तेमाल भी थायराइड को कंट्रोल करने में मददगार है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो सूजन को कंट्रोल करते हैं। दालचीनी में सिनामाल्डिहाइट नाम का केमिकल मौजूद होता है,जो शरीर में प्रोजेस्टेरोन हार्मोन को बढ़ाने में मदद करता है। यह महिलाओं में टेस्टोस्टेरोन के उत्पादन को कम करने में मदद करती है।जिससे शरीर में हार्मोन्स के संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलती है।

### धनिया

थायराइड में धनिया के बीज का सेवन भी आपको फायदे पहुंचा सकता है। धनिया के बीजों में एंटीऑक्सीडेंट होता है थायराइड फंक्शन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इससे शरीर का सूजन कम होता है।आप धनिया के बीजों को एक गिलास पानी में भिगोकर रखे और इसे सुबह खाली पेट पी लें।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस से होगा महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री, बालासाहेब थोराट का दावा

**मुंबई, एजेंसी।** आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर खींचतान जारी है। जहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने चुनाव से पहले सीएम चेहरे घोषित करने की मांग की है तो वहीं शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने इससे साफ इनकार किया है। अब गठबंधन की एक और साथी पार्टी कांग्रेस ने बड़ा ऐलान कर दिया है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) द्वारा आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा करने से इनकार करने के बावजूद, कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट ने गुरुवार को विश्वास व्यक्त किया कि अगला मुख्यमंत्री कांग्रेस से होगा। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, थोराट ने भयंदर (पश्चिम) में चुनावों की तैयारी के लिए कांग्रेस पार्टी के कोंकण संभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कहा, मैं सभी से गठबंधन के रूप में लगन से काम करने का आग्रह करता हूं। मुझे 100 प्रतिशत यकीन है कि मुख्यमंत्री महा विकास अघाड़ी से आएगा और कांग्रेस से होगा।

### आशुतोष गोवारिकर निभायेंगे जासूस रमाकांत एस. कुलकर्णी की भूमिका

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव एक दिलचस्प क्राइम थ्रिलर सीरीज ''मनवत मर्डर्स'' की पेशकश के लिये तैयार है। इसमें उन सबसे भयानक ऐतिहासिक घटनाओं में से एक का खुलासा होगा, जिन्होंने 70 के दशक में देश को झकझोर दिया था। आशीष बेंडे द्वारा निर्देशित इस शो में आशुतोष गोवारिकर ने सीआईडी के एक बेहतरीन जासूस रमाकांत एस. कुलकर्णी की भूमिका निभाई है। कुलकर्णी को भारत का शेरलॉक होम्स भी कहा जाता है। इस नये तरीके की भूमिका में गोवारिकर का अनोखा अंदाज़ दिखेगा, क्योंकि वे बिल्कुल शांत रहेंगे, लेकिन उनकी सोच की कोई सीमा न होगी। उनके किरदार में अटूट समर्पण, दृढ़ता और वह विशेषज्ञता होगी, जिसकी जरूरत इतिहास के सबसे पेचीदा मामलों में से एक को सुलझाने के लिये थी। सीरीज में वह 1970 के दौरान ग्रामीण महाराष्ट्र में हुई अजीबोगरीब हत्याओं की गुत्थी सुलझाने की कोशिश करेंगे। इस कोशिश में उन्हें समय को भी मात देनी होगी। रमाकांत एस. कुलकर्णी की भूमिका निभाने को लेकर आशुतोष गोवारिकर ने कहा, ''इसे मैं अपने लिये बड़ा सौभाग्य मान रहा हूँ कि मुझे श्री रामाकांत एस. कुलकर्णी का किरदार निभाने के लिये चुना गया है। वह बॉम्बे सीआईडी के पुलिस ऑफिसर थे, जिनके बारे में आज के दर्शकों को बताया ही जाना चाहिये। उन्होंने ऐसे कई मामले सुलझाये, जो अन्यथा अनसुलझे ही रह जाते।

### अब संदीप घोष की डॉक्टरी पर भी संकट, नहीं कर पाएंगे इलाज, छिन गया लाइसेंस

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता आरजी कर कॉलेज एंड हॉस्पिटल से जुड़ी जांच की आंच का सामना कर रहे पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को गुरुवार को एक और झटका लगा है। खबर है कि उनका मेडिकल प्रैक्टिस का लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है। खास बात है कि किसी चिकित्सक को मरीज के इलाज के लिए लाइसेंस की जरूरत भी होती है। पश्चिम बंगाल चिकित्सा परिषद ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष का पंजीकरण गुरुवार को रद्द कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घोष, आरजीकर अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित दुष्कर्म के बाद हत्या के मामलें में इस समय केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की हिरासत में हैं। डब्ल्यूबीएमसी की तरफ से तैयार की जाने वाली रजिस्टर्ड डॉक्टरों की सूची से घोष का नाम हटा दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि घोष का लाइसेंस बंगाल चिकित्सा अधिनियम 1914 के विभिन्न प्रावधानों के तहत रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि घोष ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं और बिना लाइसेंस वह इलाज नहीं कर सकेंगे। घोष को दो सितंबर को सीबीआई ने अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के मामले में गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी ड्यूटी पर तैनात महिला प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के विरोध के बाद हुई।

# मंत्री पर विवादित बयान पर भाजपा विधायक को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक हाई कोर्ट ने भाजपा के विधायक बासनगौड़ा पाटिल यतनाल को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि आप किसी को हाफ पाकिस्तानी कैसे कह सकते हैं। अदालत ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव को लेकर की गई टिप्पणी पर यह बात कही। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने मंत्री दिनेश गुंडू राव को हाफ पाकिस्तानी कहा था क्योंकि उनकी पत्नी मुस्लिम हैं। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा कि ऐसी टिप्पणी तो देश के सारे मुस्लिम समुदाय को ही पाकिस्तानी घोषित करने वाली हुई, जबकि वे भारत में रहते हैं और उसे अपनी मातृभूमि मानते हैं।



जज ने कहा, यह क्या है? सिर्फ इसलिए कि उन्होंने मुस्लिम से शादी की है और आप उन्हें हाफ पाकिस्तानी कहेंगे? आप कैसे किसी को ऐसा कह सकते हैं? क्या आपके दिमाग में जो भी आएगा, वह बोल सकते हैं। आप किसी भी समुदाय के बारे में ऐसी बात नहीं कर सकते। वे यहीं रहते हैं। इस पर भाजपा विधायक यतनाल के वकील वेंकटेश दलवई ने कहा कि उन्होंने अगले ही दिन सफाई दी थी। इस पर जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा कि ऐसी बातें आजकल आम हो गई हैं। जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा, यह अच्छी बात नहीं है। हर दिन ऐसे बयान सुनने को मिलते हैं। जज ने कहा कि आखिर विधायक ने इस तरह का पर्सनल अटैक क्यों किया।

उन्होंने कहा कि आखिर आपने इस तरह निजी अटैक क्यों किया। हम इस पर रोक नहीं लगाएंगे। आपको ट्रायल कोर्ट में पेश होना होगा। दरअसल विधायक के बयान के खिलाफ मंत्री ने केस दर्ज कराया है और उसे रद्द कराने के लिए विधायक हाई कोर्ट पहुंचे थे। इस पर जस्टिस नागप्रसन्ना ने उन्हें जमकर सुनाया और ट्रायल कोर्ट में सुनवाई का सामना करने का आदेश दिया। यह बयान लोकसभा चुनाव के दौरान का है। उन्होंने कहा था कि दिनेश गुंडू राव के घर में ही एक पाकिस्तान है। इसलिए राष्ट्र विरोधी बयान देने की उनकी आदत हो गई है।

इस मामले का संज्ञान बेंगलुरु की अदालत ने लिया था और उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का केस दर्ज करने का आदेश दिया था। अधिवक्ता दलवई ने कहा कि अदालत को इस तरह से संज्ञान नहीं लेना चाहिए और केस को खत्म किया जाना चाहिए। इस पर हाई कोर्ट ने कहा कि हम अदालत से कहेंगे कि केस को यदि खत्म किया जा सके तो कर दें, लेकिन हम स्टे का आदेश नहीं देंगे। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आजकल इजाफा देखने को मिल रहा है।

## मोदी 3.0 के 100 दिन 'विकसित भारत' के निर्माण में एक मजबूत नींव रखने वाले: अमित शाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता अमित शाह ने मोदी 3.0 के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन के रिपोर्ट कार्ड पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर अमित शाह ने स्पष्ट किया कि मोदी 3.0 के 100 दिन 'विकसित भारत' के निर्माण में एक मजबूत नींव रखने वाले 100 दिन हैं। मोदी जी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएँ शुरू की गई, मध्यम वर्ग को टैक्स में राहत दी गई और किसानों के खाते में 3 लाख करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जा चुके हैं। मोदी 3.0 के शुरुआती 100 दिन हर वर्ग को समाहित कर विकास व गरीब कल्याण के अद्भुत समन्वय के रहे हैं। एक छोटे से गरीब परिवार में जन्म लेने वाले मोदी जी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बन कर इतिहास रच चुके हैं। लगातार 10 साल तक भारत के विकास को समर्पित, भारत की सुरक्षा को समर्पित और भारत के गरीबों के कल्याण को समर्पित सरकार चलाने के बाद देश की जनता ने एक बार फिर मोदी सरकार को अपना जनादेश दिया। देश की जनता का यह जनादेश बताता है कि लोग मोदी जी के नेतृत्व पर किस कदर भरोसा करते हैं। 60 साल के बाद पहली बार कोई एक नेता लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश का नेतृत्व कर रहे हैं। 60 साल के बाद पहली बार देश में राजनीतिक स्थिरता का माहौल आया है। नीतियों की दिशा, नीतियों की गति और नीतियों को क्रियान्वयन करने की सटीकता को 10 साल तक बरकरार रखकर 11वें साल में प्रवेश करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस बात को मानने से कोई गुरेज नहीं है कि बीते 10 साल में मोदी जी ने देश की बाहरी सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा और रक्षा प्रणाली को मज़बूत कर एक सुरक्षित भारत बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी जी के मेक इन इंडिया के तहत आज पूरी दुनिया में भारत उत्पादन का केंद्र बन चुका है। मोदी जी के डिजिटल इंडिया की योजना को दुनिया के कई देश अपने विकास का आधार बनाना चाहते हैं।

## जमानत पर छूटे रेप के आरोपी ने छात्रा को उतारा मौत के घाट, सरेराह मार दी गोली

**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद के कैलादेवी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात जेल से जमानत पर छूटे रेप के आरोपी ने सरेराह पीड़ित छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। उसने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब छात्रा मां और भाई के साथ बाइक से घर जा रही थी। हत्यारोपी अपने मामा के साथ कार से पहुंचा और बाइक रुकवाने के बाद छात्रा पर एक के बाद एक दो गोलियां दाग दीं। छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी फरार हो गए।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मांमा-भांजे के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। एसपी ने वारदात के खुलासे के लिए तीन टीमें लगाईं हैं। मूलरूप से संभल क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण वर्तमान में परिवार के कुछ सदस्यों के साथ गाजियाबाद के एक गांव में रहते हैं। उनकी 14 वर्षीय बेटी गाजियाबाद के ही एक निजी स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा थी।

बुधवार शाम वह अपनी मां के साथ गाजियाबाद से संभल स्थित एक गांव में अपने घर आने के लिए निजी बस से चली। दोनों मां- बेटी देर शाम आठ बजे गांव में बस से उतरीं। तेज बारिश के कारण दोनों टिनशेड के नीचे खड़ी हो गईं। बाद में छात्रा का भाई बाइक लेकर पहुंचा और बारिश हल्की होने पर देर रात करीब साढ़े दस बजे मां और बहन को लेकर घर लौटने लगा।

भाई के मुताबिक जब वह गांव के पास पहुंचा, तो पीछे से आई तेज रफ्तार कार में सवार लोगों ने बाइक रुकवा ली और बहन के सिर और सीने में दो गोलियां मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिंकू और पप्पू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पप्पू और रिंकू आपस में मामा- भांजे है। रिंकू के खिलाफ 23 फरवरी को छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था। वह बारह दिन पहले ही जेल से जमानत छूटकर आया था। रिंकू कुछ महीने पहले तक छात्रा के परिवार के साथ गाजियाबाद में ही रहता था। परिजनों के मुताबिक उसने मुकदमे की रंजिश में बेटी की हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संभल में छात्रा की हत्या के बाद से गाजियाबाद में रहने वाला परिवार दुखी है।

## नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में मरीजों से महंगी दवा और सामान मंगाने का खुलासा

**नोएडा एजेंसी।**
नोएडा के बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान (चाइल्ड पीजीआई) में मरीजों से बाहर से महंगी दवा, सर्जरी के उपकरण और इंप्लांट मंगाने का खुलासा हुआ है। कथित तौर पर अस्पताल से ही यह रिपोर्ट 9 सितंबर को अस्पताल के डायरेक्टर के साथ ही प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को भी भेजी गई है।

रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि निजी हित के तहत दूसरे मेडिकल स्टोर को फायदा पहुंचाया जा रहा। बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर संस्थान के ही एक विभाग की ओर से प्रमुख सचिव और निदेशक को यह पत्र भेजा गया है। इस विभाग से कई प्रश्न पूछे गए थे, जिसके जवाब में कई खुलासे हुए। भेजे गए पत्र में लिखा गया है कि दवा स्टोर में स्टॉक लगभग शून्य होने के बावजूद दवा खरीदने के लिए मना कर दिया गया है। इसके लिए बैठक बुलाने और टेंडर का बहाना बनाया गया, जिससे मरीजों को



महंगी दवा खरीदनी पड़ रही है, जबकि अस्पताल की फार्मेसी में उपलब्ध दवा अमृत फार्मेसी और दूसरे मेडिकल स्टोर से आधी कीमत पर उपलब्ध है।

यह मरीजों के साथ खिलवाड़ और राजस्व का नुकसान है। कुछ दवाएं काफी कम खरीदने की अनुमति दी गई है। अस्पताल के अलग-अलग चिकित्सकी विभागों के प्रमुख डॉ. उमेश कुमावत, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. मुकुल जैन और डॉ. नीता राधाकृष्णन पर कई आरोप लगाए गए हैं। पत्र में जिक्र है कि जीवन रक्षक एवं अति आवश्यक दवाइयों, सर्जिकल आइटम की खरीद से संबंधित अनेक फाइल 15 दिनों से लंबित हैं, जबकि इन दवाइयों का स्टॉक शून्य है। इनकी तत्काल आवश्यकता है। दवाइयों के नहीं होने से अस्पताल अमृत फार्मेसी से प्रत्यक्ष रूप से महंगी दवा खरीद रहा है, जिससे वित्तीय नुकसान सहना पड़ रहा है। पहले भी इस बारे में उच्च अधिकारियों को बताया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पत्र में हृदय रोग विभाग, पीडियाट्रिक हेमेटो-ओंकोलॉजी विभाग, हड्डी रोग विभाग आदि के विभागाध्यक्ष पर आरोप लगाए गए हैं कि दोनों विभाग में लाखों रुपये की दवा और सर्जिकल आइटम बाहर से खरीदे जा रहे हैं। 20 अगस्त को पत्र जारी कर कैंसर ग्रिड के तहत आने वाली दवाओं का मांग पत्र मांगा गया, इसके बावजूद अब तक दवाएं नहीं मिलीं। पत्र में यह लिखा गया है कि एक वेंडर ने ऑर्थोपेडिक बेड के इंस्टॉलेशन रिपोर्ट देने के समय कॉन्फ्रेंस के नाम पर वित्तीय सहायता मांगने का आरोप लगाया है। वहीं, एचआरएफ के अध्यक्ष ने एकेडमिक कॉन्फ्रेंस के नाम पर 50 हजार रुपये लिए। नियमों के अनुसार सरकारी डॉक्टर इस तरह की राशि नहीं ले सकते। पत्र के माध्यम से शासन को यह बताया गया है कि कई दवा ऐसी हैं, जो किसी दर अनुबंध में नहीं है। ऐसे में इन दवाइयों की जैम और लोकल खरीद के माध्यम से फाइल तैयार की गई थी।

## बाढ़ को लेकर हेमंत सोरेन पर भड़कीं ममता बनर्जी, सील कर दी झारखंड की सीमा

**कोलकाता, एजेंसी।**
बंगाल में बाढ़ को लेकर दो सहयोगियों में ही आपस में ठन गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दामदर वैली कॉर्पोरेशन को राज्य में बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि झारखंड की वजह से दक्षिण बंगाल के 11 जिले बाढ़ की समस्या से जूझ रहे हैं। तीन दिनों के अंदर बांध से पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उन्होंने हेमंत सोरेन से इसको लेकर बात भी की है। वहीं ममता बनर्जी ने झारखंड से लगने वाली सीमा को सील करने का आदेश दे दिया है।

ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार सभी नियमों का पालन कर रही थी। डीवीसी के साथ समझौतों को ध्यान में रखा जा रहा है। लेकिन दामोदर वैली कॉर्पोरेशन ने झारखंड को बचाने के लिए बंगाल को दांव पर लगा दिया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, बंगाल का यह अप्रत्याशित और गलत है। उन्होंने कहा, अब हम भी बंगाल जाने वाली सारी चीजों को रोक देंगे। झारखंड के बांधों में पानी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया था। भारी बारिश की वजह से पानी की रिलीज करना जरूरी था।

ममता बनर्जी का कहना है कि सीमावर्ती इलाके में बाढ़ की वजह से कार बह जा रही हैं। ऐसे में खतरे को देखते हुए बॉर्डर सील कर दिए गए हैं। वहीं हेमंत सोरेन की सरकार ने जवाबी ऐक्शन लेने की धमकी दे दी है। धनबाद-पश्चिम बर्दवान सीमा के बाद वाहनों का आना जाना मुश्किल हो रहा है।



मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि बाढ़ की वजह से 26 की मौत हो गई है और ढाई लाख लोग प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, मैंने डीवीसी चेयरमैन और झारखंड के सीएम सोरेन से बात की। उनसे आपील की कि और पानी ना छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि डीवीसी इसकी भी जानकारी नहीं दे रहा है कि बांध से कितना पानी पड़ोसी राज्य में छोड़ा जा रहा है। ऐसे में झारखंड के साथ लगी सीमा पर पुलिस चेकपोस्ट पर वाहनों को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीवीसी हमेशा झारखंड को सुरक्षित रखना चाहता है। हमेशा पश्चिम बंगाल ही यह मुसीबत क्यों झेले? वहीं डीवीसी के कार्यकारी निदेशक अंजनी दुबे ने कहा कि बारिश कम होने की वजह से छोड़े जाने वाले पानी को भी कम कर दिया गया है।

## गुरुग्राम बाइक हादसा : गूगल पर लोकेशन देख रॉन्ग साइड कार चला रहा था एसयूवी ड्राइवर

**गुरुग्राम एजेंसी।**
हरियाणा के गुरुग्राम में रॉन्ग साइड से आ रही एसयूवी कार से टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत के मामले में अब एक नई बात निकलकर सामने आई है। पुलिस ने बता है कि एसयूवी कार चालक गूगल पर लोकेशन देखकर कार चला रहा था, इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हो गया।





जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम में दिल्ली के द्वारका से बीते रविवार सुबह अपने दोस्त के साथ डीएलएफ साइबर सिटी स्थित एक फूड पॉइंट पर नाश्ता करने के लिए जा रहे एक युवक की गोल्फ कोर्स रोड स्थित डीएलएफ फेज-दो मेट्रो स्टेशन के पास सड़क हादसे में मौत हो गई थी। दोनों दोस्त अलग-अलग बाइक पर सवार थे। पुलिस ने इस हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके से रॉन्ग साइड आ रही एसयूवी कार को कब्जे में ले लिया है।

दिल्ली के द्वारका के बोचनपुर क्षेत्र के बी ब्लॉक का रहने वाला 22 साल का अक्षत गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर हाइवे पर एंबियंस मॉल के पास स्थित डीएलएफ डाउन टाउन स्थित एक कंपनी में ट्रेवलर सर्विस एसोसिएट के पद पर काम करता था। वह पिछले एक साल से एक्पीडिया ग्रुप में नौकरी कर रहा था। राजस्थान के कोटा निवासी उसका दोस्त प्रद्युम्न कुमार भी इस कंपनी में नौकरी करता है। शनिवार रात को अक्षत और प्रद्युम्न ने रविवार सुबह मिलकर एक साथ साइबर सिटी के एक फूड पॉइंट पर नाश्ता करने की योजना बनाई। प्रद्युम्न और अक्षत अपनी-अपनी बाइक से गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन पर पहुंच गए। दोनों अपनी-अपनी बाइक से गोल्फ कोर्स रोड से साइबर सिटी की तरफ चल रहे थे।

## मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे ने थामा कांग्रेस का साथ, चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी

**मुंबई, एजेंसी।**
मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी संजय पांडे ने राजनीति में कदम रखने का फैसला किया है। वे जल्द ही कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे और मुंबई से आने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी पेश कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, पांडे को कांग्रेस ऐसी विधानसभा सीट से उतारने की योजना बना रही है, जहां उत्तर भारतीयों की अच्छी-खासी आबादी है। पांडे गुरुवार शाम को पार्टी में शामिल होंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव सचिन सावंत ने इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा, संजय पांडे एक ईमानदार और अनुशासित अधिकारी रहे हैं, जिन्होंने पुलिस बल के लिए एक मिसाल कायम की है। आज वे महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला और मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ की उपस्थिति में पार्टी में शामिल होंगे।

संजय पांडे ने पहले ही विधानसभा चुनाव



लड़ने की घोषणा की थी और उन्होंने अपने राजनीतिक संगठन राष्ट्रीय जनहित पार्टी की स्थापना की थी। उन्होंने मुंबई के वर्सोवा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की मंशा जताई थी। इससे पहले, वे हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में भी भाग लेने की योजना बना रहे थे लेकिन बाद में अपना इरादा बदल लिया। उस समय उन्होंने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल और मुंबई नॉर्थ वेस्ट जैसी दो लोकसभा सीटों पर ध्यान केंद्रित किया था।

आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र और 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय पांडे को 18 फरवरी 2022 को मुंबई पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया था। अपने करियर के दौरान पांडे को एक ईमानदार अधिकारी माना जाता था, लेकिन वे कई बार विवादों में भी घिरे रहे। उनका नाम सबसे ज्यादा तब सुर्खियों में आया जब उन्हें जून 2022 में राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) फोन टैपिंग मामले में केंद्रीय एजेंसियों ने गिरफ्तार किया था।

पांडे पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। एक एफआईआर एनएसई के कर्मचारियों के फोन की अवैध निगरानी के लिए आईसेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी से संबंधित है, जिसे उन्होंने स्थापित किया था। दूसरी एफआईआर एनएसई के सिस्टम ऑडिट में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए है। पांडे को उनकी गिरफ्तारी के बाद करीब पांच महीने तक जेल में रहना पड़ा था।

हालांकि, दिल्ली हाई कोर्ट ने दिसंबर 2022 में ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें जमानत दी थी। कोर्ट ने यह कहते हुए जमानत दी थी कि पांडे पर धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और रिश्वतखोरी के आरोप लगाए गए थे, लेकिन इन आरोपों के कोई ठोस सबूत नहीं मिले थे। कोर्ट ने यह भी कहा कि रिश्वतखोरी के आरोप इस मामले में लागू नहीं होते क्योंकि किसी ने रिश्वत मांगने या लेने का कोई आरोप नहीं लगाया था। अब पांडे कांग्रेस पार्टी के साथ अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं।

## नोएडा प्राधिकरण के आरोपों में घिरे 100 से अधिक अफसरों पर लटकी कार्रवाई की तलवार

**नोएडा एजेंसी।**
नोएडा प्राधिकरण के पूर्व चेयरमैन और सीईओ मोहिंदर सिंह के यहां ईडी के छापे में 7 करोड़ से अधिक के हीरे मिलने के बाद नोएडा प्राधिकरण एक बार फिर सुर्खियों में है। प्राधिकरण में तैनात रहे 100 से अधिक अधिकारियों के खिलाफ आरोपों की जांच चल रही है और उन पर भी कार्रवाई की तलवार लटकी हुई है।

ईडी ने हैसिंडा प्रोजेक्ट कंपनी के लोटस-300 प्रोजेक्ट के निवेशकों के साथ धोखाधड़ी के मामले में हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जांच अपने हाथ में ली थी। ईडी ने इस मामले में नोएडा प्राधिकरण के पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह के घर से करोड़ों के हीरे और चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज बरामद किए। मोहिंदर सिंह सुपरटेक के ट्विन टावर प्रकरण में दर्ज मुकदमे में भी आरोपी हैं। कैग रिपोर्ट में मोहिंदर सिंह के कार्यकाल में हुए कार्यों को लेकर हजारों करोड़ के घोटाले के आरोप लगाए जा चुके हैं। इनमें ग्रुप हाउसिंग आवंटन घोटाला, दलित प्रेरणा स्थल प्रकरण, फार्म हाउस आवंटन घोटाला, आम्रपाली बिल्डर घोटाला और लीज बैक घोटाला प्रमुख हैं। इन मामलों में ही 50 से अधिक अधिकारियों पर कार्रवाई की संस्तुति हो चुकी है। नोएडा प्राधिकरण में वर्ष 2008 से लेकर 2010 तक फार्म हाउस आवंटन घोटाला हुआ। 168 फार्म हाउसों का आवंटन बहुत कम दरों पर किया गया। लोकायुक्त ने मामले में प्राधिकरण के चेयरमैन ललित श्रीवास्तव, सीईओ मोहिंदर सिंह समेत अनेक अफसरों को नोटिस भेजे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## सार समाचार

### फिर चला चहल का जादू, 5 विकेट लेकर टीम को दिलाई शानदार जीत



**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड), एजेंसी।** भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट चटकाए जिससे नॉर्थम्पटनशर ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में लीसेस्टरशर पर नौ विकेट से जीत दर्ज की। पहली पारी में 82 रन पर चार विकेट लेने वाले चहल ने दूसरी पारी में 134 रन पर पांच विकेट लिए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने नौवीं बार पांच विकेट लिए। नॉर्थम्पटनशर ने गुरुवार को यहां काउंटी मैच में लीसेस्टरशर की दूसरी पारी को 316 रन पर समेट दिया। नॉर्थम्पटनशर को इसके बाद जीत के लिए 137 रन की जरूरत थी और टीम ने 30.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया। कप्तान ल्यूक प्रॉक्टर (नाबाद 68) और जॉर्ज बार्टलेट (नाबाद 54) को लक्ष्य का पीछा करने में कोई परेशानी नहीं हुई।

चहल ने इस दौरान लीसेस्टरशर के कप्तान लुईस हिल (14), लियाम ट्रेवास्किस (2), स्कॉट करी (120) जैसे अहम बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने पिछले मैच की दो पारियों में भी 45 रन पर पांच और 45 रन पर चार विकेट लेकर डर्बीशर के खिलाफ अपनी टीम की 133 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

### धनुष ने जूनियर वेटलिफ्टिंग विश्व चैम्पियनशिप में जीता कांस्य पदक



**लियोन (स्पेन) (एजेंसी)।** भारतीय भारोत्तोलक लोगानाथन धनुष ने शुक्रवार को यहां आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप के 55 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में किसी भारतीय पुरुष एथलीट का पहला पदक है। इस 17 वर्षीय भारोत्तोलक ने कुल 231 किग्रा का वजन उठाया और स्नैच स्पर्धा में 107 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

धनुष ने ग्रुप बी में हिस्सा लिया। ज्यादा वजन उठाने वाले भारोत्तोलकों को ग्रुप ए में रखा जाता है। इसके बाद ग्रुप बी और अन्य ग्रुप होते हैं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 124 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 13वें स्थान पर रहे। ग्रुप ए सत्र के खत्म होने तक धनुष बैठे रहे। उन्होंने आईडब्ल्यूएफ से कहा, 'जैसे जैसे स्पर्धा आगे बढ़ रही थी, मैं और नर्वस हो गया था। लेकिन मैंने पदक जीतने के बारे में कभी नहीं सोचा था।

वियतनाम के के डुओंग ने 253 किग्रा से स्वर्ण जबकि जापान के तोमारी कोटारो ने 247 किग्रा से रजत पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में पायल 45 किग्रा वजन वर्ग में कुल 150 किग्रा के वजन से छठे स्थान पर रही। इस टूर्नामेंट में नौ भारतीय भारोत्तोलक हिस्सा ले रहे हैं।



भारत-बांग्लादेश टेस्ट

# बुमराह का चौका, बांग्लादेश 149 पर ढेर, भारत को 308 रन की बढ़त

**चेन्नई, एजेंसी।** जसप्रीत बुमराह (50 रन पर 4 विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से भारत ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को चायकाल के बाद पहली पारी में 149 रन पर समेट दिया। भारत को पहली पारी में 227 रन की भारी भरकम बढ़त मिली लेकिन उसने फॉलोआन न कराकर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया और दूसरे दिन स्टंप्स तक तीन विकेट खोकर 81 रन बना लिए हैं। भारत के पास अब कुल 308 रन की बढ़त हो गयी है। भारत की दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा पांच, यशस्वी जायसवाल 10 और विराट कोहली 17 रन बनाकर आउट हुए। स्टंप्स पर शुभमन गिल 33 और ऋषभ पंत 12 रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत को पहली पारी में 227 रन की बड़ी बढ़त मिली थी जिससे अब उसकी कुल बढ़त 308 रन की हो गयी है।

इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी में बुमराह के चार विकेट के अलावा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए। बुमराह इस दौरान 400 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले छठे भारतीय तेज गेंदबाज बन गए । बांग्लादेश की तरफ से शाकिब अल हसन ने 32, मेहदी हसन मिराज ने नाबाद 27 , लिटन कुमार दास ने 22 और कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने 20 रन बनाये।

भारत ने पहले सत्र में तीन विकेट लेकर बांग्लादेश को बैकफुट पर धकेल दिया था। दूसरे सत्र में बांग्लादेश ने पांच और बल्लेबाज गंवाए। लंच के बाद, सिराज ने गेंद को लाइन में रखा और नजमुल हुसैन शान्तो के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर सीधे थर्ड स्लिप में चली गई। अगले ओवर में, बुमराह ने गेंद को देर से मूव किया और मुशफिकुर रहीम के बल्ले का अच्छा किनारा लेकर सेकंड स्लिप में चली गई। गेंदबाजों की लगातार लाइन और लेंथ के बावजूद, लिटन दास और शाकिब अल हसन ने स्थिति संभालने की कोशिश की।

दोनों ने बुमराह, सिराज और आकाश दीप की गेंदों पर शानदार ड्राइव लगाए, इससे पहले शाकिब ने रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की ढीली गेंदों पर और बाउंड्री लगाई।

छठे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी तब समाप्त हुई जब दास ने जडेजा की ऑफ-स्टंप से बाहर की गेंद को स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक ध्रुव जुरेल के पास गई। दास ने 22 रन बनाये। जडेजा के अगले ओवर में शाकिब ने रिवर्स-स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके जूते से टकरा गई और ऋषभ पंत ने आगे बढ़कर आसान कैच लपका। हसन महमूद और मेहदी हसन मिराज ने तीन चौके लगाए। बुमराह ने हसन महमूद को चाय के समय दूसरी स्लिप में कैच करा दिया।

भारत ने चायकाल के बाद दो और विकेट निकाल कर मेहमानों की पारी को 149 रन पर समेट दिया। बुमराह ने तस्कीन अहमद और सिराज ने नाहिद राणा को बोल्ड कर दिया। तस्कीन और नाहिद राणा दोनों ने 11-11 रन बनाये।

सुबह के सत्र में भारतीय टीम अपने कल के स्कोर में 37 रन जोड़ पाई। भारत को पहले तीन झटके तस्कीन अहमद ने दिए जबकि हसन महमूद ने जसप्रीत बुमराह के रूप में अंतिम विकेट लेकर भारतीय पारी को ऑलआउट कर दिया।

### 24 साल के महमूद हसन ने रावलपिंडी के बाद चेन्नई में रचा इतिहास

**चेन्नई , एजेंसी।** चेन्नई टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भारत की पहली पारी 376 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज महमूद हसन के कहर के बाद आर अश्विन और रविंद्र जडेजा ने भारतीय टीम की नैया पार की। अश्विन ने अपने घरेलू मैदान पर एक बार फिर शतकीय पारी खेली। वहीं बांग्लादेश के हसन ने पहली पारी में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

#### हसन ने झटके 5 विकेट

हसन महमूद ने चेन्नई टेस्ट मैच में पांच विकेट झटके। अपने 22.2 ओवर के स्पेल में 83 रन दिए और पांच विकेट अपने नाम किए। हसन ने भारतीय टीम के टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया।

उन्होंने रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल को दहाई का आंकड़ा भी नहीं छूने दिए। वहीं ऋषभ पंत को भी 39 रन के स्कोर पर आउट किया।

ओलंपिक : खेल मंत्री मांडविया का बयान

## भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना और शीर्ष 10 में आना है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने इस साल 117 खिलाड़ियों के दल को पेरिस भेजा था। यह संख्या बिल्कुल रियो ओलंपिक के बराबर की थी। हमने पदक जरूर रियो से ज्यादा जीते, लेकिन रैंक में काफी पिछड़ गए। भारत पेरिस में 71वें स्थान पर रहा।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना और पदक तालिका में शीर्ष 10 में आना है। मांडविया ने पुणे के एसपी कॉलेज में 'विकसित भारत एंबेसडर-युवा कनेक्ट' पहल पर बोलते हुए कहा, विकसित भारत में खेल क्षेत्र को विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की जरूरत है क्योंकि हमारा लक्ष्य हर क्षेत्र में खुद को विकसित करना है।

उन्होंने कहा, 2047 तक हमारा लक्ष्य खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल होना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कि हमें सुनिश्चित करना होगा कि हम 2047 का मौका नहीं चूकें। हमें विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार करने होंगे। खेल मंत्री ने कहा, ऐसी प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए हमने खेलो इंडिया की शुरुआत की। खेलो इंडिया की मदद से युवा खिलाड़ियों को खेलने के अवसर मिलने चाहिए।





हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज कुसाले इस कार्यक्रम में मौजूद थे। मांडविया ने कहा, हमें खेल प्रतिभाओं की पहचान करनी होगी और उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान करनी होंगी। आने वाले दिनों में ये प्रतिभायें स्वप्निल कुसाले जैसी खिलाड़ी बनेंगी।

हमारा लक्ष्य 2036 ओलंपिक का आयोजन भारत में कराना है और हमारी योजना पदक तालिका में शीर्ष 10 में आने की है। भारत ने इस साल 117 खिलाड़ियों के दल को पेरिस भेजा था। यह संख्या बिल्कुल रियो ओलंपिक के बराबर की थी। हमने पदक जरूर रियो से ज्यादा जीते, लेकिन रैंक में काफी पिछड़ गए।

भारत पेरिस में 71वें स्थान पर रहा। ओलंपिक में 24 साल बाद ऐसा हुआ जब भारत का रैंक 70 से नीचे पहुंचा हो। इस बार भारत ने कुल छह मेडल अपने नाम किए जिनमें पांच कांस्य और एक रजत पदक शामिल है। वहीं, टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक स्वर्ण के साथ सात पदक जीते थे।

### ग्राहम आर्नोल्ड ने ऑस्ट्रेलिया पुरुष फुटबॉल कोच के पद से इस्तीफा दिया



**मेलबर्न, एजेंसी।** ग्राहम आर्नोल्ड ने ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया के 2026 विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान की निराशाजनक शुरुआत के बाद उनके छह साल के दूसरे कार्यकाल का अंत हो गया है। बहरीन से 1-0 की घरेलू हार और उसके बाद इंडोनेशिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ ने टीम की दिशा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी थीं।

आर्नोल्ड ने फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) के मुख्य कार्यकारी जेम्स जॉनसन के समर्थन के बावजूद एक सप्ताह पहले ही अपने इस्तीफे की घोषणा की थी। जॉनसन ने 61 वर्षीय कोच का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया था, उनका मानना था कि वह अभी भी टीम को वापस पटरी पर ला सकते हैं। हालांकि, आर्नोल्ड को लगा कि बदलाव का समय आ गया है। मैंने इंडोनेशिया के खिलाफ़ हमारे मैच के बाद कहा था कि मुझे कुछ फ़ैसले लेने हैं, और गहन चिंतन के बाद, मेरे अंतर्मन ने मुझे बताया कि बदलाव का समय आ गया है। आर्नोल्ड ने ईएफए द्वारा जारी एक बयान में कहा, मैंने देश, खिलाड़ियों और फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया के लिए जो सबसे अच्छा है, उसके आधार पर इस्तीफ़ा देने का फ़ैसला किया है।

## राजस्थान रॉयल्स ने राठौर को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स ने भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। इस कदम से राठौर, जो भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और चयनकर्ता हैं, फ्रेंचाइजी में राहुल द्रविड़ के साथ फिर से जुड़ गए हैं, इससे पहले जून में पुरुषों के टी20 विश्व कप में जीत के साथ राष्ट्रीय टीम में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। राठौर ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, रॉयल्स परिवार का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। राहुल के साथ फिर से काम करने का अवसर, और अब युवा क्रिकेटरों के एक प्रतिभाशाली समूह के साथ, बेहद रोमांचक है। मैं टीम के विजन में योगदान देने और रॉयल्स और भारत के लिए शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ियों को विकसित करने के हमारे लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं, जो चैंपियनशिप जीतने में मदद कर सकते हैं।

राठौर ने 2019 से 2024 तक टीम के बल्लेबाजी कोच बनने से पहले भारत के लिए छह टेस्ट और सात वनडे मैच खेले। उनके कार्यकाल में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों ने राष्ट्रीय टीम में सभी प्रारूपों में प्रमुखता हासिल की।

आरआर के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, कई वर्षों तक विक्रम के साथ मिलकर काम करने के बाद, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि उनकी तकनीकी विशेषज्ञता, शांत व्यवहार और भारतीय परिस्थितियों की गहरी समझ उन्हें रॉयल्स के लिए एकदम उपयुक्त बनाती है।

द्रविड़ ने कहा, साथ मिलकर, हमने एक मजबूत तालमेल बनाया है, भारत को महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई हैं, और मैं उनके साथ फिर से जुड़कर रोमांचित हूं। युवा प्रतिभाओं को निखारने और खिलाड़ियों की क्षमता को बढ़ाने की उनकी क्षमता अमूल्य होगी.

## संजू सैमसन ने दलीप ट्रॉफी में ठोका शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने दलीप ट्रॉफी प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा। शुक्रवार 20 सितंबर को इंडिया बी के खिलाफ इंडिया डी के लिए खेलते हुए उन्होंने 92 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की। यह सैमसन का 11वां प्रथम श्रेणी शतक था।

संजू सैमसन पहले दलीप ट्रॉफी टीम में नहीं थे, लेकिन ईशान किशन के चोटिल होने के कारण चयनकर्ताओं को श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम डी में केरल के विकेटकीपर को प्रतिस्थापन के तौर पर शामिल करना पड़ा। सैमसन ने पहले राउंड में बेंच पर बैठने के बाद दूसरे राउंड में इंडिया ए के खिलाफ 5 और 40 रन बनाए थे।



राजस्थान रॉयल्स के कप्तान ने तीसरे और अंतिम राउंड में इस मौके का पूरा फायदा उठाया। नंबर 6 पर बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन ने सुनिश्चित किया कि इंडिया डी बल्ले से अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखे। सैमसन ने इंडिया बी की बेहतरीन गेंदबाजी इकाई के खिलाफ आक्रामक पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए, जिसमें मुकेश कुमार, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, राहुल चाहर और नवदीप सैनी जैसे गेंदबाज शामिल थे।

सैमसन ने सारांश जैन और रिकी भुई के साथ मिलकर बेहतरीन साझेदारी की और आक्रामक भूमिका निभाई। इंडिया डी के शीर्ष तीन बल्लेबाजों देवदत्त पडिक्कल (50), केएस भरत (52) और रिकी भुई (56) ने अर्धशतक जमाए। सैमसन के शतक ने उन्हें पहली पारी में 349 रन के आसान स्कोर तक पहुंचाया। इंडिया डी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और निशांत सिंधु (19) और कप्तान श्रेयस अय्यर (0) जल्दी आउट हो गए। हालांकि, सैमसन ने काउंटर-अटैकिंग पारी खेलकर सुनिश्चित किया कि इंडिया बी के गेंदबाज नियंत्रण न कर लें। सैमसन पहले दिन स्टंप्स तक 89 रन बनाकर नाबाद थे और उन्होंने शुक्रवार की सुबह अपना शतक पूरा कर लिया। नवदीप सैनी ने सैमसन को 101 गेंदों में 106 रन पर आउट कर दिया।

यह शतक अक्टूबर में शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सीजन से पहले संजू सैमसन के आत्मविश्वास को काफी बढ़ा देगा। 29 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केरल के लिए दमदार प्रदर्शन करके खुद को मैच में बनाए रखना चाहेंगे क्योंकि उन्होंने बेहद प्रतिस्पर्धी दलीप ट्रॉफी में लाल गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

डेविस कपः

## इटली का सामना फाइनल आठ के पहले मैच में अर्जेंटीना से

**लंदन, एजेंसी।** मौजूदा डेविस कप चैंपियन इटली नवंबर में मलागा में फाइनल 8 नॉकआउट चरण के पहले मैच में अर्जेंटीना से भिड़ने के लिए तैयार है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक धमाकेदार मुकाबले के लिए तैयार है। शीर्ष आठ देशों ने ग्रुप फाइनल से क्वालीफाई किया है और वे 19 से 24 नवंबर तक स्पेन के तटीय शहर मलागा में पलासियो डी डेपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कार्पेना में मुकाबला करेंगे। विश्व नंबर एक जैनिक सिनर के बिना अपने तीनों ग्रुप फाइनल मुकाबलों में विजयी रही इतालवी टीम नॉकआउट चरणों के लिए अपनी टीम को मजबूत करने की कोशिश करेगी। सिनर, जो ग्रुप चरण से चूक गए थे, अर्जेंटीना के खिलाफ इटली के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वापसी कर सकते हैं, जो पहले से ही प्रतिभा से भरी टीम में जोश भर देंगे।



अर्जेंटीना ने ग्रेट ब्रिटेन और कनाडा जैसे दिग्गजों वाले कठिन ग्रुप को पार करके अंतिम आठ में अपना स्थान सुरक्षित किया। दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र के पास गत चैंपियन को चुनौती देने के लिए तैयार होने के लिए बहुत सारे विकल्प होंगे, जिसमें दो एकल मैच और एक युगल निर्णायक मैच होगा जो प्रत्येक मुकाबले का परिणाम निर्धारित करेगा।

## सुमित नागल ने डेविड कप खेलने के लिए मांगी मोटी फीस?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआईटीए ने हाल ही में यह भी कहा था कि नागल ने जानबूझकर देश के लिए खेलने से मना किया था। नागल के हटने का परिणाम भी टीम को भुगतना पड़ा क्योंकि भारत स्वीडन के खिलाफ एकल विशेषज्ञ के बिना खेलने उतरा था जिस कारण टीम को 0-4 से हार झेलनी पड़ी।

भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ हाल ही में डेविस कप मुकाबले से हटने का फैसला किया था। हालांकि, इस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है क्योंकि अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने गुरुवार को बड़ा दावा किया है। एआईटीए का कहना है कि नागल ने डेविस कप मुकाबले में खेलने के लिए 50000 यूएस डॉलर (करीब 42 लाख रुपये) की वार्षिक फीस मांगी थी। एआईटीए ने हाल ही में यह भी कहा था कि नागल ने जानबूझकर देश के लिए खेलने से मना किया था। नागल के हटने का परिणाम भी टीम को भुगतना पड़ा क्योंकि भारत स्वीडन के खिलाफ एकल विशेषज्ञ के बिना खेलने उतरा था जिस कारण टीम को 0-4 से हार झेलनी पड़ी। नागल एटीपी 250 हांग्झोउ ओपन में शामिल हुए थे और उन्हें बृहस्पतिवार को खेलना था लेकिन पीठ दर्द के कारण उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया।



एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, मुझे बताएं एक खिलाड़ी को देश के लिए खेलने के लिए पैसे क्यों मांगने चाहिए।

यह एक बड़ा सवाल है। उन्होंने 50,000 यूएस डॉलर की सालाना फीस मांगी थी और कहा था कि अगर उन्हें भुगतान नहीं किया गया तो वह नहीं खेलेंगे। देश को तय करने दें कि यह सही है या नहीं। फिर यह सरकार और सभी का फैसला होगा। खिलाड़ियों को टॉप्स के जरिये भी भुगतान किया जाता है और ऐसा नहीं है कि उन्हें डेविस कप खेलने के लिए भुगतान नहीं किया जाता। उन्हें भुगतान किया जाता है।

### नागल ने रखी अपनी बात

नागल ने एआईटीए के दावे से इनकार नहीं किया और उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान में अपना बचाव किया। इस शीर्ष एकल खिलाड़ी ने खुद का बचाव करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को उनकी सेवाओं के लिए भुगतान किया जाना सामान्य बात है।

उन्होंने कहा, मुआवजे के बारे में मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि पेशेवर खेलों में खिलाड़ियों के लिए यह आम बात है कि उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राशि दी जाती है, भले ही वे अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हों। यह व्यक्तिगत फायदे की बात नहीं है। एआईटीए और डेविस कप कप्तान के साथ मेरी चर्चा गोपनीय है .

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गा पूजा व छठ को लेकर ट्रेनों में सीट फुल

**धनबाद., एजेंसी।** दुर्गा पूजा और छठ को लेकर ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल हो गया है. दुर्गा पूजा में धनबाद से भारी संख्या में लोग वैष्णो देवी, मैहर, विंध्याचल व कामख्या जाते हैं. वहीं छठ में लोग गांव जाते हैं. यही कारण है कि इस रूट की ट्रेनों में सीटों की बुकिंग फुल हो गयी है. दिल्ली, मुंबई समेत अन्य जगहों से आने वाली ट्रेनों में सीट खाली नहीं है. वहीं बिहार के पटना जाने वाली ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल हो गया है. ट्रेनों में कुछ सीटें ही खाली बची हैं. मुजफ्फरपुर जाने वाली ट्रेन में वेटिंग चल रही है. छठ में बहुत लोग देव जाते हैं. इसके लिए अनुग्रह नारायण रोड या डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर उतरना पड़ता है. इन दोनों स्टेशनों पर जाने के लिए ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं है.

दुर्गा पूजा तीन अक्तूबर से शुरू हो रहा है, लेकिन पूजा के पहले और पूजा के बाद तक ट्रेनों में सीट नहीं मिल रही है. वैष्णो देवी के लिए धनबाद होकर जम्मूतवी तक जाने वाली एक नियमित व एक साप्ताहिक ट्रेन है. इसमें अक्तूबर तक सीट मिलनी मुश्किल है. वहीं, मैहर के लिए दो ट्रेन चल रही है. इसमें एक नियमित व एक सप्ताह में तीन दिन चलती है. दोनों ही ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं है.

विंध्याचल जाने के लिए धनबाद से पांच ट्रेनें उपलब्ध हैं. 12321 मुंबई मेल नियमित ट्रेन है. 20975 हावड़ा-आगरा कैंट एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलती है. 12175 चंबल एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन चलती है. 22912 शिप्रा एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन और 12177 चंबल एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलती है. हावड़ा-आगरा कैंट, चंबल एक्सप्रेस, शिप्रा एक्सप्रेस और मुंबई मेल में सीट फुल है. इन ट्रेनों में वेटिंग की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है.

कामाख्या जाने के लिए सिर्फ एक ट्रेन है. वह भी सप्ताह में एक दिन चलती है. इसमें सीट मिलनी मुश्किल होगी. तीन अक्तूबर को ट्रेन में स्लीपर, थर्ड एसी व सेकेंड एसी में वेटिंग है.

सभी ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है. इसके बाद भी अब तक रेलवे की ओर से कोई भी पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा नहीं की गयी है. स्थिति यह कि दीपावली व छठ को लेकर ट्रेनों की सीटें फुल होनी शुरू हो गयी हैं. खास कर लंबी दूरी वाली ट्रेनों में सीट मिलनी मुश्किल है.

### महिला समेत डेंगू के दो नए मरीज मिले

**धनबाद, एजेंसी।** जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. बुधवार को सात डेंगू पॉजिटिव मरीज मिले थे. वहीं गुरुवार को डेंगू के दो नये मरीज मिलने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है. डेंगू पॉजिटिव मिले मरीजों के एक गोविंदपुर की मीना देवी (30 वर्ष) व बादल सिंह (16 वर्ष) शामिल हैं. बुखार से पीड़ित होने के बाद गोविंदपुर निवासी मीना देवी को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. वहीं बादल सिंह ने ओपीडी में इलाज कराया था. चिकित्सकों की सलाह पर एलाइजा जांच के लिए उनका सैंपल माइक्रो बायोलॉजी विभाग भेजा गया था. गुरुवार को दोनों मरीज की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है. इसके बाद स्वास्थ्य विभाग मरीजों के घर व आसपास कंटेनर सर्वे कराने की तैयारी में है.

### पुरुष ने दिया विधवा पेंशन के लिए आवेदन, मुखिया, पंचायत सचिव ने किया फॉरवर्ड

**धनबाद, एजेंसी।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत लगे शिविर में टुंडी में एक पुरुष ने विधवा पेंशन के लिए आवेदन कर दिया. हैरत की बात यह है कि उस आवेदन को संबंधित पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव ने फॉरवर्ड भी कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को टुंडी प्रखंड मुख्यालय में लगे शिविर में हरिपद दत्ता नामक पुरुष ने विधवा पेंशन देने के लिए आवेदन दिया. प्रखंड के अधिकारियों की उपस्थिति में स्थानीय मुखिया रेखा देवी व पंचायत सचिव श्रीपति मरांडी ने हरिपद दत्ता के आवेदन को सही ठहराते हुए विधवा पेंशन के लिए अग्रसारित कर दिया. सूत्रों के अनुसार ऑन द स्पॉट निष्पादन के चक्कर में यह सब हुआ. मामला सार्वजनिक होने के बाद अधिकारियों के होश उड़ गए. आवेदन को फाइल से हटाने में लग गये.

इस मामले में टुंडी के बीडीओ शैलेन्द्र चौरसिया ने कहा कि आवेदक द्वारा फॉर्मेट भरने में गलती हो गई है. आवेदन भर देने से ही पेंशन स्वीकृत नहीं हो जाती है. इसे तत्काल रोक दिया जायेगा. पुरुष को विधवा पेंशन नहीं दिया जायेगा।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आदेश, कदाचारमुक्त संपन्न कराएं जेएसएससी परीक्षा



**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की आगामी 21-22 सितंबर को होने वाली सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने का निर्देश दिया है। गुरुवार को उन्होंने इसे लेकर उच्चस्तरीय बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय से राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता एवं जेएसएससी के अध्यक्ष प्रशांत कुमार तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक जुड़े थे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि परीक्षा के लिए जेएसएससी द्वारा बनाए गए एसओपी का उल्लंघन किसी भी हाल में नही होना चाहिए। ऐसा करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को यह भी निर्देश दिया कि आगामी दो दिनों तक सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास के होटल, लाज, होस्टल, गेस्ट हाउस सहित ठहरने के सभी जगहों पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी किए गए एसओपी की प्रतियां अवश्य चिपकाई जाएं।

इन सभी संस्थानों के मालिक को नियमों की सूचना दी जाए। यह भी बताएं कि किसी भी परीक्षा से संबंधित कोई गलत सूचना या अफवाह उनके संस्थान में रुकने वाले लोगों के स्तर से फैलाई जाती है तो अफवाह फैलाने वालों के साथ-साथ संस्थान के मालिक पर भी कार्रवाई की जाएगी। वे भी कानून के दायरे में आएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित करें। परीक्षा केंद्रों पर डिजिटल गैजेट्स का इस्तेमाल नहीं हो। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा पूर्णतः कार्यरत रहे। परीक्षा केंद्र परिसर के मुख्य गेट पर भी सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं, जिससे गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इंटरनेट मीडिया साइट्स पर भी नजदीकी से मानिटरिंग किए जाने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों के उपायुक्तों से परीक्षा से संबंधित तैयारी की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेपर लीक से संबंधित कोई भी अफवाह या झूठी खबरें इंटरनेट मीडिया के माध्यम से नही फैले। ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखें। परीक्षा को बदनाम करने वालों पर भी त्वरित कड़ी कार्रवाई करें। परीक्षा के नियमों तथा जारी एसओपी का नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई तथा सजा के प्रविधानों का प्रचार-प्रसार अवश्य करें। परीक्षा को बदनाम करने वालों पर पैनी नजर रहे। परीक्षा से संबंधित कोई भी गलत गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई हो।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस परीक्षा में गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं रहे। जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों की इस परीक्षा के संचालन में भूमिका महत्वपूर्ण है। सफल संचालन की जिम्मेदारी अधिकारियों पर है। मुख्यमंत्री ने सभी परीक्षा केंद्रों पर विधि-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती के भी निर्देश दिए।

## स्लीपर कोच में अक्टूबर से दूर होगी वेटिंग की समस्या

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर स्टेशन से चलने और गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में वेंटिंग की समस्या अक्तूबर से दूर होने की उम्मीद है। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने आधा दर्जन ट्रेनों में स्लीपर कोच बढ़ाने का आदेश दिया है। वहीं, बिहार मार्ग (आरा, कटिहार व छपरा) की ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने की योजना है। वहीं, अन्य ट्रेनों में भी क्षमता के अनुरूप कोच बढ़ेंगे। इससे ट्रेनों में सीट की दिक्कत नहीं होगी। दरअसल, रेलवे ने डेढ़-दो वर्ष से लंबी दूरी की ट्रेनों से जनरल व स्लीपर कोच हटाकर थर्ड एसी व इकोनॉमी कोच बढ़ाया है। इससे यात्रियों को स्लीपर कोच में कंफर्म सीट नहीं मिलती है। रेलवे बोर्ड तक लोगों की परेशानी पहुंचने के बाद स्लीपर व जनरल कोच बढ़ाने का आदेश हुआ है। हावड़ा-जगदलपुर एक्सप्रेस एक अक्तूबर, पटना-बिलासपुर साप्ताहिक 8 नवंबर, हावड़ा-मुंबई मेल 15 नवंबर, हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस 22 नवंबर, टाटा-बेंगलुरु एक्सप्रेस 20 दिसंबर, टाटा-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 25 दिसंबर, टाटा-एर्नाकुलम एक्सप्रेस में 28 दिसंबर, टाटा-यशवंतपुर 26 दिसंबर, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस 15 दिसंबर, हावड़ा-हटिया क्रिया योगा एक्सप्रेस 28 दिसंबर, शालीमार-भुज एक्सप्रेस 21 दिसंबर, हावड़ा गीतांजलि एक्सप्रेस 15 दिसंबर और हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस में 22 दिसंबर से स्लीपर व जनरल कोच बढ़ाए जाएंगे। रेलवे प्रावधान के अनुसार, किसी भी श्रेणी का वेटिंग टिकट आरक्षित कोच में मान्य नहीं है। सीट नहीं मिलने से परेशान लोग वेटिंग टिकट लेकर स्लीपर कोच में चढ़ते हैं। इससे दूसरे यात्रियों को दिक्कत होती है।

## चिरकुंडा नप में कचरा उठाव में लगे सभी वाहनों के इंश्योरेंस, टैक्स व फिटनेस फेल



**धनबाद, एजेंसी।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा उठाव तथा कचरा प्रबंधन के लिए अधिकृत एजेंसी पायोनियर प्राइवेट लिमिटेड में चलने वाले वाहनों का कागजात अप टू डेट नहीं है. पायोनियर एजेंसी द्वारा वर्तमान चिरकुंडा नप क्षेत्र से कचरा उठाव के लिए सात छोटे वाहनों तथा एक ट्रैक्टर का उपयोग किया जा रहा है. वर्ष 2018 में पायोनियर कंपनी व नप के बीच हुए एकरारनामा के आधार पर नप द्वारा पायोनियर कंपनी 11 उपलब्ध कराये गये हैं. इसमें वर्तमान में सात वाहन चल रहे हैं, जबकि शेष चार खराब पड़े हैं. इसके अलावा एक ट्रैक्टर भी दिया गया है. उक्त सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन, फिटनेस व इंश्योरेंस जमशेदपुर से कराया गया था. वर्तमान में सभी वाहनों का इंश्योरेंस, रजिस्ट्रेशन तथा फिटनेस आदि फेल हो गया है. रजिस्ट्रेशन 29 जनवरी 2019, फिटनेस 22 जनवरी 2021, कॉमर्शियल टैक्स चार मार्च 2019 तथा इंश्योरेंस आठ नवंबर 2019 को समाप्त हो गया है. ये सभी वाहन बिना इंश्योरेंस, बिना टैक्स तथा फिटनेस के नप में चल रहे हैं. ऐसे में यदि इन वाहनों से सड़क पर कोई दुर्घटना घटती है, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी. इस संबंध में पूछे जाने पर पायोनियर कंपनी के प्रतिनिधि सुरेश कौशिक व पंकज सिंह ने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है.

## संतान की लंबी उम्र के लिए 25 सितंबर को माताएं रखेंगी जीवित्पुत्रिका व्रत

**रांची, एजेंसी।** जितिया यानी जीवित्पुत्रिका व्रत मुख्य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड के कुछ हिस्सों में मनाया जाता है। यह व्रत विशेष रूप से माताएं अपने पुत्रों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए करती हैं। क्षेत्रीय परंपराओं के अनुसार इस व्रत में महिलाएं 24 घंटे या कई बार उससे भी ज्यादा समय के लिए महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं। जितिया व्रत की पूजा का शुभ मुहूर्त 25 सितंबर की सुबह 10:41 बजे से लेकर दोपहर 12:12 मिनट तक है। 24 सितंबर को जितिया व्रत का नहाय खाय रखा जाएगा। वहीं 25 सितंबर को माताएं निर्जला व्रत रखेंगी। इसके बाद 26 को व्रत का पारण किया जाएगा।

देवघर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित नंदकिशोर मुद्गल ने बताया कि मां अपने बच्चों की लंबी उम्र की कामना लिए 24 घंटे से भी ज्यादा निर्जला रखती हैं, जो माता इस व्रत का पालन करती हैं, इस व्रत का फल उनके बच्चे को बुरे स्थिति में बचाता है. साथ ही इस व्रत के प्रभाव से संतान को सुखों की प्राप्ति होती है। नहाए-खाए के



## गिरिडीह में गजराज ने मचाया उत्पात, स्कूल पर बोला हमला, ग्रामीणों को दौड़ाया

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह के बगोदर में गुरुवार की देर रात बगोदर इलाके में झुंड से बिछड़े हाथी के द्वारा लगातार उत्पात मचाया जा रहा है. हाथी के द्वारा चौधरीबांध पंचायत के दो गाँव घोसको और भागलपुर में किसानों के फसलों को रौंद दिया हैं. वही किसानो के बारी का चाहरदिवारी तोड़ दिया है. बता दे कि हाथी गुरुवार की देर रात दोंदलो पंचायत में प्रवेश कर गयी. जहां स्थानीय लोगों ने हाथी को ढोल बजा कर और मशाल जला कर भगाने का प्रयास किया गया. लेकिन हाथी ग्रामीणों को दौड़ाने लगे. जिससे ग्रामीण भाग कर जान बचाने का प्रयास किया. इधर हाथी को ग्रामीणों के द्वारा खदेड़े जाने के बाद चौधरीबांध पंचायत के घोसको और भागलपुर जा पहुंचा. जहां हाथी ने कई किसानों के फसलों को रौंद दिया है. साथ ही उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय घोसको के तीन गेट को तोड़ दिया है. हाथी गाँव के जब्बार अंसारी का बारी चाहरदिवारी तोड़ कर लगे मक्का, भिंडी मडुवा के फसलों को रौंद दिया है. वहीं गांव के साकिर अंसारी का भी बारी का चाहरदिवारी को तोड़ कर तैयार मकई को नस्ट कर दिया है. इसके अलावे खजमुद्दीन अंसारी, जमाल अंसारी के खेतों में लगे मकई को नस्ट कर नुकसान पहुँचाया हैं. इधर पंचायत समिति सदस्य बसारत अंसारी ने बताया कि हाथी के गांव घुसने की सूचना वन विभाग को दी गयी. लेकिन इसके बाद भी वन विभाग गांव पहुँचना मुनासिब नहीं समझा. हाथी को ग्रामीण अपने स्तर से भगाये हैं. लेकिन अभी गांव के जंगल में हाथी डेरा डाले हुए हैं. बता दे कि यह हाथी बीते एक साल बगोदर- सरिया, विष्णुगढ़ इलाके में हैं. जो कि रात में भोजन की तलाश में कई घरों को और किसानों के फसलों को बर्बाद कर देता है।

## आदिवासी युवती की मिली लाश, प्रेमी समेत पांच गिरफ्तार

**धनबाद, एजेंसी।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरियो ग्राम के आदिवासी टोला में 19 वर्षीय आदिवासी युवती पार्वती मुर्मू की लाश बुधवार की रात उसके घर में मिली. पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर युवती के प्रेमी समेत पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया है. गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बरियो पंचायत अंतर्गत बरियो ग्राम के आदिवासी टोला में 19 वर्षीय आदिवासी युवती पार्वती मुर्मू की लाश बुधवार की रात उसके घर में मिली. मृतका के भाई देवचंद मुर्मू के बयान पर तीन लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है. मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती के प्रेमी सगेन मरांडी, तीन नामजद आरोपी अजय मुर्मू, मुकेश किस्कू व प्रकाश मुर्मू के अलावा एक अन्य को गिरफ्तार किया है. बताया जाता है कि मृतका के गले में रस्सी व खरोंच के निशान थे. उसके बाल बिखरे हुए थे. पुलिस के अनुसार मृतका के हाथ की नस कटी हुई थी. इससे कई संदेह उत्पन्न हो रहे हैं. पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है. पुलिस हत्या के कारणों का पता लगा रही है. शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय एक-शंकर कामती व पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे. इसके बाद पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया. गोविंदपुर थाना की पूरी टीम ने रात भर छापेमारी कर युवकों को हिरासत में लिया. उनसे पूछताछ जारी है. बताया जाता है कि घटना के समय युवती घर पर अकेली थी. उसके माता बहामुनी मुर्मू व पिता बाबूजन मुर्मू मजदूरी करने गये थे. इकलौता भाई फुटबॉल मैच देखने गया था. वह घर लौटा, तो उसने बहन को मृत पाया. मृतका की और दो बहनें हैं, उनकी शादी हो चुकी है. डीएसपी ने बताया कि मृतका के निरसा निवासी प्रेमी को भी हिरासत में लिया गया है. मृतका ने उससे कई बार बात की थी. दोनों में शादी की भी बात चल रही थी. बुधवार को मृतका ने उसे कई बार फोन किया, परंतु प्रेमी ने फोन को ब्लॉक कर रखा था. प्रेमी से पूछताछ के बाद इस मामले में नया मोड़ आने की संभावना है. पुलिस के अनुसार मृतका के हाथ की नस कटी हुई थी. बताया जाता है कि उसके घर तीन युवक आये थे. उसके भाई ने संदेह के आधार पर तीनों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

# गृह मंत्री अमित शाह भोगनाडीह में सिदो-कान्हू के वंशजों से करेंगे मुलाकात, देखें मिनट-मिनट का कार्यक्रम

**रांची, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह वीर शहीद सिदो-कान्हू की जन्मस्थली बरहेट विधानसभा क्षेत्र भोगनाडीह शुक्रवार को पहुंचेंगे. वे यहां बीएसएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से पूर्वाह्न 11:50 बजे पहुंचेंगे. उसके बाद सिदो-कान्हू पार्क में स्थित सिदो, कान्हू, फूलो, झानो, चांद, भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करेंगे. उसके बाद सिदो-कान्हू के वंशज परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात कर उन्हें वस्त्र देकर सम्मानित करेंगे तथा उनकी शुभकामनाएं प्राप्त करने के बाद झारखंड के लिए परिवर्तन रथ को रवाना करेंगे.

उसके बाद वे 12:30 बजे बीएसएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से साहिबगंज पुलिस लाइन कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो जायेंगे. हेलीपेड पर उनका स्वागत स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जायेगा. पूरे कार्यक्रम को लेकर बरहेट विधानसभा प्रभारी कुशमाकर तिवारी ने बताया कि 40 मिनट तक गृह मंत्री भोगनाडीह की धरती पर रहेंगे. इसे लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है. बरहेट के कार्यक्रम को लेकर भाजपा की ओर से पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रेणुका मुर्मू भाजपा के पूर्व महामंत्री कुशमाकर तिवारी, साइमन माल्टो तथा गामलिया हेंब्रम को लगाया गया है. भाजपा जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में दो हेलीकॉप्टर से सभी नेता बरहेट प्रखंड के शहीद ग्राम भोगनाडीह पहुंचेंगे. वहां के कार्यक्रम के समापन के बाद दोनों हेलीकॉप्टर से सभी नेता साहिबगंज के कार्यक्रम के लिए रवाना हो जाएंगे. साहिबगंज में 12:55 बजे गृह मंत्री का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन के मैदान में लैंड करेगा. आज आयोजित होने वाले भारत के गृह मंत्री अमित शाह की परिवर्तन रैली कार्यक्रम को लेकर बीएसएफ का हेलीकॉप्टर के द्वारा मॉक ड्रिल कार्यक्रम कराया गया. मॉक ड्रिल के तहत बीएसएफ का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन मैदान उतरा और केवल 10 मिनट रुक कर तुरंत उड़ान भर लिया.



गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को 11:10 पर देवघर एयरपोर्ट पहुंचेंगे. इसके बाद 11:50 में देवघर से भोगनाडी के लिए रवाना होंगे. 12:00 दोपहर भोगनाडी पहुंचने के बाद 15 मिनट तक कार्यक्रम के बाद 12:30 में भोगनाडीह से साहिबगंज हेलीकॉप्टर रवाना होगी जो 12:45 में साहिबगंज पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंच जाएगी. 1:00 बजे से लेकर 1:45 तक अमित शाह संथाल परगना परिवर्तन यात्रा के संबंध में लोगों को संबोधित करेंगे और परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे. सभा होने के बाद 1:55 में पुनः पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंचेंगे जहां से 2:00 बजे उनका हेलीकॉप्टर गिरिडीह के लिए रवाना हो जाएगा।

## आपसी रंजिश को लेकर मारपीट

**केंदुआ, एजेंसी।** बीते बुधवार की रात केंदुआ खटाल में आपसी रंजिश को लेकर मारपीट हुई. इस दौरान दहशत फैलाने के लिए दो राउंड फायरिंग की भी बात बताई जा रही है. मामले में केंदुआ खटाल निवासी अजय यादव ने केंदुआडीह थाना में लिखित शिकायत की है. उन्होंने बताया कि शाम लगभग साढ़े सात बजे उनके पुत्र कौशल से खटाल में ही रहनेवाले मनीष यादव नामक लड़के का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. इसके बाद रात करीब नौ बजे खटाल के नीतीश यादव, मनीष यादव व साहिल यादव (तीनों भाई है) डबला यादव, बीरेंद्र यादव, विकास यादव, गोहना यादव के अलावा आठ-दस अन्य व्यक्ति लाठी, हाकी स्टिक, तलवार लेकर उनके घर में घुस गए और उनके पुत्र कौशल व उन्हें ढूंढने लगे. जब हम पिता-पुत्र घर में नही मिले तो मेरे पिता जीवालाल यादव के साथ मारपीट की. बीच-बचाव करने आयी घर की महिलाओं के साथ भी हाथापाई और अभद्रता की गयी. इसकी सूचना मिलने पर केंदुआडीह पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही नीतीश यादव ने दो-तीन राउंड फायरिंग की और सभी भाग गये. इस दौरान नीतीश यादव ने हत्या की धमकी देते हुए कहा की पहले से मेरे ऊपर आठ-दस केस हैं, एक-दो और होगा, लेकिन तुमलोगो को जान से जरूर मारेंगे. भागने के क्रम में आरोपियों का हथियार यहीं छूट गये, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया. पुलिस बुधवार की रात से आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है।

# झारखंड में बदला मौसम, गर्मी ने बढ़ाई परेशानी: 24-25 सितंबर को हो सकती है बारिश

**रांची, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी में में आए साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से बीते तीन दिन पूरे राज्य में बारिश हुई। लेकिन 24 घंटे में ही मौसम फिर से गर्म हो गया है। झारखंड के अधिकांश जिलों में सुबह से तेज धूप निकल रही है। इस तेज धूप ने राजधानी रांची सहित पूरे स्टेट में अधिकतम तापमान को बढ़ा दिया है। मौसम विभाग का मानना है कि राज्य में मानसून फिलहाल कमजोर पड़ चुका है। हालांकि, आज राज्य के कई हिस्से में हल्की बारिश की बात कही गई है। बीते 24 घंटे में मानसून की गतिविधियां कमजोर रही हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई है। आंकड़े में देखें तो सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में 16.8 एमएम बारिश हुई है।

जबकि सबसे अधिक तापमान की बात करें तो गोड्डा सबसे गर्म जिला रहा। यहां का तापमान 37.3 डिग्री पहुंच गया है। वहीं सबसे कम तापमान रांची जिले का रहा है। आंकड़ों में यहां का न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री है। वहीं मौसम विभाग की माने तो 24 और 25 को बादल छाने



और बारिश के आसार हैं।

**बारिश नहीं, मेघ गर्जन और वज्रपात का अलर्ट:** मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में अभी मानसून की बारिश की उम्मीद फिलहाल नहीं दिख रही है। लोकल डिस्टरबेंस से कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। हालांकि मौसम विभाग ने बारिश की बात तो नहीं कही है पर मेघ गर्जन और वज्रपात को लेकर यलो अलर्ट जरूर जारी किया है। 21 से लेकर 23 सितंबर तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं नजर आ रहा है। 24 और 25 को बादल छाने और बारिश के आसार हैं।

**रांची में 16 फीसदी अधिक बारिश:** इस बार रांची में मानसून काफी बढ़िया रहा है। यहां पर कुल मिलाकर 1158.1 (संभावित 971.2) मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 16 प्रतिशत अधिक है। जिस वजह से रांची के नदी व तालाब लबालब भरे हुए नजर आ रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि राजधानी में काफी अच्छी बारिश हुई है।